# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 222 पृष्ठ 12 रीवा, रविवार 11 मई, 2025 वैशाख शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082 नगर मूल्य 5 रुपए


# पाक ने ढाई घंटे में तोड़ा संघर्ष विराम!

**दोपहर 3.35 बजे:** दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत। हमले बंद करने का फैसला लिया।

**शाम 5 बजे:** भारतीय सेना ने संघर्ष विराम की घोषणा की। पाक उप प्रधानमंत्री ने की पुष्टि।

**शाम 7.30 बजे:** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान ने तेज गोलीबारी की। बारामूला में एक ड्रोन से हमला।

**नई दिल्ली/वाशिंगटन/इस्लामाबाद, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच बीते तीन सप्ताह से जारी सैन्य तनाव और चार दिनों से किए जा रहे हमलों के बीच शनिवार को शाम पांच संघर्ष विराम की खबरें आईं, लेकिन पाकिस्तान को यह शांति ढ़ाई घंटे भी रास नहीं आई। पाकिस्तान ने शाम करीब 7.30 बजे जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से उकसावेभरी गतिविधियां एक बार फिर तेज कर दी हैं। शनिवार रात को पाकिस्तान ने कई इलाकों में संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए भारी गोलाबारी की, वहीं एक संदिग्ध ड्रोन को लेकर कश्मीर के बारामूला जिले में धमाका हुआ है।

जानकारी के अनुसार, अखनूर, राजौरी और आरएसपुरा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान द्वारा तोपखाने से गोलाबारी की गई है। वहीं, बारामुला में एक ड्रोन से अटैक हुआ है। पाकिस्तान ने जम्मू के पलनवाला सेक्टर में भी संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। इन घटनाओं के बाद जम्मू, बारामुला, श्रीनगर के कई इलाकों में ब्लैक आउट कर दिया गया है। इसके अलावा राजस्थान के पोकरण में भारी संख्या में ड्रोन आ रहे हैं। हालांकि, डिफेंस सिस्टम इन्हें नष्ट कर रहा है। राजौरी में भी गोलीबारी की खबरें आ रही है। इससे पहले, युद्धविराम की घोषणा करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि आज दोपहर 3.35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई थी। इसमें फैसला लिया गया था कि शाम 5 बजे से दोनों देश आकाश, जल, और थल पर तत्काल हमले रोक देंगे। मिसरी ने कहा कि 12 मई को दोनों देशों के अधिकारी आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही भारत सरकार की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अब किसी भी आतंकी कार्रवाई को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा और उसी स्तर पर प्रतिक्रिया दी जाएगी। चार दिनों से जारी संघर्ष में अमेरिका ने मध्यस्थता की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे पहले इसकी सूचना दी।




## कल बातचीत!

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा बताया कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई थी। इसमें हमले रोकने पर सहमति बनी। 12 मई को दोनों देश आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। हालांकि ताजा हमलों के बाद इस पर संशय है।

## पाक की पुष्टि!

पाक उप-प्रधानमंत्री इसहाक डार ने भी युद्धविराम की पुष्टि की और कहा कि पाकिस्तान हमेशा से क्षेत्रीय शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन वह संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं करेगा। हालांकि इसके बाद भी पाकिस्तान ने गोलीबारी की।



## लंबी और कठिन रात: अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- एक लंबी और कठिन रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने तत्काल प्रभाव से पूर्ण युद्धविराम पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने सामान्य समझदारी और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया है।



## सेना का ऐलान: अलर्ट रहेगा पूरा पश्चिमी सेक्टर

भारतीय सेना ने पुष्टि की है कि पश्मिी सीमा के सभी सैन्य ठिकानों और बटालियनों को अलर्ट पर रखा गया है। कश्मीर से लेकर राजस्थान तक सीमा चौकियों पर ड्रोन रोधी और मिसाइल रोधी प्रणालियों को सक्रिय किया गया है। भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेसवे को रणनीतिक रूप से सक्रिय किया है और इसे लड़ाकू विमानों की आपात लैंडिंग के लिए तैयार रखा गया है। यह एक्सप्रेसवे अब भारतीय सुरक्षा ढांचे का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

## नागरिकों की भूमिका: सतर्कता और सूचना की अपील

सरकार ने सीमावर्ती जिलों में नागरिकों से सतर्कता बरतने और किसी भी अज्ञात वस्तु की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है। पंजाब और गुजरात में नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिए गए हैं, जो चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। इधर, जम्मू कश्मीर के कई शहरों में बाजार बंद कर दिए गए हैं और लोगों को घरों के निचले हिस्से में रहने को कहा गया है। सुरक्षा अहतियात के तहत कई शहरों में बिजली बंद की गई है और पूरे इलाके में ब्लैक आउट घोषित किया गया है।

## कूटनीति: भारत की स्थिति हुई और मजबूत

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के पीछे बड़ी कूटनीतिक वजह है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर बीते कई दिनों से अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ लगातार बातचीत में शामिल थे। हालिया गोलीबारी के बाद अब पाकिस्तान पर दबाव बनाया जाएगा। उसकी तरफ से संघर्ष विरात तोड़ा गया है। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्थिति मजबूत होगी।







# तहसीलदार जैतवारा की उदासीनता के चलते हजारों की फसल हुई बर्बाद



जागरण, सतना। बिरसिंहपुर निवासी राजेंद्र प्रजापति उम्र 59 वर्ष जिनका खेत पगार कला तहसील जैतवारा के अंतर्गत आता है जिनके खेत का आराजी नंबर 881/1 में जौ की फसल बोई थी। जिस फसल को तहसीलदार परमानंद तिवारी के चलते सही समय पर कटाई न होने के कारण बर्बाद हो गई फसल को आवारा पशुओं द्वारा बर्बाद कर दिया गया क्योंकि तहसीलदार का फरमान था कि फसल को जैसी है वैसी रहने दिया जाए क्योंकि जमीन पर केस चल रहा है। और मशवरा देते हुए यह कहा कि काटना है तो आधी आधी फसल वादी और प्रतिवादी दोनों काट लो जिसके कारण राजेंद्र का पड़ोसी राजेश प्रजापति के द्वारा फसल काटने में अवरोध पैदा किया जा रहा था जिसके चलते इन्होंने तहसीलदार जैतवारा परमानंद तिवारी को आवेदन दिया तब इन्होंने पटवारी पंचनामा के लिए पटवारी को आदेश दिया उसके बाद पटवारी ने पंचनामा आदेश के 10 दिन बाद बनाकर तहसीलदार को अवगत कराया लेकिन तहसीलदार ने पंचनामे को दरकिनार करते हुए राजेंद्र प्रजापति से कुछ लेनदेन कर शर्त मामला सुलझाने की सलाह दी जब उन्होंने यह शर्त मानने से इनकार किया तब तहसीलदार ने आक्रोशित होकर ऑफिस में ही उनसे अभद्र टिप्पणी की और कहा की देख लेता हूं तुम कैसे फसल काट लोगे ऊंची आवाज में अब मैं तुम्हारी फसल काटने नहीं दूंगा तुम नेता बनते हो अपने आप को ज्यादा होशियार समझते हो ऐसे कई बातों का जिक्र करते हुए राजेश प्रजापति को आधी फसल काट लेने को कहा तब राजेंद्र प्रजापति ने कहा कि फसल हमने अपनी आराजी पर बोया है तो राजेश कैसे काट लेगा साहब तब तहसीलदार ने कहा कि बोया तुमने है और कटेगा वही जिसे हम कहेंगे। हजारों की फसल बर्बाद हो गई तहसीलदार परमानंद के चलते राजस्व विभाग के ऐसे अधिकारियों के चलते फसल में आग लग जाए या फसल बर्बाद हो जाए इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता यह साहब तो अधिकारी है इन्हें किसी के नुकसान से क्या मतलब।

## नगर निगम की लोक अदालत में 841 प्रकरण निराकृत




सतना। 10 मई को नगर पालिक निगम सतना में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 841 प्रकरण निराकृत किये गये। जिसमें संपत्तिकर एवं अन्य संलग्न करों की राशि 93 लाख 16 हजार 622 रुपये, राजस्व किराया राशि 2 लाख 94 हजार 267 रुपये एवं जलकर राशि 17 लाख 80 हजार 790 रुपये सहित कुल राशि 1 करोड़ 13 लाख 91 हजार 679 रुपये वसूल की गई।

### 9 लाख 41 हजार की मिली छूट

लोक अदालत दिवस पर बकाया करों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को लगभग राशि 9 लाख 41 हजार 862 रुपये अधिभार छूट का लाभ प्राप्त हुआ। लोक दिवस में प्रकरणों के निराकरण के लिए शेरसिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा कार्यालय में उपस्थित रहकर करदाताओं से सम्पर्क कर जानकारी ली गयी और अधिक से अधिक वसूली हेतु प्रकरणों के निराकरण के लिए जाने हेतु अधिकारी को निर्देशित किया गया। निगमायुक्त ने राशि जमा करने वाले करदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

## कैरियर गाइड के बच्चों ने किया बिरसिंहपुर क्षेत्र में नाम रोशन

जागरण, सतना। पिछले दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में विद्यालय का परिणाम अव्वल रहा। इसमें विद्यालय में सर्वोच्च में वंशिका तिवारी रही जिन्होंने जिले की मेरिट लिस्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया उन्होंने 500 में से 488 अंक प्राप्त 97.6 प्रतिशत लाकर क्षेत्र का गौरव तथा विद्यालय का भी गौरव बढ़ाया। उसके बाद सर्वज्ञ त्रिपाठी 93.6 परसेंट तथा गौरव गौतम 93.6 परसेंट लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर छवि अग्रवाल 91.4 तथा अर्पित मिश्रा 91.4 परसेंट लाकर तृतीय स्थान पर रहे। चतुर्थ स्थान पर 90.4 परसेंट लाकर लक्ष्मी केसरवानी तथा प्रियंका प्रजापति रही। पंचम स्थान पर सोनाक्षी वर्मा 90.2 प्रतिशत हासिल किया ए तथा इसी तरह अर्जित त्रिपाठी ने 90 और श्रेष्ठा द्विवेदी ने 88 अंक हासिल किए। विद्यालय का कुल परिणाम 94ः रहा ए जिसमें 30 बच्चों ने 80 से अधिक नंबर लाए। विद्यालय के हायर सेकेंडरी परिणाम में शरद सोनी 93 परसेंट लाकर पूरे बिरसिंहपुर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर रहे जो की गणित विज्ञान संकाय से हैं। उसी तर्ज पर जीव विज्ञान संकाय से शुभ श्रीवास्तव 86.6 परसेंट लाकर दूसरे स्थान पर रही तथा अंकित विश्वकर्मा 86.2 लाकर यह भी द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर गौरी गुप्ता तथा पीयूष पांडे 86 परसेंट हासिल किया। बता दे कि यह विद्यालय का हायर सेकेंडरी परिणाम में प्रथम परिणाम रहा।

## स्मार्ट सिटी सतना में आपातकालीन संचालन केन्द्र प्रारंभ

सतना। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने स्मार्ट सिटी सतना में आपातकालीन संचालन केन्द्र स्थापित किया है। सतना जिले में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान प्रतिक्रिया, कमांड, कंट्रोल तथा समन्वय की कार्यवाहियों के लिए स्मार्ट सिटी सतना के अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर को आपातकालीन संचालन केन्द्र बनाया गया है।

# ज्ञान गंगा स्कूल के छात्रों ने रचा कीर्तिमान



जागरण, सतना। रामपुर बाघेलान में पिछले 29 वर्षों से संचालित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यालय ज्ञान गंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बाघेलान के छात्र छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा बच्चो को विद्यालय बुलाकर मुंह मीठा कराया गया जिसमें से कक्षा 10वीं की छात्रा सानिया कुशवाहा 96.2 प्रतिशत निधि साहू 95.6 प्रतिशत महेंद्र विश्वकर्मा 90.8 शिवराज नामदेव 90.4 अमन पांडेय 90 आलोक पांडेय 89.4 वर्षा त्रिपाठी 88 लकी यादव 87.8 सुमित रजक 85.6 गौरीशा त्रिपाठी 83 अभय द्विवेदी 81.4 वही कक्षा 12वीं की छात्रा श्रुति गुप्ता 84.6 शिखा मिश्रा 83.2 प्रतीक्षा द्विवेदी 82.2 अंचल नामदेव 80.4 अंक अर्जित कर अपने साथ साथ अभिभावक व विद्यालय का नाम रोशन किया है इस अवसर पर विद्यालय के संचालक राकेश त्रिपाठी विद्यालय सहायक मुनिराज पांडेय लक्ष्मीकांत मिश्रा प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा अभिभावक रमेश त्रिपाठी डॉक्टर अजय त्रिपाठी राकेश गौतम अजय गुप्ता ब्रजेश त्रिपाठी मयंक सिंह बघेल शिक्षक भरत प्रताप सिंह विकल्प त्रिपाठी विनोद भट्ट वरुण पांडेय प्रमोद पांडेय नीरज त्रिपाठी धर्मेंद्र जायसवाल वागीश तिवारी शिक्षिकाएं तस्लीमुन निशा पूनम पांडेय छाया गौतम माधुरी त्रिपाठी वैष्णवी त्रिपाठी शालिनी मिश्रा रक्षा मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

## ग्रामोदय भारतीय सैनिकों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करेगा

सतना। देश की रक्षा में संलग्न अध्ययनरत भारतीय सेना के जवानों के लिये महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने एक सराहनीय पहल की है। विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि जो सैनिक 15 से 31 मई 2025 आयोजित दूरवर्ती मोड की परीक्षा में भाग नहीं ले पाएंगेए उनके लिए विशेष परीक्षा का आयोजन बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के किया जायेगा। इस आशय की जानकारी कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा श्भारतीय सेना के जवानों का जीवन मातृभूमि की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित होता है। ष्ऑपरेशन सिंदूरष् भारतीय सेना की अदम्य वीरता रणनीतिक कौशल और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। वीर जवानों ने न सिर्फ हमारे देश के सीमाओं की रक्षा कर रहें हैंए बल्कि हर भारतीय के मन में गर्व और आत्मविश्वास को प्रबल किया है।

# लघु उद्योग भारती सतना इकाई का पुनर्गठन, नई कार्यकारिणी घोषित



जागरण, सतना। उद्योग हित राष्ट्र हित के ध्येय वाक्य के साथ कार्यरत लघु उद्योग भारती भारत में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के संरक्षण प्रोत्साहन और स्वदेशी औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अभिन्न सहयोगी है और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार कर रहा है। इसी क्रम में सतना इकाई का पुनर्गठन शाइन गार्डन रीवा रोड में आयोजित बैठक में किया गया इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के संभागीय सचिव हरि सिंह भदौरिया तथा मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन माहेश्वरी रहे स जबकि संभाग कार्यकारिणी सदस्य लघु उद्योग भारती मुकेश रत्नानी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्यम केसरवानी ने किया। नई कार्यकारिणी की घोषणा संभागीय सचिव हरि सिंह भदौरिया ने की स नीतेश बड़ेरिया को अध्यक्षए शोभित अग्रवाल को सचिवए तुषार पटेल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया नगर में उत्कृष्ट प्रदर्शन



जागरण, सतना। सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान के कक्षा द्वादश का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.5 रहा जिसमें से 85.7 प्रतिशत प्रथम श्रेणी व 14.3 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रत्यूष वर्मा ने अपनी कक्षा में 92.8 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक अंक अर्जित किया। दशम का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.3 रहा जिसमें से प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण प्रतिशत 73.3 व द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण प्रतिशत 26.7 रहा। प्रियांशु शुक्ला ने 94 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित किया। इसके साथ कक्षा द्वादश में उत्कृष्ट करने वालों का प्रतिशत क्रमशः हर्षित मिश्रा 90 अर्पिता निगम 88.4 शिवानी साहू 87 शिवम् बुनकर 86.8 देवेंद्र गुप्ता 86.8 पूर्.िमा सिंह तिवारी 84.4 दीपांश सिंह 83.8 अनन्या पांडे 81.8 किशन सिंह 81.8 प्रज्ञा शुक्ला 81 गोविंदराज अवधिया 80.2 रीतू सिंह 80 पार्वती नामदेव 79 श्रुति शुक्ला 76.2 व पृथ्वीराज चौधरी ने 75 प्रतिशत अंक अर्जित किया। इनके अतिरिक्त कक्षा दशम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्रमशः प्रीति पा.डेय 93.2 हर्षित त्रिपाठी 92.8 अनुकल्प निगम 90.4 आयुषी सिंह 88.4 शिवी त्रिपाठी 83.6 अनुजा गौतम 83.4 द्रौपदी सिंह 83.4 मनीषा द्विवेदी 82.2 व देवांश त्रिपाठी ने 80.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी भैया बहनों को विद्यालय प्रबन्धकार्यकरिणी आचार्य परिवार एवं पूर्व छात्र परिषद ने मिठाई खिलाकर बधाइयां देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

# पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल पाला में चल रहा है समर कैंप का आयोजन



जागरण, अमदरा। मैहर जिले के सभागंज संकुल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल पाला में इन दिनों प्रातः है 8 बजे से 11 बजे तक कक्षा तीन से दसवीं तक के बच्चों के लिए समर कैंप की गतिविधियों का आयोजन चल रहा है लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के निर्देशानुसार विद्यालयों में समर कैंप के अंतर्गत दिए गए मॉड्यूल के अनुसार प्रार्थना सभा, ध्यान चित्रकला ,सृजनात्मक लेखन , थिएटर की गतिविधियां इंग्लिश स्पीकिंग तथा शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन, खेलकूद , स्वल्पाहार आदि का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है सविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हुए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए निवेदन किया है।

## एकेएस के फूड टेक्नोलॉजी के पांच विद्यार्थियों को मिला बड़ा कार्य अवसर

सतना। सुमिन्तर इंडिया ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में बीटेक फूड टेक्नोलॉजी 2025 बैच के पांच पास आउट विद्यार्थियों का चयन हुआ है। दीपेंद्र त्रिपाठी, अंशु गौतम, श्रद्धा सतनामी, दीपक शर्मा, यशस्वी कदम को कैंपस चयन भविष्य में प्रमोशन के कई अवसरों के साथ हुआ है। एकेएस विश्वविद्यालय के बी टेक फूड टेक्नोलॉजी के पांच विद्यार्थियों में दीपेंद्र त्रिपाठी अंशु गौतम श्रद्धा सतनामी दीपक शर्मा यशस्वी कदम का कैंपस चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के बाद हुआ है इन्हें पीथमपुर, इंदौर लोकेशन का सिलेक्शन मिला है। बतौर क्वालिटी ट्रेनी एग्जीक्यूटिव इन्हें सिलेक्ट किया गया है। गुणवत्ता जांच हेतु हुए इन पदों के सिलेक्शन के बाद कार्यकारी पद का विवरण देते हुए बालेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण की देखरेख करनाए गुणवत्ता प्रणालियों को लागू करना, और उद्योग मानकों के अनुपालन का प्रबंधन करना इनका प्रमुख कार्य रहेगा।कंपनी में चयनित होने पर स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने कहा कि कड़ी मेहनत, समर्पण और एकेएस यूनिवर्सिटी में दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। हमें आपकी सफलता पर गर्व है और हम आप सभी को उद्योग में उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

## सिमरन पब्लिक स्कूल अमरपाटन का बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम

सतना। सिमरन पब्लिक हाई स्कूल अमरपाटन का माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित दसवीं पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जहां हाई स्कूल परीक्षा मे विद्यालय में प्रथम स्थान अभिषेक द्विवेदी 94 प्रतिशत द्वितीय स्थान शुभी चतुर्वेदी एवं आयुषी शुक्ला 85 तथा तृतीय स्थान भक्ति शर्मा 82 अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने माता पिता व परिवार को गौरवान्वित किया साथ ही राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्रांजल साहू 83 द्वितीय स्थान राधिका शर्मा 77 एवं आनंद कुमार पटेल 75 प्रतिशत अंक अर्जित किया साथ ही कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान आराध्या शुक्ला 83 द्वितीय स्थान अंशिका सिंह पटेल 80 एवं तृतीय स्थान दिसना पाण्डेय 77 अंक अर्जित कर विद्यालयए माता पिता एवं परिवार जनों का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया सभी छात्र छात्रों की लगन व मेहनत के परिणाम की सराहना करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर हरभजन सिंह सरनाए डिप्टी डायरेक्टर अजीत सिंह सरनाए रश्मि सरना एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी प्रधानाध्यापक योगेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट सफलता के लिए बधाई देते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की एवं बताया कि यह सफलता विद्यालय के उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं शिक्षक के अथक प्रयास का परिणाम है।

## स्थगन आदेश का पालन कराने जन सुनवाई में न्याय की लगाई आस

जागरण, उचेहरा। ग्राम पंचायत मतरी पतौरा निवासी सविता सिंगरौल पत्नी जीतू सिंगरौल ने 6 मई को कलेक्टर की जन सुनवाई मे लिखित आवेदन देते कहा कि अनावेदक गण भूपराज पिता कमलेश्वर सिंहएअतुल सिंह द्वारा मेरी निजी जमीन जिसका आराजी नम्बर 247/1है तथा उक्त जमीन का रकवा 1.45 हे0 है उस जमीन मे गेंहूं लगाया गया था जिसको अनावेदक गणो द्वारा गेहूं को जबर जस्ती काट ट्रेक्टर में खटिया रख ले गये और कुंआ में लगे मोटर पम्प को भी नुकसान पहुँचाने की बात प्रार्थिया द्वारा कही जा रही है ए इस बिंदु की जांच करने की मांग की करते कहा कि अनावेदक गणो द्वारा हमारी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है ।

# माधवनगर पुलिस बोली अपराध किया तो खैर नहीं




जागरण, कटनी। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिजीत कुमार रंजन ;भा0पु0से0द्ध द्वारा थाना क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों को थाना बुलाकर पूछताछ और समझाइस कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिनके आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरियाए नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधव नगर निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गुण्डा निगरानी बदमाशों को चैक किया गया और गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की परेड ली गई। आज सुबह सभी गुण्डा निगरानी बदमाशों को थाना बुलाकर कड़े लहजे में समझाया गया यदि अपराध किया तो ऐसा केस बनेगा कि ज़मानत नहीं होगी और अफ़सोस होगा कि अपराध क्यों किया इसलिए अपराध करने से बाज आएँ। थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश 1 गुड्डन उर्फ सतीश पिता सवाल दास कोतवाली उमर 31 साल निवासी हॉस्पिटल लाइन 2 आकाश उर्फ बेला पिता कालूराम बजाज उमर 24 साल निवासी रॉबर्ट लाइन 3 मोहित पिता विनोद धामीचा उमर 24 साल निवासी रॉबर्ट लाइन देश भंडार के मकान के पीछे 4 घीसुलू पिता सोनेलाल कल उमर 33 साल निवासी निवार सरकारी अस्पताल के पास 5 मनीराम पिता पांडू राम वर्मा उम्र 42 साल निवासी निवार मुहर मोहल्ला 6 रमेश उर्फ लल्लू पिता गुलाब वंश का उम्र 36 साल निवासी बांग्ला लाइन हरिजन बस्ती 7 राजेश पिता गुलाब बसर उमर 40 साल निवासी बांग्ला लाइन पीएम दाल मिल के पास 8 ओम प्रकाश उर्फ टकला पिता राममिलन बर्मन उमर 41 साल निवासी संजय नगर टेंट हाउस के पास एवं गुंडा बदमाशों में 1 मनोज ठाकुर पिता सरदार सिंह ठाकुर उम्र 32 साल निवासी ढपाई 2ण् मुकेश उर्फ मुकी पिता दाता राम यादव उम्र 34 साल निवासी अमीरगंज माही माता के पास 3ण् अशोक यादव पिता रोहतास यादव उमर 39 साल निवासी अमीरगंज माहिर माता के पास 4 पूरन ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर उमर 31 साल निवासी संजय नगर 5ण् संतोष प्रकाश पिता शिवकुमार यादव उम्र 31 साल निवासी अमीर गंज फाटक के पास 6ण् महेश खत्री पिता तीरथ खत्री उम्र 25 साल निवासी कुमार मोहल्ला 7 हर्ष उर्फ बेटू पिता दशरथ यादव उम्र 25 साल निवासी अमीर गंज माधव नगर तलाई तालाब के पास को चेक किया गया है।

## अमदरा के सरकारी स्कूल का परीक्षा परिणाम अव्वल





अमदरा । अमर शहीद वीर श्री शंकर प्रसाद पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमदरा में कक्षा 10वीं में नूही अली 94 प्रतिशत कार्तिक पटेल . 91.8 सौरभ सोनी 89 आरिफा बी . 88.40 अंशिका दुबे 87.40 प्रतिशत अर्जित कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया प्राचार्य पवन यादव एवं समस्त शिक्षक स्टाफ सभी छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी है।

# कैमोर डीएवीएसीसी के छात्र ने माता-पिता को गौरवान्वित किया

## पत्रकार के पुत्र ने नाम रोशन किया गौरवान्वित हुआ जिला

कटनी। कैमोर निवासी शौर्य सिंह पिता संतशरण सिंह पत्रकार कक्षा दसवीं में अध्यनरत डी ए वी ए सी सी पब्लिक में भारतीय मानक ब्यूरो के ऑनलाइन एग्जाम के दौरान मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान नेशनल स्टैंडर्ड बॉडी ऑफ़ इंडिया में तीसरा स्थान प्राप्त किया भारतीय मानक ब्यूरो ;ठप्ैद्ध भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है जो उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ताए सुरक्षा और दक्षता मानकों को स्थापित करता हैण् यह उपभोक्ता मामलोंए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयए भारत सरकार के तत्वावधान में कार्य करता हैण् ठप्ै का मुख्य कार्य मानकों का विकासए अनुरूपता मूल्यांकनए और गुणवत्ता प्रमाणन है। विजयराघवगढ़ध् कैमोर औद्योगिक नगरी एसीसी सीमेंट प्लांट अंतर्गत संचालित डीएण्वी एण् एसीण् सी पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य सिंह ने अपने पिता संतशरण सिंह माता राखी सिंह ने नेशनल रैंक मे तीसरा स्थान मध्यप्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर भारतीय मानक ब्यूरो ;बीआईएसद्धने सम्मानित किया शौर्य सिंह के पिता कैमोर पत्रकार संतशरण सिंह तथा माता राखी सिंह पुत्र ने एसीसी सीमेंट प्लांट अडानी फाउंडेशन की शाखा डीएवी स्कूल से बेहतरीन शिक्षा प्राप्त कर सभी का नाम रोशन किया। शौर्य सिंह की लगन और शिक्षा के प्रति लगाव की बजह से मिली कामयाबी के लिए सभी हितैसी शुभचिंतकों ने ढेरो बधाई देते हुए कहा की उज्जवल भविष्य के साथ माता.पिता का नाम रोशन करने वाले शौर्य सिंह आज मिशाल बन चुके हैं। लोगों की दुआएं और आशीर्वाद बधाई के रूप में मिल रहा है।



**कार्यालय नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र.**

क्रमांक /क्यू / न.प./2025 बिरसिंहपुर दिनांक 09 .05.2025

नामान्तरण/(हस्तान्तरण) हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार नामान्तरण / हकान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

| हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तरण ग्रहिता का नाम | वार्ड क्रमांक | रकवा | नामान्तरण का आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| श्री रामसखा प्रजापति | 1. अशोक कुमार प्रजापति 2. दिवाकर प्रजापति | 06 | 14×26 | सहमत पत्र शपथ के आधार पर |

इस संबंध में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रमाण सहित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों में कोई भी विचार नही किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बिरसिंहपुर**
**जिला सतना म.प्र.**

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 अंक 222 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 11 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com







**73** फीसदी भारतीय महिलाएं मां बनने के बाद नौकरी छोड़ देती हैं।



**50** प्रतिशत महिलाएं बच्चों की देखभाल के लिए 30 साल की उम्र में इस्तीफा देती हैं।



**1.3** करोड़ है भारत में सिंगल मदर्स की संख्या यूएन वूमेन रिपोर्ट के अनुसार



**2.1** करोड़ माताओं ने स्थायी तौर पर नौकरी छोड़ दी वर्ष 2017 से 2022 के बीच।



**46** फीसदी थी, 2017 में अर्थ-व्यवस्था में मौजूदगी जो 2022 में 40 फीसदी बची।

### महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच हुआ एमओयू, दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किए हस्ताक्षर

# भूजल भंडारण का नया अध्याय लिखेगी ताप्ती बेसिन परियोजना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र के साथ शनिवार को ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने इस पर हस्ताक्षर कर दिए।

राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजना पर साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि आज बहुत ऐतिहासिक दिवस है। बहुत दिनों से परियोजना संकल्पित थी। आज सहमति के साथ दोनों राज्यों ने हस्ताक्षर किए। अंतर-राज्यीय बैठक 25 साल बाद हुई। मैं सीएम डॉ.मोहन यादव के आभार व्यक्त करता हूं, क्योंकि इसमें उन्होंने रुचि दिखाई। यह परियोजना दुनिया के लिए अजूबा होगी। इससे रिचार्ज की क्षमता बढ़ेगी। ऐसा लगता है, जैसे कोई गुप्त नदी बहकर आती हो। इस परियोजना से मध्यप्रदेश की 1.31 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। महाराष्ट्र में 2.34 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। महाराष्ट्र में सॉल्ट वाटर क्षेत्र का कंपोजिशन बदलेगा। यह सब जीवन और अर्थव्यवस्था को बदलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस परियोजना को केंद्रीय स्कीम की तरह लिया है।




### महाराष्ट्र के साथ नए अध्याय की शुरुआत

इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि महाराष्ट्र के साथ नए अध्याय की शुरुआत हुई है। यह योजना 2 राज्यों को जोड़ने वाली है। इससे राष्ट्रीय हित भी पूरे होंगे। इसलिए इसमें केंद्र की ओर से 90 फीसदी सहायत मिलेगी। उन्होंने कहा- हमारे वन क्षेत्र में बर्फ का पहाड़ा नहीं है, लेकिन जल राशि नदियों के तौर पर मौजूद है। 25 साल से यह झगड़ा था कि पानी हमारा है या उनका। अब यह खत्म हो गया है। योजना के के माध्यम से कई जिलों को लाभ मिलेगा। पीने के पानी, सिंचाई, बिजली जैसे कई फायदें होंगे। केन बेतवा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बहुत प्रयास किया। इससे बुंदेलखंड को काफी लाभ मिलेगा। ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना अद्वितीय है। भूजल 800 से 1000 फीट नीचे चला गया। अब पूरे निमाड़ के लिए योजना जीवन रेखा साबित होगा। भूजल रिचार्ज के साथ अन्य फायदे होंगे।

### फड़नवीस के साथ बैठक में इन विषयों पर चर्चा

सीएम ने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के साथ बैठक में कई विषयों पर सहमति बनी है। दोनों राज्य देश के गौरवशाली इतिहास का डिजिटिलाइजेशन करेंगे। दोनों राज्यों में मौजूद ज्योतिर्लिंग को जोड़ा जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को लाभ मिलेगा। सीएम ने बताया कि दोनों प्रदेशों के शहरों को जोड़ने का काम भी होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाराष्ट्र का एमपी से पुराना रिश्ता है। इसे हम और मजबूत बनाते रहेंगे, ताकि हमारा देश विकसित और आर्थिक दृष्टि से मजबूत होकर दुनिया में एक अलग पहचान बनाए।

### महाराष्ट्र में केला व मप्र में आम महोत्सव होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां बुरहानपुर में केला महोत्सव होता है, वहीं महाराष्ट्र के रत्नागिरी में आम महोत्सव का प्रचलन है। इन दोनों महोत्सवों को जोड़कर पर्यटन और उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकता है। दोनों राज्य सरकारें केला और आम महोत्सव के लिए मिलकर काम करेंगी।

## समय से 4 दिन पहले 27 को केरल आएगा मानसून

### मौसम विभाग ने बताया, सामान्य से ज्यादा होगी बारिश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंचेगा। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

मौसम विभाग ने बताया कि 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। इस बार 4 जुलाई को मानसून पूरे देश में फैल जाएगा। विभाग ने बताया कि जून से सितंबर के दौरान सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। 4 महीने के दौरान 105 फीसदी बारिश हो सकती है। आमतौर पर 96 से 104 फीसदी बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 फीसदी से कम बारिश को सामान्य से बहुत कम, 90 से 95 फीसदी के बीच सामान्य से



कम, 104 से 110 फीसदी के बीच सामान्य से ज्यादा और 110 फीसदी से ज्यादा बारिश बहुत ज्यादा माना जाता है।

मौसम विभाग ने कहा कि 13 मई के आसपास मानसून के अंडमान और निकोबार, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की बहुत संभावना है। हालांकि, भारत में मानसून सीजन के आने की आधिकारिक घोषणा इसके केरल पहुंचने पर ही की जाती है। बता दें कि भारत में कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बहुत जरूरी है। देश की लगभग 42.3 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है और यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 18.2 फीसदी का योगदान देता है। मानसून की बारिश पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए भी जरूरी है।

### अब सही निकलने लगा अनुमान

2004 तक भारत में मौसम की भविष्यवाणी 40 प्रतिशत तक सही निकलती थी। अब यह अनुपात 90 प्रतिशत से ऊपर हो गया है। लेकिन अगर पिछले 5 साल के आंकड़ों को देखें तो मानसून सीजन में बारिश को लेकर मौसम विभाग और प्राइवेट एजेंसी स्काईमेट का अनुमान लगभग सही रहा है। 2024 में मानसून सीजन में 108 फीसदी बारिश हुई थी, जबकि मौसम विभाग ने 106 और स्काईमेट ने 102 फीसदी बारिश का अनुमान जताया था। 2023 में 94 फीसदी बारिश हुई थी, जबकि मौसम विभाग ने 96 और स्काईमेट ने 94 फीसदी बारिश का अनुमान जताया था। इससे पहले 2022 में 106 फीसदी बारिश हुई थी। तब दोनों एजेंसियों का अनुमान सही निकला था।

**ऑफ बीट**

### 3.55 लाख के लॉलीपॉप 10 लाख रुपए में बिके



*अमेरिका के केंटकी में लाफेवर्स नामक एक महिला के साथ अजीबोगरीब घटना हुई। एक दिन उसके घर डम-डम लॉलीपॉप के 30 डिब्बे डिलीवर किए गए, जो उसके 8 वर्षीय बेटे लियाम ने मंगवाए थे। बेटे द्वारा मां के फोन से की गई इस खरीदारी की कुल कीमत 3.55 लाख रुपए थी। दरअसल, लियाम एक गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। उसने लॉलीपॉप के डिब्बे अपने दोस्तों को गिफ्ट करने के लिए मंगवाए थे। जब मां को पता चला कि बच्चे की खरीदारी के बदले में उसे ३.५५ लाख रुपए चुकाने हैं, तो उसने सामान की वापसी के लिए ई-कॉमर्स कंपनी से संपर्क किया लेकिन कंपनी इसके लिए तैयार नहीं हुई। मां ने सोशल मीडिया पर इस बारे में लिखा। जब लोगों को पता चला कि बीमार बच्चे ने दोस्तों को बांटने के लिए लॉलीपॉप खरीदे थे, तो वे उसकी भावना के वशीभूत हो गए। कई उन्हें खरीदने के लियाम के घर पहुंच गए। लियाम की मां को इनके बदले में 10 लाख रुपए मिले।*

### जस्टिस सूर्यकांत नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत को राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। यह नियुक्ति 14 मई 2025 से प्रभावी होगी। परंपरा के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सीनियर जज को नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया ही जाता है। वर्तमान में नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवई हैं, जो 13 मई को सीजेआई संजीव खन्ना के रिटायरमेंट के बाद 14 मई को सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। फिलहाल जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट विधिक सेवा समिति के चेयरमैन हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश नालसा के संरक्षक एवं प्रमुख होते है।



## बिजली कंपनी का इंजीनियर निकला 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का आसामी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** कटनी में पदस्थ मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर उमाशंकर पाराशर के नरसिंहपुर स्थित ठिकानों पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शनिवार को छापे मारे। उसके खिलाफ मिली लिखित शिकायत की जांच के लिए ईओडब्ल्यू की जबलपुर यूनिट ने नरसिंहपुर स्थित मकान और फैक्टरी पर रेड की थी। शनिवार को पाराशर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नरसिंहपुर और ग्राम-बिनैर निवारी तहसील-करेली जिला नरसिंहपुर स्थित



फैक्टरी पर छानबीन के दौरान लगभग 5 करोड़ 50 लाख की प्रॉपर्टी की प्रारंभिक जानकारी ईओडब्ल्यू को मिली है। ईओडब्ल्यू के अनुसार फिलहाल जांच जारी है और यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। फिलहाल इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13, (1) (बी) और 13(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। इसके साथ ही छापे और इस दौरान मिली आय से अधिक संपत्ति की जानकारी मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी और प्रदेश के ऊर्जा विभाग को भी दी गई है।

## छिंदवाड़ा में दो बाइकों की टक्कर से पांच की मौत

**जागरण, छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा के चौरई रोड स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर रात 12 बजे दो बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल लाया गया जहां इन्होंने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हादसे के दौरान बाइक सवार दूर जा गिरे। मृतकों में दो युवक एक ही परिवार के हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही युवकों के परिजन अमरवाड़ा



अस्पताल पहुंच गए। एएसपी आयुष गुप्ता ने बताया कि परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण घायल नहीं बचे।


### इंदौर में विश्व की सबसे ऊंची स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगेगी

**जागरण, इंदौर।** सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊंची (52 फीट) प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह भव्य प्रतिमा स्वामीजी की शिक्षा और दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से इंदौर यह ऐतिहासिक पहल कर रहा है। प्रतिमा स्थापित करने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर शहर के सभी जनप्रतिनिधि सहित लोग उपस्थित होंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि यह प्रतिमा न केवल युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराएगी, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगी। स्वामीजी के आदर्श आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और यह स्मारक उनके विचारों को स्थायी रूप देगा।

**इंटरनेट टेलीपोर्टेशन** | क्वांटम कंप्यूटर एकीकृत करने की दिशा में बड़ी छलांग

# साइबर सुरक्षा का नया युग, डेटा नहीं होगा हैक!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाल ही में नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने एक फाइबर ऑप्टिक केबल के माध्यम से, जो पहले से ही इंटरनेट ट्रैफिक ले जा रहा था, क्वांटम टेलीपोर्टेशन को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। इस प्रयोग में लगभग 18 मील (लगभग 30 किलोमीटर) की दूरी पर एक कण की क्वांटम अवस्था को टेलीपोर्ट किया गया। इसके अलावा, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने भी दो स्वतंत्र क्वांटम प्रोसेसरों को फोटोनिक नेटवर्क इंटरफेस के माध्यम से जोड़ा, जिससे एक एकीकृत क्वांटम कंप्यूटर का निर्माण हुआ। इस प्रयोग में उन्होंने दो मीटर की दूरी पर स्थित प्रोसेसरों के बीच एक दो-क्यूबिट क्वांटम गेट को टेलीपोर्ट किया। ये प्रयोग क्वांटम संचार और कंप्यूटिंग के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।



### प्रयोगों की खासियत

**सुरक्षित संचार:** क्वांटम टेलीपोर्टेशन के माध्यम से डेटा ट्रांसफर को हैक करना लगभग असंभव हो जाता है, क्योंकि क्वांटम स्थिति को मापने से वह बदल जाती है।

**क्वांटम इंटरनेट की दिशा में कदम:** इन प्रयोगों से यह सिद्ध होता है कि मौजूदा इंटरनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके क्वांटम संचार संभव है।

**क्वांटम कंप्यूटिंग में स्केलेबिलिटी:** ऑक्सफोर्ड का प्रयोग दिखाता है कि कैसे छोटे-छोटे क्वांटम मॉड्यूल्स को जोड़कर एक बड़ा और शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटर बनाया जा सकता है।

### क्या है क्वांटम टेलीपोर्टेशन

क्वांटम टेलीपोर्टेशन एक प्रक्रिया है जिसमें एक कण की क्वांटम अवस्था को बिना उसे भौतिक रूप से स्थानांतरित किए, दूसरे स्थान पर पुनः निर्मित किया जाता है। यह प्रक्रिया तीन मुख्य चरणों पर आधारित होती है।

1. **क्वांटम इनटैंगलमेंट:** दो कणों को इस प्रकार जोड़ा जाता है कि एक की स्थिति दूसरे पर तुरंत प्रभाव डाल सके।
2. **क्लासिकल कम्युनिकेशन:** पहले कण की माप की जानकारी को पारंपरिक संचार माध्यम से दूसरे कण तक भेजा जाता है।
3. **क्वांटम मापन:** दूसरे कण पर प्राप्त जानकारी के आधार पर उसकी अवस्था को पहले कण की अवस्था में बदला जाता है।

इस प्रक्रिया में, भौतिक वस्तु नहीं, बल्कि उसकी क्वांटम जानकारी स्थानांतरित होती है।




# पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में बनेगा ईको सेंसिटिव जोन

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में हुई मॉनीटरिंग समिति की प्रथम बैठक

जागरण, छतरपुर



कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में मडला स्थित कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाइगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई। भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 5 जून 2024 को इसकी अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके लिए गठित समिति के अध्यक्ष एवं संभागायुक्त डॉ. रावत सहित, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल, पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक के दौरान ईको सेंसिटिव जोन के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई। बैठक में पन्ना जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर, सहायक संचालक हरमन त्रिपाठी सहित केन-बेतवा लिंक अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ. रावत ने ईको सेंसिटिव जोन का नोटिफिकेशन जारी होने के उपरांत आयोजित मॉनिटरिंग कमेटी की प्रथम बैठक में कहा कि निर्धारित कार्य योजनानुसार ईएसजेड के लिए आगामी कार्यवाही की जाए। इसमें पन्ना, छतरपुर एवं दमोह जिले के 67 ग्रामों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप अनुसार आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने व 2026 तक जोनल मास्टर प्लॉन तैयार करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मॉनीटरिंग कमेटी के माध्यम से विभिन्न मुद्दों के निराकरण और प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सेंसिटिव जोन के संबंध में जारी निर्देशों के तहत तीन प्रकार के उपाय किए जाना हैं, जिसके तहत पूर्णतः प्रतिबंधित, नियंत्रित और ब?ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दौरान ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नवीन उद्योग स्थापना पर भी रोक रहेगी। नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल व रिसोर्ट संचालित होंगे। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को ब?ावा मिलेगा। इसमें रैन वॉटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं पौधरोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। बैठक में नेशनल पार्क की क्षेत्र संचालक द्वारा ईको सेंसिटिव जोन के बारे में जनजागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लॉन की आवश्यकता तथा विभिन्न प्रस्तावित जरूरी कार्यों व आवेदनों के निराकरण सहित समिति में विशेषज्ञों की नियुक्ति के संबंध में अवगत कराया गया। केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रस्तावित जोन के दृष्टिगत निर्धारित एसओपी का पालन कर इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों को भी अवरूद्ध किए बगैर समन्वय से जरूरी कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद द्वारा बैठक एजेण्डा और ईको सेंसिटिव जोन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

## पत्नी की हत्या प्रकरण के वारंटी अभियुक्त को किया न्यायालय पेश

**छतरपुर।** वर्ष 2000 में जिला सतना में पत्नी की हत्या के वारंटी को न्यायालय पेश हेतु माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वारंट जारी किया गया था। वारंटी जिला छतरपुर का रहने वाला है, न्यायालय पेश हेतु छतरपुर पुलिस को निर्देशित किया गया था। छतरपुर महिला थाना पुलिस द्वारा जिला सतना के हत्या के अपराध के वारंटी उमेश नवेरिया पिता तुलसीदास नवेरिया निवासी चैतगिरी कॉलोनी सर्किट हाउस के पास छतरपुर को अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त को विधिवत माननीय उच्च न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता बिंदुआ उप निरीक्षक संतोष सिंह महिला हिना,नीता, जीतू, रोहित साहू, महेश की भूमिका रही।

## लोडर सहित 50 वाहनों पर की गई 40000 से अधिक की चालानी कार्यवाही

**छतरपुर।** सागर कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में आरटीओ छतरपुर एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर प्रतिबंधित सवारी वाले लोडर एवं अतिरिक्त, अव्यवस्थित सवारी वाले बस, सहित वाहनों पर भी कार्यवाही की जा रही है। आज कुछ समय में 50 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 40000 से अधिक समन शुल्क शासकीय खाते में जमा किए गए। चालानी कार्यवाही करने उपरांत वाहन चालक एवं व्यावसायिक वाहन स्वामी को पुनः ऐसा करते पाए जाने पर कठोर से कठोर कार्यवाही हेतु भी चेतावनी दी गई। दुर्घटना प्रभावी वाहन का संचालन एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर निरंतर चालानी कार्यवाही जारी है।

## नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर 1789 लोग हुए लाभान्वित




**छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के परिपालन में, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में 10 मई, 2025 को जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, छतरपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविन्दर सिंह द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश राजेश कुमार देवलिया कुटुम्ब न्यायालय, जिला न्यायाधीश कविता वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, हिमांशु शर्मा, निवेश कुमार जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जायसवाल, सचिव वि.प्र. सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट रानो बघेल, अरविंद गुर्जर, दिव्यांशु गुप्ता, आकांक्षा गर्ग एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनोद दीक्षित, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र चढार, अधिवक्तागण, शासकीय अधिवक्ता दिनेश तिवारी एवं साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारीगण और पक्षकारगण आदि उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में कुल 28 खण्डपीठों का गठन किया गया था जिसमें 10 जिला स्तर एवं 18 तहसील स्तर पर जिनके द्वारा आपसी सुलह समझौतों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वि.प्र. सोलंकी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जिले की विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से आपराधिक प्रकरण 159. एन.आई.एक्ट से संबंधित 67 प्रकरण, एम.ए.सी.टी के 57 प्रकरण, विद्युत के 44 प्रकरण, वैवाहिक 80 प्रकरण सहित अन्य 224 प्रकरणों का इस प्रकार कुल 631 लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह-समझौतों के आधार पर किया गया। लोक अदालत में कुल राशि रूपये 68299216 का एवार्ड पारित किया गया। उक्त लोक अदालत से 1789 लोग लाभांवित हुए। साथ ही निराकृत प्रकरणों में प्रिलिटिगेशन के कुल 735 प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। जिसमें बैंक से संबंधित 114 प्रकरणों का, विद्युत के 162 व अन्य प्रकरण के 459 प्रकरणों का निराकरण कर कुल राशि रुपये 13291131 का अवार्ड पारित किया गया एवं 842 व्यक्ति लोक अदालत में लाभांवित आपसी सुलह व समझौते के आधार पर हुआ।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन की तैयारियां शुरू

## राज्यमंत्री और कलेक्टर ने गौरिहार स्टेडियम का किया निरीक्षण



**छतरपुर।** जिले के गौरिहार में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों के लिए वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कलेक्टर पार्थ जैसवाल के साथ शनिवार को गौरिहार स्टेडियम और नजदीकी तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, लवकुशनगर एसडीएम राकेश शुक्ला, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राज्यमंत्री और कलेक्टर ने स्टेडियम ग्राउंड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पास के तालाब की स्थिति का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आगमन के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध और सुचारु रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# जले गंगा जल संवर्धन अभियान के तारतम्य में छात्रों ने कुटनी बांध का किया भ्रमण



**राजनगर।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जल संवर्धन/संरक्षण अभियान की उत्कृष्ट पहल के रूप में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का आयोजन मार्च माह से लेकर जून माह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं, क्रियाकलापों एवं भ्रमण के माध्यम से किया जाना है। इसी अनुक्रम में*शास सांदीपनि विद्यालय राजनगर के छात्र छात्राओं को कुटनी पोषक जलाशय (कुटनी बांध) के भ्रमण का अवसर प्राप्त हुआ। जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देशन में इस अभियान की समीक्षा निरन्तर हो रही है। प्रातः से ही भ्रमण के लिए निकले दल में शिक्षक परिवार से विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया, कु अनुभा नामदेव, दीपक कुमार द्विवेदी, रामप्रकाश सोनी, देवीप्रसाद द्विवेदी, नीरज गोस्वामी, देवेंद्र कुमार अहिरवार, राम जानकी शुक्ला 35 छात्रों का दल लेकर कुटनी बांध रवाना हुए। जलाशय पहुंचकर छात्र छात्राओं ने बांध की संरचना का भौतिक स्वरूप देखा। इसके पश्चात मार्गदर्शक शिक्षक जितेन्द्र कुमार शुक्ला के द्वारा जलाशय में जल आपूर्ति केंद्र की संरचना, जल शोधन केंद्र, केमिकल सेंटर आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। प्राचार्य महोदय द्वारा छात्र छात्राओं को जल संवर्धन एवं जल संरक्षण के विभिन्न पक्षों से परिचित कराया गया, साथ ही छात्र छात्राओं एवं शिक्षक परिवार के द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली गई।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रमाशंकर तिवारी उम्र 59 वर्ष पिता स्व. शिवप्रसाद तिवारी निवासी ग्राम पुरास पोस्ट महसॉव तहसील गुढ़ जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूँ। मेरा आधार कार्ड नं.– 2120 9257 9563 है। शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी पत्नी का सही नाम विमला तिवारी है जो कि मेरे सभी शासकीय और अशासकीय दस्तावेजो में जैसे आधार कार्ड नं.– 4471 1609 3673 में है. पेन कार्ड और बैंक खाता आदि में दर्ज है। जबकि मेरे आर्मी के सर्विस रिकार्ड (सर्विस क्र.– 14600523M) में त्रुटीवश मेरी पत्नि का नाम विमला देवी दर्ज हो गया है। जो कि गलत एवं असत्य है। अतः मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम विमला देवी की जगह विमला तिवारी दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-82240 रमाशंकर तिवारी

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.:-JHS / Commercial/ E-Auction/2025-104 Dated:-08.05.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य )- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

श्रेणी : पार्किंग | केटलोग संख्या : झांसी- पार्किंग -35

एसेट्स डिटेल्स

झाँसी मण्डल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतु :-

| क्र.सं. | स्टेशन | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | VGLJ | Near west side booking office |
| 2 | VGLJ | Infront of GRP Thana |
| 3 | VGLJ | Adjoining to Pay office |
| 4 | VGLJ | Circulating area infront of Deluxe toilet |
| 5 | BNDA | PF No. 01 side |

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांक:-23.05.2025 को समयः - 11:00 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : दिनांक:-23.05.2025 को समयः - 12:10 तक

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 803/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# बहन की शादी का आमंत्रण देने गए बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

## अज्ञात बोलेरो की टक्कर से हुआ हादसा


फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** वैवाहिक सीजन शुरू होते ही सड़क हादसे बढ़ गए हैं, आए दिन लोगों की जान जा रही है। बहन की शादी की तैयारी में जुटा भाई बीती रात सड़क हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि चार दिन बाद ही मृतक के बहन की शादी थी, जिसका निमंत्रण देने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया जहां पीएम उपरांत उसे परजिनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात बोलेरो की तलाश में लगी हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन इंद्रपाल साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक नीलेश साकेत निवासी ग्राम पोड़ी अपनी बुआ की लड़की की शादी में शामिल होने ग्राम बक्छेरा नयागांव गया हुआ था। रात्रि 3 बजे बाइक से वह वापस चल दिया जहां रास्ते में अज्ञात बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इंद्रपाल ने बताया कि मृतक नीलेश के बहन की शादी 14 तारीख को थी, उसका निमंत्रण बांटने के लिए निकला था लेकिन रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गया। बताया गया है कि सलैया मोड़ के समीप अज्ञात बोलेरो के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे नीलेश सड़क पर दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात बोलेरो चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## डंपर और बोलेरो की सीधी भिड़ंत, 8 घायल

बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलखन गांव के पास बीती रात बोलेरो और डंपर के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार 8 लोग घायल हुए है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो सवार बारात जा रहे थे, तभी तेज र तार डंपर बोलेरो से टकरा गया। घटना के तकरीबन 2 घंटे बाद पुलिस पहुंची, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी थी। घायलों का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो सवार कुशवाहा परिवार के लोग ग्राम सगरा से ग्राम मटीमा बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सड़क निर्माण में लगे डंपर से बोलेरो की सीधी टक्कर हो गई। आचानक हुए इस सड़क हादसे में महिला-पुरुष और बच्चे मिलाकर तकरीबन आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों के मुताबिक हादसे के तकरीबन 2 घंटे तक चालक बोलेरो की स्टेयरिंग में फंसा रहा, लेकिन सूचना के बाद भी बैकुंठपुर पुलिस को 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में 2 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। जिसके चलते चालक चीखता और चिल्लाता रहा। बताया गया कि जब पुलिस पहुंची तो जेसीबी की मदद से चालक को बाहर निकाला गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## जमीनी विवाद में परिवार के ऊपर हमला

**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीकर में जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर हमला कर दिया। घटना में चार लोगों को चोट पहुंची है, जिसके बाद उनके द्वारा गोविंदगढ़ थाना के साथ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। घटना के संबंध में ग्राम टीकर निवासी रमेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह तकरीबन 8 बजे पड़ोस में रहने वाले मुनेश बहेलिया सहित उसके परिवार के लोगों ने उनकी पत्नी, बेटे और बेटी पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। रमेश के मुताबिक खाली पड़ी भूमि पर बाड़ी बनाने को लेकर विवाद हुआ था इसके बाद आरोपियों ने एकजुट होकर उनके परिवार के साथ मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक मारपीट की घटना में पत्नी,बेटा-बेटी सहित उसे चोट आई है। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महिलाओं के साथ आरोपी बीच सड़क में मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना की शिकायत के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई में लगी हुई है।

## सोहागी पहाड़ में दो ट्रकों के बीच टक्कर, दो घायल

**रीवा।** सोहागी पहाड़ में शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात्रि करीब तीन बजे फिर भीषण सड़क हादसा हुआ। आगे जा रहे ट्रक की पीछे से आए ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में ट्रक में सवार चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। सड़क दुर्घटना के चलते इस दौरान घण्टों आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने डिवाइडर कटवाकर रूट डायवर्ट कराया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। घटना के संबंध में सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब तीन बजे पीछे से आया ट्रक आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। एक ट्रक में सीमेंट व दूसरे में गिट्टी लोड थी, जो प्रयागराज की ओर जा रहे थे। सड़क दुर्घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

**जाहिर आम सूचना**

यह कि श्रीमती आभा पाण्डेय पत्नी श्री संतोष पाण्डेय निवासी वार्ड नं0 9/376 नीम चौराहा बोदाबाग रीवा, जिला रीवा के द्वारा मेरे पक्षकार केनरा बैंक रीवा क यहाँ भूमि खसरा नं0 915/4 रकवा 0.011हे स्थित मौजा अनंतपुर प.ह. अनंतपुर तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा म.प्र., को भूमि को वर्तमान मूल हक विलेख को बंधक/भिच्छेद कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है जिस भूमि के भूमिस्वामी श्रीमती आभा पाण्डेय पत्नी श्री संतोष पाण्डेय है. एवं उक्त भूमि के पूर्व भूमिस्वामी राजीव नयन त्रिपाठी तनय राममणि त्रिपाठी से जो मूल विक्रय पत्र दिनांक 29.03.2023 विक्रय पत्र क्रमांक MP328492023A11661701 के द्वारा प्राप्त की थी। एवं राजीव नयन त्रिपाठी तनय श्री राममणि त्रिपाठी ने उक्त भूमि को नीलम सिंह पत्नी श्री अमरजीत सिंह से ब्रिकय पत्र दिनाक 29.12.2017 विक्रय पत्र क्रमांक MP328492017A173136 के द्वारा प्राप्त की थी, एवं नीलम सिंह पत्नी श्री अमरजीत सिंह ने उक्त भूमि को लवकुश विश्वकर्मा तनय श्री रामावतार विश्वकर्मा से विकय पत्र दिनांक 05.11.2012 विकय पत्र नं0 6621 के द्वारा पाप्त की थी जो मूल विक्रय पत्र दिनांक 05.11.2012 सरल नं0 6621, ग्रंथ नं0 8862 पेज 621067 कही गुम हो गया है। इस बावत् आम जन निकाय व्यक्ति को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति व निकाय संस्था को कोई मूल विक्रय पत्र दिनांक 05.11.2012 सरल नं0 6621 ग्रंथ नं0 8862 के संबंध में कोई आपत्ति या किसी प्रकार का कोई हित निहित हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार केनरा बैंक रीवा में या मेरे कार्यालय चे.नं. 12 नवीन अधि. भवन जिला न्यायालय के पीछे रीवा मो0नं0 8435691666 में कार्यलयीन समय 11 से 05 बजे के मध्य दिन को मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा वाद मुद्दत अवधि उपरांत मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति को पाक साफ मानते हुए वर्तमान स्वामी के नाम का मूल हक विलेख को निक्षेप कर / बंधक कर ऋण प्रदान करेगा व कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय
सुनील कुमार मिश्र एड.
चेम्बन नं0 12 नवीन अधिवक्ता भवन
जिला न्यायालय रीवा. (म.प्र.)

**कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान**
सी0जी0 सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ–226002
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.sscih@gmail.com

**जेम बिड सूचना**

सूचित किया जाता है कि जेम बिड्स संदर्भ संख्या नं0 निम्नवत् है –

| Sr. No. | Name of Services | Bid No. & Date | Pre Bid Meeting Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Operation & Maintenance of Fire Fighting System - Complete System | GEM/2025/B/6216500 Dated 10.05.2025 | Not Applicable |

उपरोक्त बिड जेम पोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी इच्छुक सेवाप्रदाताओं से निविदा की शर्तो के अनुसार जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की जाती हैं। निदेशक, के.एस.एस.एस.सी.आई., लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिडो को किसी भी स्तर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

नोट:
1. यदि RTGS/NEFT के माध्यम से पिछली निविदा के लिए EMD जमा की गई है तो उस EMD को स्वीकार किया जाएगा और इस निविदा के लिए वैध माना जाएगा। हालांकि इस जेम निविदा के साथ UTR No. और एक स्कैन की हुई प्रति अपलोड की जानी आवश्यक है।
2. पुनः निविदा की स्थिति में निविदाताओं का पुराना प्रमाणपत्र भी स्वीकार्य होगा। (समान नियम एवं शर्त के साथ)

निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट www.cancerinstitute.edu.in पर उपलब्ध है।

Advt. No: KSSSCI/Tender- 02/2025-26 निदेशक

## आंखों पर पट्टी बांधकर रंगों और कार्ड पर लिखे नंबर भी बताए

**जागरण, रीवा।** पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग सेंटर में बच्चों की बुद्धि क्षमता विकास के लिए ब्राइटर माइंड्स प्रोग्राम गेम की शिक्षा शुरू की गई। पुलिस मु यालय से मिले निर्देश के बाद रीवा में इसकी शुरुआत की गई है। कुछ तकनीकी विशेषज्ञ और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों को ब्राइटर माइंड प्रोग्राम के अंतर्गत जानकारी दी गई जिसके बाद बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर न सिर्फ रंगों की पहचान की, बल्कि कार्ड पर लिखा नंबर को भी बिना देखे बता दिया।

# मेडिकल नशे की बिक्री में शामिल मां-बेटा गिर तार

जागरण, रीवा। पति द्वारा मेडिसिन नशे के किए जा रहे अवैध कारोबार में सहयोग करने वाली पत्नी सहित बेटे को पुलिस ने गिर तार किया जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई के संबंध में अमहिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले माह अर्जुन नगर के समीप गौरव सोनी नामक युवक को पकड़ा गया था, जिसके कब्जे से नशीली कफ सिरप जब्त की गई थी। इस दौरान गौरव ने पूछताछ में बताया था कि उसके इस अवैध कारोबार में उसकी पत्नी अंजू और बेटा अखिल भी सहयोग करता है, जिसके बाद पुलिस ने गौरव सहित उसकी पत्नी अंजू और बेटे को भी आरोपी बनाया था। बताया गया है कि एनडीपीएस एक्ट के इस मामले में पति के जेल जाने के बाद पत्नी और बेटा फरार थे। पुलिस ने दोनों को धर दबोचा और मां-बेटे को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.**
फोन नं0 07652–245167 ईमेल– dfotnshahd-mp@gov.in

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | निविदा प्रारंभ | निविदा समाप्ति | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीआई शीट | 08.05.2025 | 15.05.2025 | 30000 | 500 |

निविदा कमांक MPFD_2025_421585_1 वानिकी एवं अद्योसंरचना कार्यो मे प्रयोग होने वाली जीआई शीट सामग्री की आपूर्ती हेतु प्रकाशित की गयी है विस्तृत विवरण एमपी ई टेन्डर से प्राप्त करे।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उत्तर शहडोल

G- 12661/25

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना //**

क्रमांक– 611/ई–टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2025 रीवा दिनांक 09.05.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत स्थित रानी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेके पर किए जाने बावत् ऑन लाईन निविदायें लम्प–सम दर पर आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई–टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निविदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_422469_1 09.05.2025 [FIRST CALL] 611/09.05.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत स्थित रानी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिये ठेके पर किए जाने बावत | 35 माह ₹4523000/– | ₹ 5000/– ₹ 452300/– | 30.05.2025 18:00 बजे तक |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सहायक आयुक्त वित्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 11 मई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
06.39 अस्त : आज
05.23 उदय : कल

शहर का तापमान
39.0 0 अधिकतम
26.0 0 न्यूनतम



मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# भारत-पाक तनावः सीधी पुलिस व्यवस्थाओं को लेकर अलर्ट

जागरण सतर्कता

## वर्तमान परिस्थिति को लेकर पुलिस की बढ़ी चौकसी

### ढ़ाबा, लॉज व संवेदनशील जगहों में सघन तलाशी जारी







जागरण, सीधी

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सीधी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस की चौकसी काफी तेज हो चुकी है। प्रत्येक चौराहों एवं गलियों में पुलिस की पेट्रोलिंग लगातार हो रही है। वहीं ढ़ाबा, लॉज एवं संवेदनशील जगहों में पुलिस की सघन तलाशी अभियान में शुरू हो गई है। सीधी पुलिस की सोशल मीडिया पोस्ट पर पैनी नजर बनी हुई है। सीधी पुलिस ने जिला वासियों के लिये एड्वाईजरी जारी कर अपील किया है कि इनका पालन आवश्यक रूप से करें। एडवाईजरी में कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले संदेश सोशल मिडिया पर फैलाने/प्रसारित करने पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य विधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। सभी सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि पर किसी भी प्रकार का तथ्यहीन भ्रामक या अफवाह फैलाने वाले, तनाव निर्मित करने वाले मैसेज प्रसारित नहीं करें। समस्त वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को निर्देशित किया गया है कि अपने ग्रुप पर उक्त प्रकार के मैसेज प्रसारित नहीं करें, ऐसे व्यक्तियों को तत्काल ग्रुप से बाहर करें एवं सूचना पुलिस को देवें। किसी भी अनजान लिंक, एपीके पर क्लिक नहीं करें। अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड नहीं करें, केवल अधिकारिक एप स्टोर से ही एप्लीकेशन डाउनलोड करें। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन नहीं करें। सभी होटल एवं लॉज संचालक को सख्त रूप से निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां रूकने वाले समस्त लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करें और रुकने वाले समस्त लोगो के वैध दस्तावेजों को चेक करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में ठहरने आता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम सीधी। संबंधित पुलिस थाना या डायल 100 के माध्यम से पुलिस को अनिवार्य रूप से सुचित करें। समस्त मकान मालिकों को सख्त निर्देशित किया गया है कि अपने यहां रूकने वाले किरायेदारों की निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिस थाने पर उपलब्ध करवाये। बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी व्यक्ति को मकान/फ्लैट दुकान किराये पर नहीं दे। समस्त मोबाइल सिम कार्ड विक्रेताओं को सख्त रूप से निर्देशित किया गया है कि सिम कार्ड विक्रय के दौरान वैध दस्तावेजों का सावधानी से निरीक्षण करें और सम्पूर्ण वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति सिम कार्ड खरीदने आता है तो उसकी सूचना तत्काल डायल 100 के माध्यम से पुलिस को प्रदान करे। समस्त कियोस्क संचालकों को निर्देशित किया गया है कि आपके यहां ऑनलाईन भुगतान रूपये हस्तांतरण हेतु आने वाले समस्त व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित फार्मेट में एक रजिस्टर में संधारित करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति रूपये हस्तांतरण हेतु आता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, पुलिस कन्ट्रोल रूम सीधी या डायल 100 के माध्यम से पुलिस को देवें। समस्त प्रकार के प्रतिष्ठान संचालकों व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने यहां कार्य कर रहे कर्मचारियों की जानकारी समस्त वैध दस्तावेजों के साथ तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन पुलिस को देवें। समस्त पेट्रोल पंप संचालक किसी भी ग्राहक को वाहन के अतिरिक्त खुले में पेट्रोल, डीजल विक्रय नहीं करें। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल उसकी सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम सीधी हेल्पलाईन नंबर 9479998837, 07822-251600 पर या नजदीकी पुलिस थाने पर देवें। पुलिस की सक्रियता बढ़ने से व्यवस्थाएं भी सुचारू नजर आने लगी हैं।

### साइबर हमले का बढ़ गया जोखिम

भारत-पाक संघर्ष के चलते साइबर हमले का जोखिम बढ़ गया है। इस स्थिति में भारतीय शासकीय एजेंसियां, सैन्य कर्मी/संस्थान और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। भारत, पाक के संघर्ष में व्हाट्सएप, ई-मेल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से तेजी से फैल रहे दुष्प्रचार सामग्री के बारे में सभी लोगों को सतर्क रहना आवश्यक है। इस सामग्री में भ्रामक वीडियो, इमेज, ईएक्सई/एप और भारत-पाक संघर्ष से संबंधित समाचार या अपडेट के रूप में फिशिंग ई-मेल्स, फेक लॉगिन पेज और मैलीसियस अटैचमेंट्स जैसी परिष्कृत रणनीति का उपयोग शामिल है। साइबर अपराधी समाचार अथवा सूचनाओं से संबंधित विशेष अपडेट, संघर्ष से संबंधित कथन या लीक हुए फुटेज के बहाने दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित कर रहे हैं। जिनमें मैलवेयर, स्पाईवेयर या फिशिंग वेबसाइट्स के लिंक होते हैं। यह सामग्री विभिन्न यूआरएल लिंक या अज्ञात नंबरों से भेजी गई तस्वीरों के रूप में भी हो सकती हैं जो कि व्हाट्सएप/टेलीग्राम/अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से बड़ी सरलता से प्रेषित की जा सकती है। साइबर हमला करने के तरीकों में दुष्प्रचार से तैयार की गई ऐप फाइल, एक्स फाइल और वीडियो फाइल/लिंक को व्हाट्सएप, ई-मेल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म में साझा किया जा रहा है। संदेशों में फिशिंग लिंक एंबेड करना जो विश्वसनीय स्त्रोतों या समूहों के समान प्रतीत होते हैं। वैध समाचार या सरकारी स्त्रोतों की तरह दिखने के लिए डिजाइन की गई इन फिशिंग वेबसाइट्स के माध्यम से व्यक्तिगत डेटा को चुराया जा सकता है।

## सरस्वती विद्यालय चुरहट का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

**जागरण, सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 2025 में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली से निर्देशित तथा सरस्वती शिक्षा परिषद मध्य प्रदेश से सम्बद्ध सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।श्रुति शुक्ला 96.4 प्रतिशत प्रथम स्थान, ओम तिवारी 94.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान, तनुजा सिंह 92.2 प्रतिशत तृतीय स्थान के साथ ही 7 भैया बहनों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त की है। 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिसमें ऋचा तिवारी 91 प्रतिशत प्रथम, प्रज्ञा तिवारी 90 प्रतिशत द्वितीय तथा रोशनी तिवारी 86.2 प्रतिशत तृतीय स्थान अर्जित किया। इसके पूर्व 5वीं और 8वीं के भी सभी विद्यार्थी शत प्रतिशत सफलता प्रथम श्रेणी में प्राप्त किए हैं। बोर्ड की चारों कक्षाओं में प्राप्त उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों की निष्ठा पूर्ण मेहनत, शिक्षकों द्वारा उत्तम अध्यापन, अभिभावकों द्वारा कुशल सहयोग व सुझाव तथा प्रबंध समिति द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यार्थियों द्वारा सराहनीय परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय और समाज को गौरवान्वित करने के लिए संस्थापक व्यवस्थापक डॉ. राजेश मिश्रा सांसद, विभाग समन्वयक बैकुंठ शाह, जिला सचिव कमलाकर सिंह, सह सचिव आशुतोष द्विवेदी, समिति पदाधिकारी राम सुशील पटेल, एसपी सिंह पुंडरीक सिंह, डॉ. अजय मिश्रा, केके तिवारी, कैप्टन राजकुमार त्रिपाठी, विजय लाल पयासी, महेंद्र शुक्ला, अर्जुन नामदेव, गौतम मणि अग्निहोत्री व्यवस्थापक रमेश चन्द्र त्रिपाठी प्राचार्य, रावेन्द्र मिश्रा प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों और गुरूजनों को बधाई देते हुए सभी भैया-बहिनों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की हुई सजा

**जागरण, सीधी।** हत्या के चिन्हित मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि दिनांक 28 सितंबर 2020 को सूचनाकर्ता भारत सिंह ने थाना बहरी में इस आशय की सूचना दर्ज करवायी कि दिनांक 27 सितंबर 2020 को सुबह करीब 8 बजे उसका चाचा गंगा सिंह माठा लेने बंटी पाण्डेय के घर ग्राम नकझर गया था। जहां माठा न मिलने पर घर वापस आ गया, फिर करीब 9 बजे सुबह बिताने केवट के घर मछली लेने गया। वहीं नहाया-धोया, फिर हिन्छपति केवट के घर बोरिंग मशीन लगी थी, जिसे देखने चला गया। शाम करीब 7 बजे उसके चाचा चन्द्रबहादुर सिंह के मोबाइल में गंगा सिंह की छोटी लड़की का फोन आया कि गंगा सिंह की मृत्यु हो गयी है व उसकी लाश हिन्छपति केवट के घर के पास पड़ी है। सूचनाकर्ता की उक्त सूचना को थाना बहरी के मर्ग क्रमांक 77/2020 अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया तथा मर्ग जांच प्रारंभ की गयी। मर्ग जांच पर पाया गया कि दिनांक 27 सितंबर 2020 को पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर अभियुक्त गोरेलाल पाण्डेय ने मृतक गंगा सिंह गोंड को उठाकर पटका और लाठी से मारपीट की, जिस कारण उसकी मृत्यु हो गयी। मर्ग जांच उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध थाना बहरी के अपराध क्रमांक 422/2020 अंतर्गत धारा 302 भादसं एवं धारा 3(2)(व्ही-ए) एससी/एसटी, एट्रो एक्ट की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी व प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण को पुलिस अधीक्षक सीधी के द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जिला सीधी की न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रक्र. 126/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक रमाशंकर दुबे द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा दिनांक 8 मई 2025 को अभियुक्त गोरेलाल पाण्डेय तनय रघुनाथ पाण्डेय उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम नकझर कला थाना बहरी जिला सीधी मप्र को 302 भादसं एवं धारा 3(2)(व्ही-ए) एससी/एसटी, एट्रो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 2000 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## गाय को मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** थाना रामपुर नैकिन के पुलिस चौकी खड्डी अंतर्गत ग्राम धनहा हनुमान मंदिर के पास गाय के खेत में घुसने से गुस्साए किसान ने धारदार हथियार एवं जहरीला पदार्थ खिलाकर गाय की हत्या कर दी, गाय को लगी चोट एवं जहरीला पदार्थ खाने के चलते उसकी मौत हो गई। इस मामले में खड्डी चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने धनहा निवासी राजबहोर तिवारी के खिलाफ चौकी खड्डी में बीएनएस और एनिमल एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञान महाविद्यालय सीधी शहडोल रोड पनवार जिला-सीधी (म.प्र.)

आवश्यकता है-

| पद | योग्यता | पद संख्या |
|---|---|---|
| प्राचार्य | एनईटी/पी.एचडी | 01 |

1. इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालयीन समय पर 10:30 से 4:30 तक आवेदन दिनांक 15/05/2025 तक जमा कर सकते है।
2. न्यूनतम 05 वर्ष अनुभव वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी


पता- ज्ञान महाविद्यालय शहडोल रोड पनवार सीधी मोण. 7974204722
E.Mail.- gmvsidhi@gmail.com

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI
Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

## न्यायाधीश ऋषि की स्मृति में नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न



**जागरण, सीधी।** न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में 10 मई 25 को ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजन की श्रृंखला में यह चौंतीसवां नेत्र परीक्षण शिविर था। शिविर में आसपास से आये मरीजों की आंख से संबंधित बीमारी जैसे आंख का लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि समस्याओ की जाँच की गई। जिन लोगों में आंखों की छोटी-मोटी समस्या पाई गईं है उन्हें तुरंत इलाज के साथ-साथ मुफ्त दवा भी दी गई। पिछले माह जिन मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था उनका फालोअप चेकप करने के उपरांत निःशुल्क चस्में वितरित किए गए। ऋषिकेश फाउंडेशन मानता हैं कि हर व्यक्ति चाहे उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल तक पहुंच का हकदार है। समाज, समुदाय की सेवा हमारी प्रतिबद्धत है। ऋषिकेश फाउंडेशन निःशुल्क नेत्र शिविर की पहल के माध्यम से विपन्न और वंचित आबादी तक पहुंच कर आवश्यक नेत्र देखभाल सेवाएं सीधे उन लोगों तक पहुंचाता हैं जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों को ऋषिकेश फाउंडेशन के सेवादारों द्वारा गुड़, बिस्किट और फल भेंट कर जल-पान कराया गया। चित्रकूट जाने वाले सभी मरीजों को फल और बिस्किट के साथ भोजन के पैकेट भी भेंट किए गए।

## वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन 14 एवं 15 को

### जिला मुख्यालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित होंगे शिविर

जागरण, सीधी

अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि वर्तमान की अप्रत्यशित परिस्थितियों के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 14 एवं 15 मई 2025 को वृहद जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विभाग प्रमुख स्वयं एवं अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी से अधिक संख्या में रक्तदान कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी तरह विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन उपखण्ड अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित होंगे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी रक्तदान स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 14 एवं 15 मई 2025 को जिला मुख्यालय में अटल आडोटोरियम सीधी, जिला चिकित्सालय सीधी तथा जिला आयुर्वेद अस्पताल सीधी एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर में संबंधित विभाग प्रमुख अपने-अपने कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना करेंगे, कंट्रोल रूम में प्रभारी/नोडल अधिकारी के नाम व मोबाइल नम्बर की जानकारी, प्रतिदिवस ब्लड डोनेट की जानकारी एवं संबंधित कार्यालय में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी अधिक से अधिक संख्या में ब्लड डोनेशन हेतु प्रेरित करना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को रक्तदान शिविर के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था एवं ब्लड डोनेट करने वाले रक्तदाताओं को पानी, चाय, नस्ता की व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी को ब्लड डोनेट किये जाने हेतु अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी एवं ब्लड डोनेट आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने का दायित्व तथा उपखण्ड अधिकारी राजस्व को विकासखण्ड स्तर पर रक्तदान शिविर के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। जिला प्रशासन ने राजनीतिक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ताओ से अपील की है कि उक्त शिविर स्थलों पर पहुंचकर स्वंय तथा अपने सहयोगी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कराना सुनिश्चित करें जिससे देश की विषम परिस्थिति में सीधी जिले का योगदान बना रहे।

## मझौली में 36 प्रकरणों का हुआ निपटारा



**जागरण, मझौली।** जिले भर के साथ मझौली शिविल न्यायालय में पूर्व निर्धारित समय दिनांक अनुसार आज 10 मई को वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत न्यायालय परिसर में आयोजित की गई। जहां न्यायधीश सुश्री शिवांगी सिंह परिहार वरिष्ठखण्ड मझौली के न्यायालय में 13 आपराधिक प्रकरणो तथा न्यायाधीश सुश्री रूचि परते, न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी मझौली के न्यायालय में उभयपक्ष की सहमति द्वारा राजीनामा के कुल 23 प्रकरणो में से चेक बाउन्स के प्रकरणों में कुल 1,27,500 रुपए की रिकवरी की गई है। उक्त दोनो न्यायालयों में से 36 प्रकरणों में राजीनामा से निपटाया गया है। उक्त प्रकरणों में अधिवक्ता महेन्द्र सिंह गौतम, सुधीन्द्र शुक्ला, कमलेश रजक, उमेन्द्र तिवारी, एके मिश्रा, संतोष गुप्ता, आरके बैस, आरके नामदेव, एसडी द्विवेदी, एसके पाण्डेय, रंजीत मिश्रा, राजबहोरन सिंह के साथ-साथ रीडर राजेश कुमार बंसल, बालेन्द्र बंसल, अमित गोस्वामी, श्लेश मिश्रा, सोधिया बाबू, राजेश कुशवाहा की अहम भूमिका थी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अधिवक्ताओं, कर्मचारियों को सुश्री शिवांगी सिंह परिहार एवं सुश्री रूचि परते, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मझौली द्वारा सभी को धन्यवाद स्थापित किया गया।

## जिला मंत्री को पितृशोक, मुखाग्नि में उमड़ा जन सैलाब



जागरण, मझौली। वरिष्ठ संविदाकार जीसीएम कंपनी के मालिक भाजपा जिला मंत्री वार्ड पार्षद क्र. 6 नगर परिषद मझौली लवकेश सिंह एवं समाजसेवी नागेंद्र सिंह कन्हाई निवासी देवरी कठहा के पूज्य पिता एवं रोजगार सहायक देवरी रवि सिंह बघेल के नाना सेवा निवृत शिक्षक अनियार सिंह गहरवार का 98 वर्ष की उम्र में 9 मई की शाम निधन हो गया। जिसकी खबर क्षेत्र में फैलते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके घर तांता लग गया। वहीं आज 10 मई को हुए दाह संस्कार में लोगों का जन सैलाब देखा गया। जहां जात-परिवार, नात-रिस्तेदार, पार्टी कार्यकर्ता, मृतक एवं उनके परिवार के शुभचिंतकों के साथ क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम भी शामिल रहे। बताते चलें कि मृतक सेवा निवृत्त शिक्षक अनियार सिंह गहरवार के सात संताने थी, जिसमें तीन पुत्र व चार पुत्री है जो सभी शादी सुधा, पुत्र-पुत्री व नाती-नातिन के साथ सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे खुशियों से भरा संपूर्ण परिवार छोड़कर गृह निवास देवरी कठहा में 9 मई को दिवंगत हो गए। जिनका अंतिम संस्कार आज 10 में को गृह निवास के पावन भूमि पर किया गया। मृतक शिक्षा विभाग के साथ-साथ समाज में भी अपनी विशेष छवि बने हुए थे जिसकी चर्चाएं क्षेत्र में मृत्यु उपरांत आज चरितार्थ हो रही है।

## नेशनल लोक अदालत में भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण

**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई 2025 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं श्रृंखला न्यायालय रामपुर नैकिन एवं प्रशासन के संयुक्त प्रयास से भू-अर्जन के 2 प्रकरणों में राजीनामा कराया जाकर 5834334/- की राशि पक्षकारों को प्रदान की गई। इस प्रयास से अब वर्षों इंतजार करने वाले भू-अर्जन के प्रकरणों में आवेदकों के लिए लोक अदालत एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 571 प्रकरणों का निराकरण

### राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीकाः दिनकर

### सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में हुआ आयोजन



जागरण, सीधी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई 2025 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द कुमार गुरू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है। श्री दिनकर ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के प्रति आम जन में जागरूकता आ रही है। श्री सिंह ने कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरण का निराकरण होने पर पक्षकारों के मध्य वैमनस्यता समाप्त हो जाती है। श्री सिंह ने कहा कि नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने का निरंतर प्रयास रहना चाहिए। श्री सिंह ने अभिभाषकगण को अंतिम समय तक लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने हेतु बल दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने कहा कि न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने कार्यक्रम में उपस्थित हुये समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा नेशनल लोक अदालत में अधिवक्तागण से सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन रूपेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दीपक शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल, जिला न्यायाधीश मनीष कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार सोनी, सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायाधीशगण सुश्री सुनीता रावत, सोनू जैन, सुश्री सरिता चौधरी, कपिल देव काछी, मृदुल लटौरिया, अभिषेक साहू, श्रीमती भारती शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वामी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड. डिफेंस काउंसिल सत्यप्रकाश पाण्डेय, देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी तथा अधिवक्तागण राजेन्द्र सिंह परिहार, उदयकमल मिश्रा सहित अन्य अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरीय निकाय के प्रशासनिक अधिकारीगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य एवं जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय सीधी में 13 खण्डपीठे, व्यवहार न्यायालय चुरहट में 3, मझौली में 2 व रामपुर नैकिन में 2 खंडपीठे गठित की जाकर कुल 20 न्यायिक खण्डपीठे गठित की गई थी। नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम,

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आतंकवाद की लड़ाई को जंग का रूप दे रहा पाकिस्तान

**भा**रत ने पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए थे। लेकिन आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पाकिस्तान दो देशों की जंग का रूप देने पर तुला है। 7 मई की रात के बाद 8 मई देर शाम को पाकिस्तान ने भारत में कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख स्पष्ट और सही है कि क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर पड़ोसी देश ने कोई हरकत की, तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।


भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। भारत की प्रतिक्रिया फोकस्ड, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। लेकिन, पाकिस्तान ने इसके जवाब में पहले तो 7 मई को देर रात और 8 मई देर शाम भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। उसने एलओसी पर गोलाबारी बढ़ा दी और मासूम नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत का लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करना और उसके दूसरे कदम पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब हैं, जो कि जरूरी हो गया था। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। एस्केलेशन पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था और भारतीय सेना ने उसके बाद आतंकी इंफ्रास्ट्र.र को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है।
दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने मिलाया है। उसने धार्मिक स्थलों की पवित्रता का भी ख्याल नहीं रखा और अपने नापाक मंसूबों के लिए उनका इस्तेमाल किया।
ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बौखलाए पाकिस्तान ने हताशा में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर मौत और विनाश का तांडव मचाया है। पुंछ सेक्टर में भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया है जबकि भारतीय सेना ने हमलों को आतंकी बुनियादी ढांचे के स्थलों तक ही सीमित रखा था।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। भारत का मकसद युद्ध नहीं है। निस्संदेह, भारत ने पड़ोसी पाक को बता दिया है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य साहिष्णुता रखता है, लेकिन हमें एलओसी व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

> आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान ने भारत के साथ दो देशों की जंग जैसा माहौल बना दिया है। उसने भारत में सैन्य ठिकानों पर हमले किए, जिसे भारत ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख है कि तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, पर हरकत होने पर जवाब मिलेगा।

# दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को निष्क्रिय कर सकते हैं ड्रोन

सामरिक तंत्र



> भारत द्वारा लाहौर और कराची में ड्रोन के सटीक और विध्वंसकारी उपयोग ने युद्ध की नई परिभाषा गढ़ दी है। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि ड्रोन न केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट कर सकते हैं, बल्कि दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को भी निष्क्रिय कर सकते हैं। उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरे, थर्मल इमेजिंग, और रडार से लैस ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं।

जयसिंह रावत

**भा**रत-पाकिस्तान सीमा पर हालिया टकराव, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर में भारत द्वारा लाहौर और कराची में ड्रोन के सटीक और विध्वंसकारी उपयोग ने युद्ध की नई परिभाषा गढ़ दी है। ड्रोन, जो कभी केवल टोही उपकरण थे, अब कामिकाजे और लॉइटरिंग म्यूनिशन के रूप में सैन्य रणनीति का अभिन्न अंग बन चुके हैं, जो जोखिम-मुक्त सटीक हमले और निगरानी की क्षमता प्रदान करते हैं।
इनका इतिहास प्रथम विश्व युद्ध के बाद शुरू हुआ, जब साधारण मानवरहित यान विकसित किए गए। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर 21वीं सदी तक, इजराइल और अमेरिका ने ड्रोन को स्वायत्त और हथियारबंद बनाकर क्रांति ला दी। भारत और पाकिस्तान की ड्रोन तकनीक में बढ़ती होड़ क्षेत्रीय स्थिरता पर सवाल उठाती है। हालांकि, पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के दावों में अतिशयोक्ति हो सकती है, क्योंकि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन की बढ़ती मौजूदगी दक्षिण एशिया में तनाव और टकराव का कारण बन सकती है, खासकर परमाणु हथियारों की उपस्थिति में।
भारत और पाकिस्तान दोनों ही अपनी ड्रोन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं और ताजा टकराव में यह साफ परिलक्षित हो रहा है। माना जाता है कि भारत के पास 2000-2500 ड्रोन हैं, जिनमें स्वदेशी एलएमएस ड्रोन और एआइ संचालित स्वार्म ड्रोन शामिल हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान तुर्की के बाय्राकटार और चीन के विंग लूंग ड्रोन पर निर्भर है, लेकिन उसकी संख्या और तकनीकी क्षमता भारत से कम है। भारत ने रूस से इग्ला-एस मिसाइलें और स्वदेशी रुद्रम-1 मिसाइलें तैनात की हैं, जो ड्रोन और निचले स्तर के विमानों को नष्ट करने में सक्षम हैं।
**भारत-पाक टकराव में ड्रोन का युद्धक उपयोग** : भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा रहा है और ड्रोन ने हाल के वर्षों में इस टकराव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मई 2025 में ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए एलएमएस (लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम) ड्रोन आइएपी हार्पी और हारोप ड्रोन का उपयोग किया। इन आत्मघाती ड्रोन ने न केवल आतंकी शिविरों को ध्वस्त किया, बल्कि लाहौर और रावलपिंडी में पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भी निष्क्रिय कर दिया। भारतीय वायुसेना के राफेल जेट और स्कैल्प मिसाइलों के साथ ड्रोन की यह संयुक्त कार्रवाई सटीक और प्रभावी थी, जिसने दर्जनों आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, और राजस्थान के 15 भारतीय शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले करने की कोशिश की। हालांकि, भारत के एस-400 वायु रक्षा तंत्र और एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड ने इन हमलों को नाकाम कर दिया।
पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने लाहौर, कराची, और रावलपिंडी जैसे शहरों में भारतीय ड्रोन हमलों का सामना किया, जिसमें चार सैनिक घायल हुए और नागरिक हताहत हुए। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि ये दावे पाकिस्तान के प्रचार का हिस्सा ही थे।, क्योंकि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।
**सामरिक दृष्टि से बढ़ रहा है ड्रोन का महत्व** : देखा जाए तो ड्रोन ने आधुनिक युद्ध की प्रकृति को बदल दिया है। उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरे, थर्मल इमेजिंग, और रडार से लैस ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। भारत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में निगरानी और टोह के लिये ड्रोन का उपयोग कर आतंकी ठिकानों की पहचान की है। हथियारों से लैस आत्मघाती ड्रोन सटीक हमले करने में सक्षम हैं, जिससे नागरिक हताहत कम होते हैं। भारत के हारोप ड्रोन ने पाकिस्तानी रडार सिस्टम को नष्ट करने में यह क्षमता दिखाई। ड्रोन खतरनाक मिशनों में मानव सैनिकों की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे सैन्य अभियानों की सुरक्षा बढ़ती है। कई ड्रोन एक साथ मिलकर हमला करते हैं, जिससे दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को भेदना आसान हो जाता है। भारत ने कृत्रिम बुद्धिमता संचालित स्वार्म ड्रोन में निवेश किया है। आर्थिक दृष्टि से देखा जाय तो पारंपरिक लड़ाकू विमानों की तुलना में ड्रोन सस्ते और कम रखरखाव वाले हैं, जिससे वे विकासशील देशों के लिए आकर्षक हैं। ड्रोन ने युद्ध के मैदान को हमेशा के लिए बदल दिया है। भारत-पाक टकराव और रूस-यूक्रेन युद्ध में उनकी भूमिका ने साबित किया कि वे न केवल सैन्य रणनीतियों का हिस्सा हैं, बल्कि भविष्य के युद्धों का आधार भी बन सकते हैं। भारत ने स्वदेशी ड्रोन निर्माण और उन्नत तकनीकों में निवेश कर अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जबकि पाकिस्तान विदेशी ड्रोन पर निर्भर है। हालांकि, ड्रोन की बढ़ती क्षमता और उनकी सुलभता ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए नए जोखिम भी पैदा किए हैं। भविष्य में, ड्रोन तकनीक और एंटी-ड्रोन सिस्टम के बीच संतुलन युद्ध के परिणामों को निर्धारित करेगा।
**रूस-यूक्रेन युद्ध में ड्रोन की भूमिका** : रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 में शुरू हुआ, ड्रोन युद्ध का एक वैश्विक उदाहरण बन चुका है। यूक्रेन ने रूसी ठिकानों पर सटीक हमले के लिए बायकर बाय्राकटार ड्रोन और स्वदेशी स्विचब्लेड जैसे आत्मघाती ड्रोन का उपयोग किया। मई 2025 में खारकीव पर रूसी हमले के जवाब में यूक्रेन ने रूस के नोवोरोसियस्क और रोस्तोव शहरों पर 170 से अधिक ड्रोन दागे, जिससे रूस को आपातकाल घोषित करना पड़ा। रूस ने भी कीव, ओडेसा, और खारकीव जैसे यूक्रेनी शहरों पर क्रूज मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए, जिनमें से अधिकांश को यूक्रेन की वायु रक्षा ने नाकाम किया। रूस-यूक्रेन युद्ध में ड्रोन की सफलता ने भारत और पाकिस्तान जैसे देशों को अपनी ड्रोन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ड्रोन ने न केवल टोही और निगरानी की भूमिका निभाई, बल्कि सस्ते और प्रभावी हथियार के रूप में दुश्मन के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में भी योगदान दिया।
**ड्रोन के प्रकार और उनकी विशेषताएं** : ड्रोन विभिन्न प्रकार और कार्यक्षमताओं में उपलब्ध हैं, जो उनकी उपयोगिता को और बढ़ाते हैं। जैसे मल्टी-रोटर ड्रोन, छोटे, स्थिर और आसानी से नियंत्रित ड्रोन हैं, जो फोटोग्राफी, निगरानी, और डिलीवरी के लिए उपयोगी हैं। इनकी सीमित रेंज उन्हें स्थानीय अभियानों के लिए उपयुक्त बनाती है। इसी तरह फिक्स्ड-विंग ड्रोन, हवाई जहाज जैसे डिजाइन के साथ, ये ड्रोन लंबी दूरी और अधिक उड़ान समय प्रदान करते हैं। भारत का रुस्तम-2 इसका उदाहरण है, जो 24 घंटे तक निगरानी कर सकता है। सिंगल-रोटर ड्रोन, हेलीकॉप्टर जैसे डिजाइन के साथ, ये भारी पेलोड उठाने में सक्षम हैं और विशेष सैन्य मिशनों में उपयोगी हैं। आत्मघाती ड्रोन (लॉइटरिंग मुनिशन) ड्रोन लक्ष्य पर टकराकर विस्फोट करते हैं। भारत के एलएमएस ड्रोन और इजराइल के हारोप ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी प्रभावशीलता साबित की है। जबकि कृषि ड्रोन, फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव, और मिट्टी विश्लेषण के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसी तरह डिलीवरी ड्रोन, दवाइयां और छोटे पैकेज पहुंचाने के लिए उपयोगी, ये आपातकालीन सेवाओं में महत्वपूर्ण हैं और अंडरवाटर ड्रोन, समुद्री निगरानी और अनुसंधान के लिए, जैसे कुंभ मेला 2025 में नदियों की निगरानी करता है।

# मध्यम वर्ग के लिए चिंता का सबब बन रहीं सोने की बढ़ती कीमतें

आर्थिकी



> सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार इसकी कीमत एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। सोना अब सिर्फ गहनों की मांग तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि लोग इसे निवेश और समृद्धि का प्रतीक मानकर भी खरीद रहे हैं। उम्मीद है कि केंद्र सरकार शीघ्र ही सोने-चांदी के दामों को नियंत्रित करने के उपायों पर काम करेगी। इन दिनों आसमान छूती सोने-चांदी की कीमतों के चलते अपने बच्चों की शादी की तैयारियों में जुटे अभिभावकों में असमंजस का माहौल व्याप्त है।

अनुज आचार्य

**उ**त्पादन के लिहाज से दुनिया में सोने की सबसे बड़ी खदान उज्बेकिस्तान के मुरुताऊ में है। 2015 में यहां से 61 टन सोना निकाला गया था। उम्मीद है कि केंद्र सरकार शीघ्र ही आभूषण उद्योग एवं स्वर्णकारों के साथ-साथ घरेलू उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए सोने-चांदी के दामों को नियंत्रित करने के उपायों पर काम करेगी। इस साल 22 अप्रैल मंगलवार को सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार इसकी कीमत एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। सोना अब सिर्फ गहनों की मांग तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि लोग इसे निवेश और समृद्धि का प्रतीक मानकर भी खरीद रहे हैं। आने वाले समय में सोने की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। वर्ष 2024-25 रिटर्न के लिहाज से 39 साल में सबसे अच्छा साल रहा है, जब सोने ने अपने निवेशकों को 33.31 फीसदी का रिटर्न दिया है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं ने भी सोने को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव से भी सुरक्षित निवेश के लिए सोने की वैश्विक मांग बढ़ी है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं। 2022 से 2024 के बीच कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने हर साल 1000 टन से अधिक सोना खरीदा है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार इस समय विश्व के देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका 8133.46 टन स्वर्ण भंडार के साथ नंबर एक पर है तो जर्मनी 3351.53, इटली 2451.84, फ्रांस 2437 और चीन 2279.56 टन स्वर्ण भंडारों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं, जबकि 876.18 टन स्वर्ण भंडार के साथ भारत विश्व में सातवें स्थान पर है। नवीनतम जानकारी के अनुसार, 2025 में भारत सरकार के स्वर्ण भंडार में 879.6 टन सोना था। भारत में लॉकडाउन लागू होने के बाद 02 अप्रैल 2020 में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रति दस ग्राम सोने के दाम 45131 रुपए थे और 11 अगस्त 2020 को चांदी महंगी होकर 74000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी और अब इन दोनों ही कीमती धातुओं ने एक लाख के आंकड़े को छू लिया है। भारतीय धर्म संस्कृति एवं स्थानीय रीति-रिवाजों के हिसाब से भारतीयों में सदैव सोने के प्रति दीवानगी एवं आकर्षण पाया गया है। हमारे देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के श्रृंगार में हीरे जवाहरात और सोने के आभूषणों का प्रयोग बहुतायत में देखा जा सकता है। भारतीय महिलाओं द्वारा शादी और धार्मिक अनुष्ठानों अथवा विशेष कार्यक्रमों में आभूषणों द्वारा अपना श्रृंगार करना अभी भी प्रचलन में है। यही वजह है कि शादी के मौके पर वर-वधू पक्ष द्वारा सोने की खरीददारी करना भी परंपरा का अभिन्न हिस्सा है और शुभ माना जाता है। आम भारतीय अपनी बचत का 11 फीसदी सोने में निवेश करता है। अनुमान है कि भारत में कुल 24000 टन सोना है जिसमें से अकेले भारतीय महिलाओं के पास 20000 टन सोना है। भारत में सोने का सालाना उत्पादन पंद्रह सौ किलोग्राम के आसपास है जबकि खपत लगभग 850 टन के आसपास है। भारत सरकार ने भी सोने की खरीद की ओर कदम बढ़ाए हैं और भारत का स्वर्ण भंडार करीब 28.56 अरब डॉलर का है। भारत हर साल लगभग 800 टन सोना आयात करता है। सोने के दामों में आगे कोई कमी आएगी, इस पर भी संशय बरकरार है। दुनिया भर में कुल सोने का 48 फीसदी जेवरात के रूप में लोगों के पास है।
विश्व भर में अब तक 1 लाख 90 हजार 40 टन सोना निकाला गया है। जिसमें से 01 लाख 26 हजार टन सोना तो केवल 1950 के बाद ही खनन द्वारा उत्पादित किया गया है। इसके अलावा मुथूट फाइनेंस, मणपुरम फाइनेंस जैसे निजी बैंकों के पास भी 200 टन सोना है। मंदिरों के पास भी करीब 2500 टन सोना है। विश्व में चीन सोने का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
2017 में चीन में 426.14 टन सोने का उत्पादन हुआ था। गोल्डमाइंस कम्पनी आस्ट्रेलिया के निदेशक निक स्पेंसर का मानना है कि भारत हर साल 100 टन सोने का उत्पादन कर सकता है और इस प्रक्रिया में देश के एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकता है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने राजस्थान के उदयपुर जिले में लगभग 11.48 करोड़ टन सोने के भंडार का अनुमान लगाया है।
देश का 88.7 फीसदी सोना कर्नाटक के कोलार, धारवाड़, हासन और रायचूर जिलों से निकाला जाता है।
कर्नाटक में 17 लाख टन सोने के अयस्क का भंडार है तो वहीं आंध्रप्रदेश, झारखंड और केरल से भी कुछ मात्रा में सोना निकाला जा रहा है। यदि आने वाले महीनों में इसी प्रकार सोने-चांदी के दामों में बढ़ोतरी होती रही तो निश्चित रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग वाले भारतीयों के लिए यह संकट का समय होगा।


प्रसंगवश

# सवाल के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाए सुरक्षा परिषद् ने

**सं**युक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से भी पाकिस्तान खाली हाथ लौटा। वह यह राहत महसूस कर रहा होगा कि सुरक्षा परिषद में उसके खिलाफ न तो बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। यह तसल्ली होगी कि कश्मीर का मुद्दा आज भी जिंदा है और उसका अंतरराष्ट्रीयकरण किया जा सकता है। पाकिस्तान के आग्रह पर ही सुरक्षा परिषद के मई महीने के अध्यक्ष यूनान ने बैठक जरूर बुलाई और वह भी बंद कमरे में आयोजित की गई, लेकिन सारांशतः वह बैठक बेमानी ही रही। सुरक्षा परिषद की ओर से न तो कोई बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया।
पाकिस्तान भी 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। उसी लिहाज से भारत-पाक के तनाव और युद्ध सरीखे हालात के मद्देनजर बैठक बुलाई गई। पाकिस्तान से सख्त सवाल भी किए गए। उसके 'आतंकवादी चरित्र' पर सवालों के साथ टिप्पणियां भी की गईं। यहां तक कहा गया कि पाकिस्तान ने युद्ध के हालात पैदा किए हैं। उसके मंत्रियों और फौजी जनरलों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बार-बार धमकियां भी दीं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय परमाणु नियंत्रण नियमों से बंधा और प्रतिबद्ध है। तनाव की स्थितियों में ही पाकिस्तान ने दो मिसाइलों का परीक्षण कर युद्ध को भड़काने का काम किया है। धार्मिक आस्था के आधार पर पहलगाम नरसंहार की निंदा तो की गई, चिंता भी जताई गई, लेकिन पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के अंतर्संबंधों पर सवाल पूछने के अलावा कुछ ठोस नहीं किया गया। यह सुरक्षा परिषद की गरिमा, शक्ति, विश्वसनीयता पर ही सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र का औचित्य ही क्या है? सुरक्षा परिषद में महाशक्तियां भी मौजूद थीं।
उनमें से 13 देशों ने भारत की 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' का भरपूर समर्थन किया है, लेकिन वे भारत की विनम्रता, शांतिप्रियता, क्षेत्रीय स्थिरता की दलीलें देते रहे। आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 28 मासूम और बेकसूर सैलानियों का कत्लेआम कर दिया, उस पर पाकिस्तान और आतंकी संगठनों की जवाबदेही तय करने का निर्णय नहीं लिया गया। आखिर भारत कब तक ऐसे वहशियाना हमले स्वीकार और झेलता रहेगा? बैठक में उपदेश दिए जाते रहे कि भारत युद्ध न करे। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव गुटेरस ने कहा कि भारत-पाक का टकराव 'आउट ऑफ कंट्रोल' हो सकता है। दोनों देश संयम बरतें और आपस में विवादों को सुलझाएं। गुटेरस की मध्यस्थता की पेशकश किसी भी देश ने स्वीकार नहीं की, लिहाजा उस पर भी कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका। यकीनन भारत और पाकिस्तान में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। भारत ने कूटनीतिक, आर्थिक, समुद्री बंदरगाह संबंधी और सिंधु जल संधि के प्रतिबंध पाकिस्तान पर थोपे हैं, उसके बावजूद लड़ाकू विमानों की गर्जनाएं सुनाई दे रही हैं और 244 जिलों में 'मॉक ड्रिल' के जरिए आम नागरिक को युद्ध के दौरान सुरक्षा के सबक सिखाए गए हैं। सवाल है कि सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य-देश जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद का 'छाया-युद्ध' बीते 30-35 सालों से भारत में जारी रखे है, लेकिन सुरक्षा परिषद बेजुबां और बेनतीजा रही है। क्या उसे बेमानी मान लिया जाए? युद्धों के कई उदाहरण हमारे सामने हैं। विध्वंस जारी हैं, मानवता के कत्लेआम किए जा रहे हैं, असंख्य लोग विस्थापित होकर शरणार्थी बन चुके हैं, भुखमरी के चौतरफा हालात हैं, लेकिन सुरक्षा परिषद कोई प्रभावशाली भूमिका नहीं निभा सकी है। अब भारत-पाक का तनाव सामने है। अब महाशक्तियों को सीमापार युद्ध को मान्यता देनी चाहिए। पाकिस्तान को जिम्मेदार और जवाबदेह करार दें और उस पर व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं। पाकिस्तान को एक 'गैर-जिम्मेदार देश' घोषित किया जाए। यह भी स्वीकार किया जाए कि उसकी फौज आतंकवाद का सहारा लेती है।

> संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धार्मिक आस्था के आधार पर पहलगाम नरसंहार की निंदा तो की गई, चिंता भी जताई गई, लेकिन पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के अंतर्संबंधों पर सवाल पूछने के अलावा कुछ ठोस नहीं किया गया।

## ।।गीता।।



**श्लोक :** अपर्याप्तं तदस्माकं बलं
भीष्माभिरक्षितम् ।
पर्याप्तं त्विदमेतेषां बलं
भीमाभिरक्षितम्।

**भावार्थ**
भीष्म पितामह द्वारा रक्षित हमारी वह सेना सब प्रकार से अजेय है और भीम द्वारा रक्षित इन लोगों की यह सेना जीतने में सुगम है।

जीवन दर्शन

# प्रार्थना का अर्थ मांगना नहीं, अहोभाव है

**वि**वेकानंद जी के पिता का जब देहांत हुआ, तो घर की हालत बेहद खराब थी। पिता मौजी आदमी थे, कुछ बचाया नहीं, घरकी हालत ऐसी हो गई कि खाने को भी दो रोटी जुटाना मुश्किल। रोज सुबह विवेकानंद अपनी मां को यह कहकर चले जाते कि आज मुझे किसी के घर का निमंत्रण मिला है और रास्तों पर भूखे घूमते रहते। लौट कर आते झूठमूठ डकार लेते। मां को कहते कि मेरा पेट भर गया है, तू भोजन कर ले क्योंकि वह इतना थोड़ा होता था कि या तो विवेकानंद भोजन कर ले या मां कर ले। रामकृष्ण जी को खबर लगी तो रामकृष्ण ने एक दिन विवेकानंद को कहा कि तू मंदिर में काली को क्यों नहीं कहता? तू जा कर प्रार्थना कर। अब विवेकानंद इनकार कैसे करते।

मंदिर गए, घंटा-भर लग गया। बाहर रामकृष्ण जी बैठे हैं, चबूतरे पर, राह देख रहे हैं। जब विवेकानंद बाहर निकले तो गदगद आंखों से आंसुओं की धार बह रही है, मस्ती की तरंग छाई हुई। तीन दिन के भूखे हैं, ये तो भूल ही गए हैं। आनंद-मग्न हैं। आकर रामकृष्ण जी के चरणों में गिर पड़े। रामकृष्ण जी ने कहा- तूने कह दिया न? तूने प्रार्थना कर ली न? विवेकानंद ने कहा- अरे! मैं तो भूल ही गया। मैं प्रार्थना में ऐसा मस्त हो गया!! रामकृष्ण जी ने कहा- फिर से जा।
ऐसा तीन बार हुआ और तीसरी बार विवेकानंद बाहर आए और रामकृष्ण जी को देखा और कहा कि माफ करें, यह शायद मुझसे हो नहीं पायेगा। जैसे ही मैं वहां जाता हूं, मेरी प्रार्थना मुझे ऐसा घेर लेती है कि छोटी-छोटी बातें करने का सवाल ही नहीं उठता। छोटी-छोटी बातें करूं, यह बात अभद्र लगती है। यह मुझसे नहीं हो सकेगा रामकृष्ण जी। नजरें झुकाकर फिर से बोले गुरु जी, क्षमा कर दें!! यह मुझसे नहीं हो सकेगा। रामकृष्ण जी ने छाती से लगा लिया और कहा- इसीलिए तुझे तीन बार भेजा, मैं देखना चाहता था, क्या अब भी प्रार्थना में तू कुछ मांग सकता है या नहीं? मगर नहीं मांग सका तो तू प्रार्थना की कला सीख गया। अब मैं निश्चित हूं। तुझे प्रार्थना करना आ गई।
प्रार्थना मांग नहीं है, हालांकि प्रार्थना शब्द का ही अर्थ हमने मांगना कर लिया है। मांगने वाले को प्रार्थी कहते हैं। वह शब्द का अर्थ ही हमने भ्रष्ट कर लिया। प्रार्थी का अर्थ मांगनेवाला नहीं, प्रार्थी का अर्थ झुकनेवाला है। प्रार्थना का अर्थ मांगना नहीं है, प्रार्थना का अर्थ अहोभाव है ...
क्या तुम सोचते हो, तुम्हारी प्रार्थना परमात्मा के हृदय को बदलने के लिए है? जब तुम मंदिर से जाते हो और कहते हो हे प्रभु, नौकरी नहीं मिलती, कि पत्नी बीमार है, कि बेटा नालायक हुआ जा रहा है, कुछ करो, तो तुम क्या कर रहे हो? तुम यह कर रहे हो कि प्रार्थना से परमात्मा का हृदय बदलने की कोशिश कर रहे हो। नहीं, यह प्रार्थना नहीं है। वस्तुतः प्रार्थना में प्रार्थना करने वाले का हृदय बदलता है; परमात्मा का हृदय बदलने का कोई सवाल नहीं है। प्रार्थना करने में ही हृदय बदल जाता है।

-ओशो

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत हुए विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी



**विसं, भोपाल।** विधानसभा में अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने वाले लोक सेवकों को विदाई दी गई। इस मौके पर प्रमुख सचिव ने उनके अच्छे भविष्य की कामना की और उनके सेवा कार्य को सराहा। सचिवालय में तकनीकी संचालक एसएस राजपाल, अनुभाग अधिकारी, जयंती रामहरिया, सहायक ग्रेड-2 गीता ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 घनश्याम सिंह, अब्दुल सलीम, प्रवीण कुमार जैन, राम प्रसाद शर्मा, गोपाल सोनी एवं फर्राश कन्हैयालाल चौरसिया को अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके दीर्घायु जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। अगस्त 2024 से अप्रैल 2025 में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति उपरांत लोक सेवकों का एक साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सचिव अरविंद शर्मा के अलावा दूसरे अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### राज्य सरकार ने उग्र संगठनों पर प्रतिबंध एक साल बढ़ाया

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने भूमिगत नक्सली संगठन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के खिलाफ लगाया प्रतिबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है। प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए सीपीआई (माओवादी) के दो अन्य उग्र संगठनों क्रांतिकारी किसान कमेटी (केकेसी) और क्रांतिकारी जन कमेटी (केजेसी) पर भी प्रतिबंध की अवधि एक साल के लिए बढ़ा दी है। प्रदेश सरकार ने इन तीनों संगठनों को विधि विरुद्ध संगठन घोषित करते हुए इन्हें प्रतिबंधित किया था। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में सक्रिय नक्सली इन्हीं संगठनों से जुड़े हुए हैं। गृह विभाग ने मध्यप्रदेश विशेष क्षेत्र सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिबंध की अवधि में इजाफा किया है।

### दैवेभो कर्मचारियों के श्रेणी परिवर्तन के आदेश जारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि ने कर्मचारी मंच की दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का श्रेणी परिवर्तन करने की मांग को मंजूर करते हुए 28 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के श्रेणी परिवर्तन करने के आदेश जारी कर दिए हैं। कर्मचारी मंच ने आदेश जारी करने पर विश्वविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि आरजीपीवी के स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कर्मचारी मंच के बैनर तले पिछले आठ माह से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन मांगों को संज्ञान में नहीं ले रहा था।

### राजभवन ने बीयू को दिए कार्यपरिषद के सदस्य

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा शुक्रवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में सदस्यों को मनोनीत किया गया है। कार्य परिषद में पंडित सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान के निदेशक डॉ दीपक पालीवाल, शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त अपर संचालक धीरेन्द्र चतुर्वेदी, समाज सेवी अनिल कुमार पिल्लई, डॉ किरण शेजवार, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता विक्रांत सिंह कुमरे और डॉ भारती कुम्भारे साटनकर को शामिल किया गया है। उक्त सभी सदस्यों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए तय किया गया है।

# 10वीं-12वीं के री-एग्जाम से फीकी पड़ी रुक जाना नहीं स्कीम

## री-एग्जाम के लिए एमपी बोर्ड 21 तक जमा कराएगा परीक्षा फार्म

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर नया नियम लागू किया है। इस बदलाव के तहत 17 जून से 10वीं और 12वीं के री-एग्जाम आयोजित किए जाएंगे। इसके चलते प्रदेश में पहले से चल रही 'रुक जाना नहीं' योजना फीकी पड़ गई है। विद्यार्थी 'रुक जाना नहीं' से परीक्षा देंगे, तो उनकी अंकसूची ओपन बोर्ड की आयेगी। एमपी बोर्ड की दूसरी परीक्षा से बोर्ड भी नहीं बदलेगा और चार विषय की परीक्षा पर फीस में छूट भी मिलेगी। विषय तीन हों या चार विद्यार्थियों को फीस के तौर पर 1500 रुपए ही जमा करना होंगे। जबकि ओपन बोर्ड में 450 और 500 रुपए प्रति विषय फीस लग रही है। एमपी तीसरा राज्य है, जो साल में दो बार बोर्ड परीक्षा का आयोजन कराएगा। इसमें एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं के फेल विद्यार्थी शामिल होंगे। उनके साथ कम अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी भी दूसरी परीक्षा में शामिल होकर अपनी श्रेणी में सुधार कर सकेंगे। री-एग्जाम के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा होना शुरु हो गए हैं। विद्यार्थी अंतिम तिथि 21 मई तक फार्म जमा कर सकते हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए अब पूरक परीक्षा की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। जब तक दूसरी परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों का रिजल्ट नहीं आ जाता, तो उन्हें अगली कक्षा में अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। उसके बाद दूसरी परीक्षा में पास होने पर उनकी उपस्थिति भी मानी जाएगी।



### अब साल में दोबार आयोजित होंगी परीक्षाएं

प्रदेश में अब हर वर्ष 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी। पहली फरवरी-मार्च में और दूसरी जुलाई-अगस्त में। स्कूल शिक्षा विभाग ने 'माध्यमिक शिक्षा मंडल विनियम 1965' में संशोधन कर यह व्यवस्था लागू कर दी। जो छात्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की पहली परीक्षा में फेल हो गए, अनुपस्थित रहे या अपना स्कोर बेहतर करना चाहते हैं, वे दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। इन दोनों परीक्षाओं के नंबर्स के आधार पर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को पहले ऐसे हो रहा था नुकसान

एमपी बोर्ड के इस फैसले से पहले तक केवल ऐसे विद्यार्थी को सप्लीमेंट्री एग्जाम में शामिल होने का मौका मिलता था, जो एक विषय में फेल होते थे। इससे अधिक विषय में फेल छात्र-छात्राओं को रुक जाना नहीं योजना के तहत मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के जरिए परीक्षा देना पड़ती थी। इसमें परीक्षा देने वाले विद्यार्थी को पहले की परीक्षा एमपी विद्यार्थी बोर्ड से देने के बावजूद ओपन बोर्ड की मार्कशीट दी जाती थी, जिसे कई कॉलेज कम महत्व देते हैं।

### रुक जाना नहीं योजना का नियम

रुक जाना नहीं योजना के तहत एमपी बोर्ड के कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में फेल छात्र दोबारा परीक्षा देकर अपनी शिक्षा जारी रख सकते हैं। परीक्षाएं साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित होती है। हालांकि इसमें पहली यानि जून की परीक्षा में शामिल होने वाले 12वीं के विद्यार्थी को ही कॉलेजों में प्रवेश मिल पाता है।

### डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा 22 से



मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) की प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होंगी, जो 13 जून तक चलेंगी। डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) की द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 23 मई से 11 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक रहेगा।

## सीएम ने स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा

# भारत-पाक में तनाव के बीच प्रदेश में अलर्ट, बढ़ाई गई सुरक्षा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पाकिस्तान के नापाक इरादे के बाद बिगड़े हालात को लेकर मध्यप्रदेश को भी अलर्ट रहने को कहा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरे हालात को लेकर आवश्यक बैठकें कर रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क में हैं। इधर राज्य शासन के निर्देश के बाद संवेदनशील क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार के निर्देश के बाद मध्यप्रदेश ने सुरक्षा को लेकर एहतियाती कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने गुरुवार को गोपनीय बैठक कर अधिकारियों के जरूरी निर्देश दिए। बताया गया है कि शुक्रवार को भी दिनभर सीएम ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क साधे रखा और उनसे जरूरी जानकारी भी ली। सीएम ने स्वास्थ्य सहित दूसरे विभागों के अधिकारियों से भी चर्चा कर उन्हें किसी भी संभावित परिस्थितियों से निपटने पूरी तैयारी करने को कहा है। सीएम ने संवेदनशील जिलों के अधिकारियों से भी चर्चा की है और उन्हें विशेष निर्देश दिए हैं। इंदौर में धारा 163 लगाई गई है, जिसका उल्लंधन करने पर धारा 223 के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है। वहां पर आगामी 4 जुलाई तक सभी तरह के आयोजन बैन कर दिए गए हैं। आवश्यक होने पर अनुमति लेनी पड़ेगी। इसी तरह सोशल मीडिया पर भी नजर रखने को कहा गया है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक, आपत्तिजनक और अफवाह फैलाने वाली जानकारी पोस्ट नहीं करें। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई है। इसी तरह जबलपुर में भी आपात स्थिति से बचने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। वहां सिविल डिफेंस और पुलिस कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जहां 24 घंटे अधिकारी और जवान तैनात किए जाएंगे, जिनके द्वारा 8-8 घंटे की ड्यूटी की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को बैठक ली।

### बांधों की सुरक्षा पर नजर रखने के दिए निर्देश

जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी अपने विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वो बड़े जलाशयों और बांधों पर सुरक्षा की दृष्टि से नजर रखें, जिससे किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके। सिलावट ने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टी भी निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। बतौर प्रभारी मंत्री सिलावट ने ग्वालियर में सभी वार्डो की मेंपिंग कर पर्याप्त सायरन लगवाने और अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### नागरिक सेवाओं पर ध्यान दें व राष्ट्र विरोधी प्रचार पर अंकुश लगाया जाए

मुख्यमंत्री ने अपने निवास समत्व भवन में भी प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये।

### सुरक्षा बढ़ाई गई, सीएम के काफिले के वाहनों में अब पोर्टेबल बुलेट प्रूफ शील्ड

इधर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनकी सुरक्षा में पोर्टेबल फोल्डआउट बैलिस्टिक शील्ड शामिल की गई है। उल्लेखनीय है कि पोर्टेबल फोल्ड आउट बैलिस्टिक शील्ड को पोर्टेबल बुलेट प्रूफ शील्ड भी कहा जाता है। जिसे किसी भी तरह की आशंका या हमले के दौरान खोला जा सकता है। सुरक्षा बलों को किसी भी खतरे या संदिग्ध गतिविधि का अंदेशा होता है तो उनके द्वारा बचाव के लिए शील्ड को नीचे की ओर झटका देकर खोल दिया जाता है, जिससे व्यक्ति को सुरक्षा मिलती है। इसके अलावा सीएम सुरक्षा में अधिकारी और जवानों की संख्या में भी वृद्धि की गई है।

### इसरो, सैन्य छावनियों सहित ऑर्डनेंस फैक्ट्रियों की बढ़ी सुरक्षा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भारत-पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर प्रदेश सरकार भी हाई अलर्ट पर है। शुक्रवार को अहम फैसला लेते हुए सभी प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और चौकस करने के निर्देश दिए गए है। प्रदेश के पुलिस मुखिया कैलाश मकवाना ने सीएम के साथ हुई बैठक के उपरांत सूबे के सभी एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीधे संवाद किया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीजीपी ने प्रदेश के सभी बड़े शहरों में स्थित एयरपोर्ट और अहम रेलवे जंक्शनों पर भी लोगों और सामान की तलाशी के साथ सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने के निर्देश पुलिस और जीआरपी को दिए हैं। वीसी के दौरान फील्ड में पदस्थ सभी अफसरों को डीजीपी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए हर वक्त तैयार रहने के भी निर्देश देते हुए चेकिंग बढ़ाने को कहा है। पुलिस विभाग के मुखिया ने सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों, सार्वजनिक स्थान, हाईराइज बिल्डिंग, धर्म स्थल पर भी चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हालात को देखते हुए राजधानी में स्थित पुलिस मुख्यालय के मुख्य भवन समेत प्रदेश के अन्य सभी अहम केंद्रीय कार्यालयों जैसे इसरो, सैन्य छावनियों, ऑर्डनेंस फैक्ट्रियों और सामरिक नजरिए से अहम दफ्तरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां पर हर आने-जाने वाले को पूछताछ के बाद ही एंट्री मिलेगी। इसके साथ ही इंटेलिजंस विंग को सभी खुफिया सूचनाएं केंद्रीय एजेंसियों से साझा करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने इसके साथ ही साइबर पुलिस को सोशल मीडिया की सख्त मॉनिटरिंग के साथ राष्ट्रविरोधी पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सांप्रदायिक तनाव और स्लीपर सेल पर पुलिस की पैनी नजर

### अलर्ट करने हर थानों के साथ चौराहों पर सायरन सिस्टम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भारत-पाक के बीच चल रहे हालातों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को डीजीपी कैलाश मकवाणा ने वीसी के जरिए सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को साम्प्रदायिक तनाव, स्लीपर सेल को लेकर खास एहितयात बरतने के निर्देश दिए हैं। अराजकतत्व गलतफहमी, पूर्वाग्रह, सामाजिक असमानता, राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं। इसलिए पुलिस अधिकारी इस पर विशेषतौर पर नजर रखें। ऐसा करने का दुस्साहस करने वालों सख्त कार्रवाई करें। इसके अलावा भोपाल पुलिस ने आपात हालात की सूचना देने के लिए हर थानों में सायरन सिस्टम लगाएगी। वहीं, नगर निगम चौराहों पर सायरन सिस्टम लगाएगी। जिससे कि अलर्ट की जानकारी सब को जल्द मिल सके। प्रयास किया जा रहा कि सायरन सिस्टम की सेंट्रलाइज व्यवस्था की जाए। जिससे कि एक साथ सभी जगह के सायरन ऑन किए जा सकें। पुलिस नगर सुरक्षा समितियों के सदस्यों को करीब 1 हजार व्हीसिल देने की योजना बनाई है। इनके जरिए दूर-दराज एरिया में व्हीसल बजाकर अलर्ट किया जाएगा। सरकारी भवनों पर भी सायरन लगाए जाएंगे। जिससे कि कोई अप्रिय स्थिति बनने पर सरकारी कर्मचारियों को अलर्ट किया जा सके। वहीं कम्यूनिकेशन के लिए एक इंटरनल सिस्टम तैयार किया जा रहा है। जिसमें सभी विभाग के अधिकारी जुड़े रहेंगे। जिससे कोई भी जानकारी सबके पास एक साथ पहुंचेगी।

#### सोशल मीडिया में पेट्रोलिंग

पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुई है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने बताया कि हालातों को लेकर अपुष्ठ जानकारी, भ्रामण मैसेज अपलोड करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीम अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खुद ही जांच कर रही है। शिकायत नहीं मिलने पर भी पुलिस अपने स्तर पर ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शहर में मॉकड्रिल चलती रहेगी। वहीं, सड़कों पर पुलिस जांच करेगी।

## दो आईएएस का ट्रांसफर, धनंजय भदौरिया होंगे जबलपुर कमिश्नर

### भोंडवे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त बने

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को प्रदेश शासन ने दो आईएएस अफसरों के तबादले करते हुए उनकी नई पदस्थापना की है। जबलपुर में ९ दिनों से खाली पड़े संभागायुक्त के पद पर धनंजय सिंह भदौरिया को भेजा गया है। 2006 बैच के आईएएस धनंजय अब तक अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त थे और अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के एमडी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। इसके अलावा 2007 बैच के प्रतीक्षारत आईएएस संकेत एस भोंडवे को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त पद की कमान सौंपी गई है। एम सिबी चक्रवर्ती और मीनाक्षी सिंह को अतिरिक्त प्रभार धनंजय सिंह भदौरिया के जबलपुर कमिश्नर बनाए जाने पर अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की उप सचिव मीनाक्षी सिंह को वर्तमान दायित्व के साथ अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त और अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मीनाक्षी 2013 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इसके अलावा संकेत भोंडवे के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कमिश्नर बनने के बाद इस पद का अतिरिक्त प्रभार 2008 बैच के एम सिबी चक्रवर्ती से वापस लेते हुए उन्हें मप्र भवन विकास निगम के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आदेश के अनुसार एम सिबी चक्रवर्ती मुख्यमंत्री के सचिव का पद पहले की तरह संभालते रहेंगे।

**मंडला किले का 15 करोड़ से होगा जीर्णोद्धार**

## मप्र की जनजातीय कला ने पूरी दुनिया में हुनर दिखाया : सीएम

### रवींद्र भवन में तीन दिवसीय जनजातीय शिल्प महोत्सव शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे राज्य की जनजातीय कला और कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐसी कलाएं मां सरस्वती की विशेष कृपा से संभव नहीं है। उन्होंने पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाया है। सीएम शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टेग प्राप्त हो चुका है, जो इस चित्रकला और इससे संबंधित चित्रकारों को वैश्विक सम्मान मिलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है। हमने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के संपूर्ण जनजातीय वर्ग को विकास मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इन योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम तेजी से प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार के लिए 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

### राज्य में खुलेंगे ट्राइबल मार्ट

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि बदलते दौर में जनजातीय कला, संस्कृति और परम्पराओं के विलुप्त होने की आशंका बढ़ती जा रही है। इसीलिए हमारी सरकार जनजातीय महोत्सव, ट्राइबल आर्ट फेयर जैसे आयोजन कर जनजातीय कला-संस्कृति के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जनजातीय कलाकारों और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर जनजातीय क्षेत्रों में ट्राइबल मार्ट खोले जाएंगे। प्रारंभ में शहडोल, धार, खण्डवा एवं मंडला में ट्रायबल मार्ट खोले जा रहे हैं। इसके लिए योजना मद में एक-एक करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इन ट्रायबल मार्ट्स का संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। शाह ने बताया कि जनजातीय वर्ग के युवाओं और स्कूली छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें, जबलपुर ,शहडोल,ग्वालियर,इंदौर और भोपाल संभाग में आदिवासी युवाओं को सिविल सेवाओं,नीट परीक्षाओं की ट्रेनिंग दी जाएगी।

**तबादला** | तीन विभागों ने बनाई अपनी पॉलिसी, लेकिन आवेदन लेने नहीं किए शुरू

# आवेदन प्रक्रिया 8 दिन बाद भी नहीं हो सकी शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों से प्रतिबंध भले ही 1 मई से हट गया हो, लेकिन अब तक कई विभागों में स्थानांतरण को लेकर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। 8 दिन बाद उच्च शिक्षा और हेल्थ एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग ने ऑनलाइन आवेदन लेने की बात कही है। इसमें आने वाले एक दो दिन में आवेदन करने को कहा गया है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों पर 1 मई से प्रतिबंध हटाए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी कई विभागों में आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अपना पोर्टल तैयार कर दिया है, जिसमें 13 मई से आवेदन मांगे गए हैं। इसी तरह उच्च शिक्षा विभाग ने भी शुक्रवार को ऑनलाइन आवेदन करने का आदेश जारी कर दिया है। इसमें 10 मई से आवेदन मांगे गए हैं। गौरतलब है कि मोहन सरकार ने तबादला नीति को कैबिनेट से मंजूर किए जाने के बाद निर्देश दिए थे कि विभाग चाहें तो तबादलों के लिए अपनी अलग नीति बना सकते हैं। लेकिन स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा ने ही अब तक अपनी पॉलिसी तय की है, ऐसे में दूसरे सभी विभाग सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन के आधार पर ही स्थानांतरण करेंगे। जिन विभागों ने पॉलिसी बनाई है, उन्होंने भी अब तक स्थानांतरण आवेदन लेना शुरू नहीं किए हैं, जबकि नई तबादला नीति के आधार पर प्रदेश में 30 मई तक तबादले हो सकेंगे। ऐसे इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आवेदन करने के लिए कम समय मिल सकेगा।



### कर्मचारियों की मांग: मौजूदा हालत पर भी ध्यान दे सरकार

इधर कर्मचारी संगठनों ने तबादलों को लेकर अलग मांग शुरु कर दी है। मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे का कहना है कि देश में तनाव है। ऐसे में प्रदेश सरकार को भी स्थानांतरण करते वक्त ऐसे हालात पर नजर रखनी होगी। यह समय ऐसा है कि कर्मचारियों को परिवार से दूर भेजने पर उन्हें परेशानी हो सकती है और पूरा परिवार इससे परेशान हो सकता है। ऐसे में अभी प्रशासनिक आधार पर तबादले न किए जाएं बल्कि ऐसे कर्मचारियों के ही तबादले किए जाएं जो स्वेच्छा से आवेदन कर रहे हैं।

### हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन ने बनाया पोर्टल, 13 से होंगे आवेदन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन व्यवस्था तैयार की है। इधर लोक स्वस्थ एवं चिकित्सा विभाग ने अपने चिकित्सकों से लेकर कर्मचारियों के तबादले के आवेदन ऑनलाइन लेने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग ने एचआरएमएस पोर्टल बनाया है। जिसमें अगले सप्ताह 13 मई से स्थानांतरण के लिए आवेदन होने शुरु हो जाएंगे। विभाग ने सभी जिलों से दोनों विभागों में रिक्त पदों की जानकारी मांग ली है, जिन्हें 11 मई तक उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी जिलों को खाली पदों की जानकारी पोर्टल पर डालने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य और हेल्थ एजुकेशन के अधिकारी कर्मचारी अपने स्थानांतरण के लिए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिसमें उन्हें तबादले के स्थान के साथ 3 अन्य विकल्प भी देने होंगे। संबंधित विकल्पों में से किसी एक स्थान पर तबादले का विचार किया जाएगा। इधर, स्कूल शिक्षा विभाग, पटवारी संवर्ग के तबादलों के लिए भी आवेदन ऑनलाइन बुलाए जा रहे हैं। इन विभागों ने भी कर्मचारियों की सुविधा के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# 70 अंकों के पूछे जाएंगे 15 सवाल, 30 इंटरनल परीक्षा में मिलेंगे

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने स्नातक के चौथे वर्ष की परीक्षा की स्कीम जारी कर दी है। चौथे साल में विद्यार्थियों को 70 अंकों का पेपर हल करना होगा। जबकि 30 अंक उन्हें बाह्य (इंटरनल) परीक्षा में दिए जाएंगे। यह परीक्षा 19 या 20 मई से शुरू हो सकती है। प्रदेश के सभी विवि को यूजी के चौथे वर्ष में रिसर्च और आनर्स की डिग्री देने के लिए परीक्षाएं कराना है। इसकी शुरुआत बीयू ने कर दी है। बीयू ने परीक्षा की स्कीम बनाकर परीक्षा लेने की तैयारी भी शुरू कर दी है। बीयू रिसर्च और आनर्स के लिए अलग-अलग परीक्षाएं कराएगा, लेकिन दोनों में अंक और प्रश्नों की स्थिति एक समान होगी। परीक्षा में कुल 15 प्रश्न रखे जाएंगे, जिसमें से विद्यार्थियों को आठ सवाल हल करना होंगे। इसमें अति लघुत्तरीय में चार प्रश्न रखे जाएंगे, जिसमें विद्यार्थियों को कोई दो सवाल हल करना होंगे। हर प्रश्न के जवाब पर विद्यार्थी को तीन अंक दिए जाएंगे। इससे उसे छह अंक हासिल होंगे। इसमें शब्दों की सीमा 50 रखी गई। इसके बाद लघुत्तरीय में विद्यार्थियों को सात सवाल दिए जाएंगे, जिसमें से उन्हें कोई चार के जवाब लिखना होंगे। हर प्रश्न का जवाब 200 शब्दों में देना है। हर प्रश्न के जवाब पर विद्यार्थी को नौ अंक दिए जाएंगे। अंत में विद्यार्थियों को चार में से दो दीर्घ उत्तरीय सवालों के जवाब देना होंगे। इसमें कम से कम 500 शब्दों में जवाब लिखना होगा। पूरा पेपर 15 सवालों का होगा, जो 70 अंकों के लिए होगा। विद्यार्थियों को सभी सवालों के जवाब तीन घंटे में हल करने होंगे। बीयू 100 अंकों की परीक्षा करने के लिए तीस अंकों की बाह्य परीक्षा भी लेगा। बीयू परीक्षा कराने के लिए टाइम टेबिल तैयार करने में लगा हुआ है, जो आज कल में जारी हो सकता है।



### चौथे साल के लिए प्रदेश में 26 हजार प्रवेश

यूजी के चौथे साल में करीब 26 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। इसमें आनर्स में 25 हजार 400 विद्यार्थियों के प्रवेश हुए थे। जबकि 600 विद्यार्थियों ने रिसर्च में प्रवेश लिए था। बीयू के खाते में करीब छह हजार विद्यार्थी ही आए हैं।

# सामूहिक प्रयासों से अवैध नशा और साइबर अपराध होंगे नियंत्रित : आईजी






## आईजी गौरव राजपूत ने मऊगंज में लगाया जन चौपाल

**मऊगंज ब्यूरो।** रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत ने मऊगंज जनपद सभागार में आपका आईजी, आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत जन चौपाल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याएं सुनना, उनसे संवाद करना और अपराध नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना रहा। जन चौपाल में आईजी गौरव राजपूत ने क्षेत्र में फैले अवैध नशे जैसे कोरेक्स, फैंसीड्रिल, ऑनरैक्स, विनरैक्स, गांजा, चरस, अफीम, ब्राउन शुगर आदि के कारोबार पर सख्त रुख अपनाते हुए लोगों से इनकी जानकारी साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के नाम, पते, मोबाइल नंबर, गाड़ी नंबर एवं कार्य करने का तरीका इत्यादि की जानकारी मोबाइल नंबर 9479997336 पर साझा करें। साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### साइबर अपराधों से रहें सतर्क

आईजी ने लोगों को साइबर अपराध से सतर्क करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी को भी ओटीपी, पासवर्ड, पिन नंबर या गोपनीय जानकारी साझा न करें। अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को स्वीकार न करें, अश्लील फोटो/वीडियो न बनाएं और न ही मोबाइल में रखें। उन्होंने फेक कॉल्स, डिजिटल गिरफ्तारी, एसएमएस लिंक और फर्जी एप डाउनलोड के जरिए हो रही धोखाधड़ी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### पुलिस बनकर साइबर अपराधी करते हैं कॉल

आईजी ने बताया कि साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के जरिए लोगों को केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे मांगते हैं। ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत कॉल काट दें और पुलिस को सूचित करें।

### समय सीमा में शिकायतों का निराकरण की मांग

जन चौपाल में जनपद सदस्य शेख मुख्तार सिद्दीकी ने मांग की कि सभी शिकायतों का समयसीमा के भीतर निपटारा किया जाए और फर्जी अपराधों को रोका जाए। राजू सिंह सेंगर ने जन चौपाल को गांव-गांव तक पहुंचाने की बात कही, जिससे राजस्व एवं पुलिस विभाग मिलकर अपराध नियंत्रण में कारगर सिद्ध हो सकें।

### बहुती जलप्रपात में होगी पुलिस बल की तैनाती

नईगढ़ी से आए अखिलेश पटेल ने बहुती जलप्रपात पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की, जिसे आईजी ने स्वीकारते हुए एसपी को बल तैनात करने के निर्देश दिए। वहीं सीतापुर में चौकी खोलने और मऊगंज जिले में पुलिस बल की कमी पर सुखवंत प्रसाद मिश्रा की मांग पर आईजी ने 50-60 पुलिसकर्मियों की शीघ्र तैनाती की बात कही।

### इनकी रही उपस्थिति

इस जन चौपाल में मऊगंज पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, टीआई गिरिश धुर्वे, थाना प्रभारी मऊगंज राजेश पटेल, थाना प्रभारी हनुमना अनिल काकडे, नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश ठाकुर, लौर थाना प्रभारी गोविंद तिवारी, शाहपुर थाना प्रभारी अजय खोबरागड़े, टीआई सनत कुमार द्विवेदी एवं सूबेदार एवं यातायात प्रभारी अमरीश साहू सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज विक्रम सिंह ने किया।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने किया जागरूक

## शासकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़वा लखन खोरिहान में शिविर संपन्न




**मऊगंज ब्यूरो।** शासकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़वा लखन खोरिहान ग्राम पंचायत मुडिला में सरपंच प्रतिनिधि अभिराज कुशवाहा द्वारा आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच प्रतिमा चंदन कुशवाहा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना एजुकेशन लोन के साथ-साथ साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी और उन्होंने कहा कि आप लोग अपने-अपने खाते में केवाईसी डीबीटी एवं नॉमिनी अवश्य करा ले ताकि आपकी कोई भी राशि शासन स्तर से आए तो उसमें कोई दिक्कत ना हो और सभी लोग अपने-अपने खाते में मोबाइल जरूर लिंक कर ले ताकि कोई भी पैसा आए या निकले तो मैसेज के माध्यम से जानकारी प्राप्त हो जाए। बहुत सारी योजनाएं सरकार द्वारा संचालित हैं परंतु जानकारी के अभाव में लोगों को जितना लाभ मिलना चाहिए उतना नहीं मिल पाता था इसलिए जो भी जानकारी दी गई है उसको सुनकर समझकर बैंक में जाकर जो जो जिस योजना का पात्र हैं, उसको जरूर करा लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम पंचायत की सरपंच ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि हमारे ग्राम पंचायत में इतना सुंदर आयोजन हुआ हमारे ग्राम पंचायत के हितग्राही अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का लाभ लेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ललिता साकेत, संतोष कुमारी जायसवाल, सुनैना जैसवाल, छोटी प्रजापति, लल्ली देवी, रामकली अहिरवार, मीना विश्वकर्मा, आशा कार्यकर्ता, रजनी चौरसिया, विमला कुशवाहा, गीता तिवारी, सीमा विश्वकर्मा रानू विश्वकर्मा किरण विश्वकर्मा संजय जायसवाल हीरालाल जायसवाल राम निधि प्रजापति राम प्यारे साहू दिलीप कुमार विश्वकर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि अभिराज कुशवाहा द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# बराव गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 11 मई को

## सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण

**आंचलिक डेस्क।** श्री रामानुज जन कल्याण समिति के द्वारा मऊगंज के ग्राम बराव के गणेशन मन्दिर परिसर मे 11 मई (रविवार) को एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा नेत्र परीक्षण, हृदय रोग, अस्थि रोग, दंत रोग, बाल्य एवं शिशु रोग, स्त्री रोग, आँख कान गला रोग, मधुमेह, बीपी आदि रोगों का निःशुल्क जांच, निःशुल्क दवा वितरण एवं चिकित्सीय परामर्श करायी जा रही हैं जिसमें सभी रोग के विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया जायेगा शिविर के प्रयोजनकर्ता विजय मिश्रा एवं अरविंद मिश्रा का मानना है कि जीवन का सबसे बड़ा सुख निरोगी काया हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर में आकर इसका लाभ लें।

# देवतालाब में 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न



**दुआरी, नि.प्र.।** रजिस्टर्ड भोजवाल समाज कल्याण समिति देवतालाब के तत्वाधान में 12वां सामूहिक आदर्श विवाह एवं परिचय सम्मेलन 8 मई 2025 दिन गुरुवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर देवतालाब में बड़े ही धूमधाम से 21 जोड़ों का पंजीयन होकर शासन प्रशासन और भोजवाल समाज कल्याण समिति देवतालाव के समस्त पदाधिकारिओं की उपस्थिति में हिंदू रीति रिवाज, वैदिक परंपरा अनुसार समस्त वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। दुआरी एवं इटार गांव से इस विशाल समारोह में शामिल होने वालों में डॉक्टर प्रकाश नारायण वर्मा सचिव समाजसेवी संतलाल रजक, रहीश अग्निहोत्री, रिया वर्मा, रौनक वर्मा, विपुल वर्मा, अनिल वर्मा, रामसजीवन, पवन, गुड्डू, विजय, अंबुज व्यवस्थापक मानिकचंद वर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# अतिक्रमण की कार्यवाही भेदभावपूर्ण : ज्योति गुप्ता

## चिन्हित दुकानों पर कार्यवाही, अन्य सभी दुकानें अतिक्रमण मुक्त नहीं

**हनुमना, नि.प्र.।** भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता ज्योति गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह आरोप लगाया है कि नगर परिषद अधिकारी द्वारा कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए जाने पर जनता जनार्दन में आक्रोश व्याप्त है ऐसा इसलिए कि धर्मशाला प्रांगण सीधी रोड रीवा मिर्जापुर रोड में कई दुकानें आज भी अतिक्रमण की चपेट में लगी हुई हैं। नगर परिषद् अधिकारी द्वारा कुछ लोगों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तो की गई, उनका सामान भी जब्त किया गया किंतु अन्य दुकानदारों पर यह कार्रवाई न होने से लोगों ने आक्रोश व्याप्त है। ज्योति गुप्ता ने कहा है कि धर्मशाला प्रांगण में 8 बाई 8 की गोमती सड़क पर एवं 8 बाई 8 की गोमती तालाब वाली गली में अस्थाई रूप से रखी गई है वहां पर अधिकारियों द्वारा जब्ती की कार्यवाही नहीं की जा रही है, इसी तरह अधिकारियों के आने पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अपना-अपना सामान तो अंदर कर दिया गया उनके जाते ही दुकान पुनः से अतिक्रमण में संचालित हो रही हैं ऐसा क्यों, यही हाल सीधी रोड की गली में तथा गल्ला मंडी रोड में है, उन्होंने सवाल करते हुए कहा है कि यह कैसी कार्यवाही हो रही है, भेदभाव के साथ यह कार्यवाही किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्मशाला प्रांगण में स्थानीय दुकानदार अपना निजी वाहन सुबह से शाम तक के लिए खड़ा कर देते हैं जिससे आवागमन में आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री गुप्ता ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि हनुमना नगर में इस विशाल अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाया जाए जिससे सभी व्यापारियों एवं आम जनमानस को राहत मिल सके।




## आंशिक प्रजापति का सुयश

**गुढ़ (नि.प्र)।** हॉयर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा कक्षा 12वीं में आंशिक प्रजापति पुत्री सुरेश प्रजापति में शानदार 90प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वे विज्ञान समूह की छात्रा थी और एसडीओपी उमेश प्रजापति की भांजी है। समाज के लोगों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते की है। जिनमें प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक और गुढ़ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आरबी प्रजापति, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, प्रो. मातेश्वरी प्रजापति, प्रो. जे डी प्रजापति, डॉ. रजनीश प्रजापति, डॉ.तपन प्रजापति, डॉ. दिनेश प्रजापति, डॉ. बीएल प्रजापति, डॉ.मदन प्रजापति, डॉ. प्रहलाद वर्मा, कमलेश कबीर, एड. आरएस वर्मा, श्रवण कुमार गौड़ शामिल रहे।



# छठवीं रैंक आने पर छात्र का स्कूल में किया गया सम्मान

**रीवा।** माशिमं ने बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। 10वीं की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल तिलखन के छात्र प्रफुल्ल कुमार मिश्रा ने 99 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश की मैरिट में 6वां स्थान अर्जित किया। प्रफुल्ल कुमार मिश्रा ने नया कीर्तिमान रचा है। सरस्वती स्कूल में 26 में से 18 छात्र प्रथम श्रेणी और 6 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। इन सभी छात्रों का गुरुवार को सम्मान किया गया। विद्यालय में गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों को चंदन टीका लगाकर मुंह मीठा कराया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक और परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सह सचिव कमलेन्द्र चंद्र अवस्थी, ग्राम भारतीय महाकौशल प्रांत के जिला सह सचिव शैलेन्द्र चन्द्र दुबे, सुधीर सिंह दीपू जिला कोषाध्यक्ष, रामगोपाल भारतीय, काशी सिंह, मौजूद रहे। अतिथियों ने छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्वाला प्रसाद, रघुवीर गुप्ता, सुखलाल प्रजापति, मृगेन्द्र कुशवाहा, यदुवंश सिंह, विमल शुक्ला, राजेन्द्र द्विवेदी, लालन सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, महेन्द्र पयासी, पुष्पराज सिंह, ओमप्रकाश द्विवेदी, बृजेश सिंह, प्राचार्य अनमोल रतन सिंह, प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार, राजीव सिंह, रामनिवास शर्मा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# रामकली मिश्रा का निधन



**रीवा।** 91 वर्ष की उम्र में रामकली मिश्रा का निधन हो गया। उनका गृह ग्राम हर्दी खुर्द घरभरा में अंतिम संस्कार हुआ। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। रामकली मिश्रा अपने जीवन काल में समाज की भलाई के लिए हमेशा काम करती रहीं। दीनदुखियों की मदद में हमेशा आगे रही। निधन की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों को गहरा आघात पहुंचा। लोगों ने उनके निधन पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वह अपने पीछे तीन बेटे, दो बेटियों सहित नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। रामकली मिश्रा के निधन पर पीके शुक्ला पूर्व संयुक्त संचालक, डॉ सुरेन्द्र मणि मिश्रा, संतोष कुमार पयासी, शिवमूर्ति मिश्रा, सतीश पाण्डेय, नागेन्द्र शुक्ला, नारायण पाण्डेय, चंद्रमौली पाण्डेय, शिवदयाल मिश्र, नामनरेश मिश्र, रमाकांत मिश्र, राममूर्ति मिश्र, अमरेश पाण्डेय, राजेन्द्र द्विवेदी, सुखनिधान सिंह, संदीप शुक्ला, कृपा निधान पाण्डेय, चन्द्रमौली प्रसाद पाण्डेय, विवेक गौतम, दीपनारायण मिश्रा, डॉ शिवनारायण मिश्रा, ऐश्वर्यनारायण मिश्रा, भीम नारायण मिश्रा, त्रिवेणीशंकर मिश्रा, त्रियुगीनारायण मिश्रा, सुनील मिश्रा, नितेश मिश्रा, रजनीश समदरिया, पंडित शुक्ला, प्रदीप मिश्रा, जलज मिश्रा, पंकज मिश्रा, गोपाल जी मिश्रा सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित

## 102 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**गुढ़ (नि.प्र)।** विगत दिनों स्थानीय भारतीय रेडक्रॉस उप शाखा गुढ़ कार्यालय कीर्ति क्लीनिक में मध्य प्रदेश शासन के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री व मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, रेडक्रॉस की प्रेसिडेंट कलेक्टर, चेयरमैन डॉ.प्रभाकर चतुर्वेदी के निर्देशानुसार रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय रेडक्रॉस उप शाखा गुढ़ में स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ आरबी प्रजापति द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के काफी संख्या में सामाजिक कार्यकर्तागण मौजूद रहे जिसमें प्रमुख रूप से गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एड अनंत गुप्ता, रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष डॉ आरबी प्रजापति रेडक्रॉस के उप सचिव संजय सोनी एडवोकेट, सत्यनारायण सोनी, वाहिद खान, सज्जन सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे। स्वास्थ्य परीक्षण में लगभग 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# नेशनल हाईवे पर होती रही गस्त सैकड़ों मीटर कट गई जाली

**चाकघाट, नि.प्र.।** संवाददाता के अनुसार मध्य प्रदेश की सीमा में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के किनारे नेशनल हाईवे सड़क विभाग द्वारा लगाई गई लोहे की सुरक्षा जाली काटकर चोरों द्वारा उठा ले जाई गई है। और आश्चर्य की बात यह है कि यहां पुलिस की बराबर गस्त होती रही है उसके बाद भी जाली निरंतर काट काट कर ले जायी जाती रही। चाकघाट के प्रमुख चौराहे (मंत्री चौराहा) पर प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से लोहे की जाली लगाई गई थी किंतु सुरक्षा जाली स्वयं असुरक्षित हो गयी। और इसे लोग काटकर उठा ले गए। यह जाली एक एक कर काटी जाती रही है और इस पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। आश्चर्य की बात यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर निरंतर वाहनों का आवागमन एवं पुलिस की बराबर ग्रस्त होती रही उसके बाद भी लोहे की जाली चोरी हो गई।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित पटवारियों की समय पर उपस्थिति दर्ज कराने के दिए निर्देश



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर समस्त लंबित राजस्व प्रकरणों के तत्परतापूर्वक निराकरण सहित आमजनों की समस्याओं के समय पर प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही भू-अभिलेख के डिजिटाइजेशन के लिए पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के शेष हितग्राहियों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस महत्वाकांक्षी कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री में ग्रामवार रिव्यू कर प्रगति लाने तथा आगामी 30 जून तक अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने सहित तकनीकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्वामित्व योजना में भी जिले की प्रगति कम है। इसमें सुधार के लिए जरूरी कार्यवाही सहित समयावधि में दस्तावेज के अंतिम प्रकाशन तथा कुछ ग्रामों के लंबित नक्शा की कार्यवाही भी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह समस्त राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक आवक पत्रों का समय पर अवलोकन कर काम में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने लक्ष्य निर्धारित कर आगामी 15 जून तक पीएम किसान हितग्राही के बैंक खाता लिकिंग व ई केवायसी कार्यवाही भी पूर्ण कराने के लिए कहा। इसके अलावा डायवर्जन के माध्यम से वसूली पर ध्यान केन्द्रित करने तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर कृषि भूमि के व्यवसायिक उपयोग पर संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा विभिन्न मजरा-टोला के नवीन राजस्व ग्राम घोषित होने पर नक्शा तथा नियम व निर्देशों के मुताबिक भू अभिलेख तैयार करने के लिए कहा। बैठक में चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के नियमित रूप से निराकरण, साइबर तहसील में समय पर पटवारी रिपोर्ट प्रस्तुत करने व नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के प्रकरणों में भी गंभीरतापूर्वक दायित्व निर्वाहन के निर्देश दिए। समस्त राजस्व अधिकारियों को नियम निर्देशों से निरंतर अद्यतन रहने तथा प्राथमिकता के साथ 6 माह से अधिक पुराने प्रकरणों में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि नियमित अंतराल में पटवारियों की फिजिकल बैठक करने के साथ ही सिमरिया, रैपुरा एवं शाहनगर तहसील में अनिवार्य रूप से लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में एक सप्ताह में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं बुधवार, 14 मई को रैपुरा तहसील में लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। इसके पूर्व संबंधित तहसीलदार को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त पटवारियों को नियमित रूप से मुख्यालय पर उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं के निराकरण तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के मुताबिक लघु एवं दीर्घ शास्ति से दंडित करने का निर्णय लें। कलेक्टर ने भू अर्जन के शेष लंबित प्रकरणों के तत्काल शत-प्रतिशत निराकरण के सख्त निर्देश भी दिए। साथ ही शासन संधारित मंदिरों की भूमि पर अवैध फसल अथवा अतिक्रमण पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कहा कि 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले मंदिरों की भूमि की नीलामी कर खाते में राशि जमा कराना भी सुनिश्चित किया जाए। पूर्व में गठित विभिन्न समितियों के खाता खुलवाने और आवश्यक मरम्मत संबंधी कार्यो की अनुमति के लिए विभिन्न स्तर पर निर्धारित राशि के प्रावधान अनुसार सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति के संबंध में प्रस्ताव भेजने के लिए कहा।

राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न मदों में समय पर वसूली करने तथा अर्थदण्ड की राशि तत्काल जमा कराने सहित आदेश उपरांत इसका पालन सुनिश्चित कराने की बात भी कही। साथ ही प्रत्येक माह रिकवरी कार्यों में प्रगति लाने, लंबित आडिट कण्डिकाओं के निराकरण, ब्रिस्क वसूली कार्यों में प्रभावी कार्रवाई के लिए भी कहा। साथ ही स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ विभिन्न नस्तियां प्रेषित करने के निर्देश दिए। तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के नवीन भवन और आवास निर्माण सहित अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए विधिवत प्रस्ताव प्रेषित करने, इसके लिए उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर खसरा व नक्शा नकल आगामी प्रक्रिया के लिए अविलंब प्रदान करने, नगरीय निकायों और विभिन्न शासकीय विभागों के भूमि आवंटन प्रकरणों के मामलों में नजरी व टेऊस नक्शे के साथ प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह बंटन भूमियों को भू अभिलेख में अहस्तांतरणीय दर्ज करने तथा भू अर्जन के समस्त अवार्ड प्रकरणों को लैंड रिकार्ड में अमल करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष मुआवजा वितरण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण व निर्माणाधीन रेल परियोजना से संबंधित चिन्हांकित मामलों की जांच कर लंबित भुगतान सुनिश्चित कराने तथा सीएम हेल्पलाइन सहित सीएम मॉनिट के मामलों में समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसी तरह न्यायालयीन मामलों में जवाबदावा दाखिल करने सहित ग्रीष्मकाल में पेयजल उपलब्धता, खाद्यान्न वितरण, उपार्जित फसल के परिवहन तथा अन्य प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम सहित सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## नालों -नालियों पर अतिक्रमण, सीएमओ बोले नोटिस जारी कर होगी कार्यवाही



**टीकमगढ़ ।** नगर में आज भी कई शासकीय नाले नालिया दुकानों के नीचे छुपे हुए है यह हम नहीं बल्कि तस्वीरें खुद बया कर रही है। नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या पुरानी है नगर के मार्केट में अतिक्रमण होने से जाम की स्थिति निर्मित होती है तो वही अब अतिक्रमण सुरसा के मुख की तरह बढ़ता जा रहा है। सूत्र बताते है कि नगर में स्थित कुछ बड़े बड़े होटल भी नालों पर अतिक्रमण किया गया है। बड़े होटलों में एक सत्ताधारी पार्टी के बड़े नेता माननीय भी आते है नालों पर बढ़ता अतिक्रमण कस्बेवासियों के लिए सबसे बड़ी समस्या है। नगर में नाले के किनारे बड़ी संख्या में अवैध निर्माण बने हुए हैं। इनसे निकलने वाला कचरा भी नाले में फेंका जाता है। नाला पूरी तरह से कचरे से अटा पड़ा है। ऐसे में हल्की बारिश में भी नाले पूरी तरह से ओवरफ्लो हो जाते हैं। पिछले मानसून में बारिश के दौरान लोगों के घरों में पानी घुस गया था। हर साल बारिश में उफनते नाले कस्बेवासियों के लिए मुसीबत बनते हैं। वारिश की समस्या से निपटे के लिए नपा सीएमओ के निर्देशन में नाले नालियों की सफाई की जा रही है। सफाई के दौरान दैनिक जागरण की टीम ने देखा कि कुछ दुकानें मकान होटल आज भी नालों पर कब्जा कर काबिज है। देखा गया कि लोगों ने नालों पर अतिक्रमण किया गया है वह नगर के लिए घातक और लोगो के लिए बड़ी समस्या है।

### इनका कहना है

*जब **दैनिक जागरण** की टीम इस संबंध में नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया से बात की और मामला उन्हें बताया तो उन्होंने कहा की उनके द्वारा नाले नालियों की सूची तैयार कराई जा रही है। कब्जा करने वालों को नपा के द्वारा नोटिस जारी किए जाएंगे और कार्यवाही की जाएगी।*

**ओमपाल सिंह भदौरिया**

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**जागरण, पन्ना ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों को प्रोत्साहन प्रदान करने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गत शुक्रवार को स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में कलेक्टर सुरेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शिविर में सहभागिता करने वाले बच्चों से संवाद कर शुभकामनाएं दी। जिला मुख्यालय पन्ना में एथलेटिक्स, हॉकी, मलखम्ब, खो-खो, कब्बडी, मार्शल आर्ट और फुटबाल में 325 खिलाडियों द्वारा सहभागिता की जा रही है, जबकि विकासखण्ड मुख्यालय अजयगढ़ में 120, गुनौर में 59, पवई में 45 और शाहनगर में 50 खिलाड़ी विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 31 मई तक होगा। शुभारंभ कार्यक्रम पर जिला कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर और मानसिक विकास के लिए खेल लाभकारी है। इस शिविर के माध्यम से खिलाड़ियो को अपने रूचि के खेल में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मागदर्शन प्राप्त होगा। इससे खिलाड़ी खेल के प्रति जागरूक भी होंगे। कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। इसके माध्यम से टीम भावना विकसित होने के साथ ही अच्छी बातें सीखने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निरंतर शिविर में भेजने का अनुरोध करते हुए बच्चों से भी उत्साह के साथ शिविर में शामिल होने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने आयोजकों और अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने बच्चों को अपने रूचि के खेल में अव्वल प्रदर्शन करने तथा बेटियों से भी देश को गौरवान्वित करने की बात कही। खेल के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

# श्रमदान के जरिए की प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई





**जागरण, पन्ना ।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज सुबह नगर पालिका परिषद पन्ना के तत्वाधान में जनसहभागिता से पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 12 में दीनदयाल रसोई के पास स्थित 300 वर्ष पुरानी बावड़ी की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले ने भी श्रमदान किया। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के सफाई मित्र एवं अन्य कर्मचारियों, जनअभियान परिषद के वॉलेंटियर द्वारा भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही प्राचीन जल स्त्रोतों को निरंतर स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता की आदत विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने इसे सराहनीय गतिविधि बताते हुए कहा कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों का हरसंभव सहयोग प्राप्त होगा। जिला कलेक्टर ने शहर की जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बावड़ियां हमारी धरोहर हैं। इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सामूहिक श्रमदान कार्य निश्चित ही प्राचीन जल संरचनाओं के पुनर्जीवन के लिए परिणाममूलक साबित होगा। सीएमओ ने चिन्हांकित जल संरचनाओं की साफ सफाई व जीर्णोद्धार कार्य के बारे में अवगत कराया तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# चावल खरीदी के नाम पर 8 लाख रुपए ठगी आरोपी गिर तार

## अमहिया पुलिस ने की कार्रवाई कर बरामद किए रुपए

**जागरण, रीवा।** चावल खरीदी के नाम पर 8 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिर तार किया है। अमहिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 8 लाख रुपए भी बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी ललित शर्मा की पहचान रीवा पीटीएस चौराहा निवासी चक्रेश पटेल से कुछ दिनों पूर्व हुई थी। जिसके बाद ललित शर्मा ने चक्रेश पटेल से चावल खरीदी की बात की थी, चावल बिक्री करने से पूर्व ललित शर्मा ने बतौर एडवांस चक्रेश पटेल को 8 लाख रुपए का ऑनलाइन पेमेंट किया था। पैसे पाने के बाद चक्रेश पटेल ने ललित शर्मा को चावल नहीं दिया जिसके बाद उन्होंने अमहिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने ठगी का मामला पाया और प्रकरण दर्ज कर चक्रेश पटेल को गिर तार कर उसके कब्जे से ठगी के 8 लाख रुपए बरामद कर लिए है।

# ग्राम पंचायत धर्मपुर में टेंट हाउस समान में भीषण आग



## आग बुझाने में उपस्थित ग्रामवासियों ने की मदद

**जागरण, पन्ना।** अजयगढ़ तहसील अंर्तगत दिनांक 10 मई को ग्राम पंचायत धरमपुर में गुलाब सोनकर टेंट हाउस में सुबह 7रू00 बजे के लगभग आग लगने से भारी धन की हानि हुई है। टेंट हाउस संचालक पीड़ित गुलाब सोनकर एवं उनकी पत्नी बच्चे परिवार के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार अनुमानित कीमत लगभग 10 से 15 लाख के बीच में धन की हानि हुई है। गुलाब सोनकर एवं उनका परिवार टेंट हाउस की दुकान से अपना जीवन यापन कर रहा था।?आज आग लग जाने से संपूर्ण घर का राशनए नगद पैसा एवं संपूर्ण टेंट हाउस का सामान जलकर समाप्त हो गया है। जिला प्रशासन ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की वैधानिक रूप से हुऐ नुकसान की मदद मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

**ग्राम पंचायत धरमपुर के सरपंच :** प्रबल प्रताप सिंह के द्वारा दुर्घटना से पीड़ित गुलाब सोनकर एवं सभी परिवार जनों को आर्थिक सहायता के रूप में नगद राशि खाद्यान्न एवं वस्त्र उपयोग हेतु प्रदान किया गया है। पीड़ित पक्ष के द्वारा सरपंच एवं ग्राम पंचायत प्रशासन को धन्यवाद दिया गया है।

# पवई न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजनए 44 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**जागरण, पवई।** शनिवार को न्यायालय पवई में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सोम पांडेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर तिलक एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री अमित कुमार शर्मा एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती हिमांशी ठाकुर भारद्वाज भी उपस्थित रहीं। लोक अदालत में श्री सोम पांडेय की अदालत से कुल 107 प्रकरण प्रस्तुत किए गएए जिनमें से 2 प्रकरणों का समाधान किया गया। वहींए श्री अमित कुमार शर्मा की अदालत में 47 प्रकरण प्रस्तुत किए गएए जिनमें से 10 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण हुआ। श्रीमती हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की अदालत में 25 प्रकरण रखे गएए जिनमें से 22 का निराकरण किया गया।नगर परिषद पवई की ओर से भी लोक अदालत में 26 प्रकरण प्रस्तुत किए गएए जिनमें से 8 मामलों का निराकरण हुआ। इस प्रकार कुल 205 प्रकरणों में से 44 का सफल समाधान हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर अधिवक्ता संघ पवई के नगर अध्यक्ष श्री राजेश कुमारए सचिव श्री जेण्पीण् लोधीए उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंगरौल सहित अन्य अधिवक्ता गण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय की दिशा में यह प्रयास सराहनीय रहा।

# युवक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**शहर के अस्पताल चौराहा के पास की घटना**

**जागरण, रीवा।** शहर के अस्पताल चौराहे के समीप एक युवक का नाम पूछ कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पिटाई की गई । पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पीड़ित युवक सनी धोबिया टंकी के पास का रहवासी बताया गया है। बताया गया कि युवक हमेशा की तरह दुकान बंद होने के बाद कचरा बीनने के लिए निकला था, तभी कुछ युवकों उसके पास पहुंचे और उसका नाम पूछा, जिसके बाद अश्लील गालियां देते हुए उसकी पिटाई करने लगे। मारपीट का वीडियो आरोपियों के बीच में ही किसी ने बनाया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो चुका है। घटना बीती रात तकरीबन 11 बजे की बताई जा रही है। बताया गया है कि युवक दुकान बंद होने के बाद दुकान के बाहर पड़े कचरे को एकत्रित कर रहा था, इस दौरान वहां कुछ युवक पहुंच गए और उसका नाम पूछने के बाद मारपीट करने लगे। आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि 4 से 5 की सं या में युवक पीड़ित के साथ मारपीट कर रहे हैं।

## परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रुपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है।

# विवि आयोजित कर रहा 50 दिन का समर कैंप



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 16 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में एपीएसयू शरीरिक शिक्षा विभाग के डायरेक्टर डॉ.रामभूषण मिश्रा ने बताया कि यह कैंप संभाग स्तर का है, जिसमें रीवा सहित अन्य जिलो के खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण 50 दिन तक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवि स्टेडियम सहित शहर के टीआरएस और मॉडल साइंस कॉलेज में भी समर कैंप शुरू करने की योजना है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से राष्ट्रीय खेल हॉकी से खिलाड़ियों को जोड़ने के प्रयास इस समर कैंप के माध्यम से किया जाएगा। जिले में पहले यह खेल काफी लोकप्रिय था, रीवा से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए एनआईएस कबड्डी कोच विजय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विजय सिंह पूर्व विश्वविद्यालय कबड्डी टीम के कप्तान एवं अजय सिंह पूर्व विश्वविद्यालय हॉकी टीम के सदस्य की ड्यूटी लगाई गई है। रीवा संभाग एवं शहडोल संभाग के खिलाड़ियों को अच्छी ट्रेनिंग मिले व उनका प्रदर्शन अच्छा करने के लिए यह नि:शुल्क समर कैंप लगाया जा रहा है। बताया गया कि प्रशिक्षण के लिए भारी संख्या में छात्र पहुंच रहे हैं। डॉ.रामभूषण मिश्रा ने बताया कि कैंप की शुरुआत 5 मई से कर दी गई है।

# समर में न हों दिक्कतें, रेलवे चला रहा समर स्पेशल

## रीवा से भी हो रहा संचालन, सतना से भी कई ट्रेनें गुजर रहीं




**जागरण, रीवा।** समर सीजन में बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित छुट्टियां मनाने की तैयारी करते हैं मगर ऐन वक्त पर भी टिकट कंफर्म न होने के कारण कई बार पूरी तैयारी धरी की धरी रह जाती है। रेल प्रशासन यात्रियों को राहत देने रीवा व उसके आस-पास के रेलवे स्टेशनों से आधा दर्जन से अधिक समर स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, ताकि लोगों को आसानी से कन्फर्म बर्थ नसीब हो सके। पश्चिम मध्य रेल द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ कम करने के लिए रीवा से सीएसएमटी एवं चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) और सोगरिया से दानापुर के बीच समर स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। जबलपुर से अयोध्या ट्रेन रीवा के समीप सतना व मैहर स्टेशन से होकर गुजरती है। इसके अलावा हरिद्वार-रानी कमलापति भी कटनी से होकर गुजरती है। रानी कमलापति से सहरसा सतना स्टेशन से होकर गुजरती है। इन सभी ट्रेनों का लाभ रीवा सहित सीधी व सतना जिले के यात्रियों को मिल रहा है।

### इन ट्रेनों से मिल रही राहत

**1.रीवा-सीएसएमटी स्पेशल:** 02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 3.50 बजे रीवा से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 12.20 बजे सीएसएमटी पहुंच रही है।

**2.रीवा-चर्लपल्ली ट्रेन:** 01704 रीवा-चर्लपल्ली ट्रेन 25 मई तक प्रत्येक गुरुवार व रविवार को दोपहर 1 बजे रीवा से रवाना होकर अगले दिन 2.45 बजे चर्लपल्ली पहुंच रही है।

**3.अयोध्या स्पेशल ट्रेन:** 01701 जबलपुर-अयोध्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को रात 7.40 बजे जबलपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 11 बजे अयोध्या पहुंच रही है। यह जाते समय रीवा से नजदीकी स्टेशन मैहर में 10.10 बजे व सतना में 10.50 बजे पहुंचती है। जो इसी प्रकार अयोध्या से जबलपुर आने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे अयोध्या से रवाना होकर अगले दिन सुबह 4.15 बजे जबलपुर पहुंच रही है।

**4.जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन:** 01705 जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 3.45 बजे जबलपुर से रवाना होकर दूसरे दिन दोपहर 1.50 बजे हरिद्वार पहुंच रही है। यह ट्रेन को रीवा के लोग कटनी में 5.10 बजे शाम को पकड़ सकते हैं।

**5. रानी कमलापति-सहरसा स्पेशल:** 01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को शाम 4.30 बजे रानी कमलापति से रवाना होकर अगले दिन 3.15 बजे सहरसा पहुंच रही है। यह ट्रेन सुबह 3.29 बजे मैहर व 4.25 बजे सतना स्टेशन पहुंचती है।

# वर्ष 24-25 मे 141 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान कर सासन पावर रहा दूसरे स्थान पर





## सासन पावर लिमिटेड को विश्व रेडक्रॉस एवं थैलेसीमिया दिवस के मौके पर किया गया सम्मानित

**जागरण बैढ़न।** विश्व रेडक्रॉस एवं थैलेसीमिया दिवस के मौके रेडक्रॉस सिंगरौली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, सी.ई.ओ. जिला पंचायत एवं जिले की रेडक्रॉस द्वारा सासन पावर लिमिटेड को स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । कलेक्टरके अध्यक्षता में डीडीआरसी भवन ट्रामा सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले में स्वैच्छिक रक्तदान करने वाली विभिन्न कम्पनियों, सामाजिक संस्थाओं एवं सरकारी विभागों के सम्मान समारोह में रेडक्रॉस सिंगरौली द्वारा अपने सामाजिक कार्यक्रमों का सालभर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, और उत्कृष्ट कार्य करने वाली कम्पनियों/संस्थाओं को सम्मानित किया गया । वर्ष 24-25 मे 141 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान कर सासन पावर दूसरे स्थान पर रहा । सासन पावर की तरफ से रवि मिश्रा हेड सिक्योरिटी, फुज़ैल अहमद हेड सी.एस.आर और उनके टीम के नृपेन्द्र पाण्डेय एवं अमित दुबे को ये पुरस्कार उपस्थित अतिथियों कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, सी.ई.ओ. जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, सोसायटी के चेयरमैन एस.डी. सिंह, सचिव डा. डी.के मिश्रा, सी.एस.एच.ओ एन.के. जैन, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग के अनुराग मोदी, एन.टी.पी.सी विन्ध्याचल के राकेश अरोड़ा द्वारा प्रशस्ति पत्र, श्रीफल और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । विदित हो कि सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन मोहापात्रा, के नेतृत्व, स्टेशन डायरेक्टर सुब्रता घोष, कोल माइंस प्रोजेक्ट डायरेक्टर नीरज किशोर के कुशल मार्गदर्शन में सीएसआर कार्यक्रम के तहत अपने संस्थापक स्व. धीरूभाई अम्बानी के जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान कर श्रृद्धांजलि अर्पित की जाती है । जिसके तहत पावर प्लांट एवं कोल माइंस द्वारा वर्ष में कुल 4 कैम्प इण्डियन रेडक्रॅस सोसायटी के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं और उसे जनहित में रेडक्रॉस को दान किया जाता है । सासन पावर लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008-9 से लगातार ये कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं । प्रारंभ में ये कैम्प नेहरू शताब्दी चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित होते थे, परन्तु रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली की स्थापना वर्ष 2014 से लगातार ये कैम्प इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं । वर्ष 2015 में परियोजना द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के ब्लड बैंक निर्माण हेतु रू0 10.40 लाख का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया है । विगत 16 वर्षो में परियोजना द्वारा लगभग 1500 से अधिक यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा सासन परियोजना को जिले में अधिकतम रक्तदान करने वाले कॉरपोरेट समूह के कटेगरी में विगत 4 वर्षो से इस उत्कृष्ट कार्य हेतु लगातार सम्मानित किया जाता रहा है । परियोजना द्वारा वर्ष 2022 में 372 यूनिट रक्तदान कर जिले में प्रथम स्थान, वर्ष 23 में 98 यूनिट, वर्ष 24 में 131 यूनिट कर द्वितीय स्थान पर रहा ।

## राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक अभियान के तहत नागरिको को दी जाने वाली 12 सेवाओं के तैयारियो की कलेक्टर ने की समीक्षा

**जागरण बैढ़न।** राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक अभियान के तहत नागरिक को 12 सेवाओं के तहत नागरिक सुरक्षा के संबंध में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री शुक्ला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये सभी चिकित्सालयों से समन्वय बनाकर आपतकालीन चिकित्सा व्यवस्था को सुनिश्चित करे। चिकित्सालयो में कैजुअल्टी बेड इमरजेंसी बेड आरक्षित रखे। चिकित्सालयो में आवश्यक दवाईए ब्लड का भण्डारण करने के साथ ही अक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था बनाये रखे। सभी चिकित्सलयों में पावर बैकअप के लिए जनरेट की व्यवस्था रहे इसकी जॉच कराले। अनिवार्य रूप से इमरजेंसी किट एवं फ्यर एक्टीयूसर सभी वार्डो में उपलंब्ध हो यह भी सुनिश्चित करे। बैठक में कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करे। फायर ब्रिगेड हर समय तैयार रहे इसके लिए फायर कर्मचारियों की सिफ्ट वाईज ड्यटी लगाकर उनकी तैनाती करे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ स्थलो मे आवश्यकता पड़ने पर फायर ब्रिगेड भेजा जायेगी इसकी तैयारी बनाकर रखे। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि आपतकालीन स्थिति के लिए रिजर्व परिहवन व्यवस्था बनाकर रखे। जिले में आने जाने वाले वाहनो की लगातार जॉच करते रहे बिना नम्बर प्लेट रजिस्ट्रेशन के जिले मे प्रवेश करने वाले वाहनो की सूचना से कन्ट्रोल रूम को तत्काल अवगत कराए। बैठक में कलेक्टर ने अधीक्षण अभियांता विद्युत को निर्देश दिए कि ब्लैक आउट प्रोटोकाल का पालन करने के लिए मॉकड्रील का आयोजन करे। मॉक ड्रिल में सभी सब स्टेश्नो मे तैनात अधिकारी कर्मचारियों को भी शामिल करे। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले में संचालित समस्त गैस एजेन्सियो में पयाप्त मात्रा में सिलेन्डर उपलंब्ध रहे। साथ ही जिले में राशन व्यवस्था का पर्याप्त भण्डारण रहे इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने पीडब्लयूडी के कार्यपालन यंत्री को जिले की सड़को का सर्वे करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले के खराब सड़को को चिन्हित कर उनका सुधार कराये साथ ही जिले के चिकित्सालयो एवं शासकीय भवनो जहा पर सुधार की आवश्यकता है उनका सुधार कार्य कराए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयो में पढ़ने वाले छात्रो के लिए भारत सरकार द्वारा जारी वीडियो के माध्यम से आपकालीन स्थित में बचाव संबंधी जानकारी दे एवं माकड्रील कराए। कलेक्टर ने निर्देश दिए नागरिको को प्रशिक्षित कर आपदा की स्थिति में हानि को कम करने के लिए नगरीय क्षेत्र के समस्त वार्डो तथा पंचायतो में नागरिक सुरक्षा सदस्य के रूप में भर्तिया की जाये। भर्तियो में सेवा निवृत्त सैनिको एनसीसी एनएसएस के कैडेट्स एवं प्रावईवेट सुरक्षा एजेंसियो के कर्मियो को प्राथमिकता दी जाये। उन्होने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि पंचायतो में दो तथा नगरीय क्षेत्र के वार्डो 5 कर्मियो की भर्ती की जाये।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का किया आयोजन




**जागरण विंध्यनगर।** समुदाय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी विन्ध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का आयोजन किया जो कि 18 से शुरू होने जा रहा है। इस मिशन में सिंगरौली जिले के 20 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाएं भाग लेंगी। तैयारी के क्रम में आज क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में 45 प्रतिभागी बालिकाओं का बेसलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य उनकी वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करना था ताकि प्रशिक्षण अधिक केंद्रित और प्रभावशाली हो सके। इस कार्यक्रम में प्रणव वर्मा उप महाप्रबंधक मानव संसाधन निखिल जायसवाल कार्यपालक सीएसआर तथा एम/एस हीरो माइंडमाइन इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड जो इस मिशन की कार्यान्वयन एजेंसी है के प्रतिनिधियों के साथ.साथ प्रतिभागी बालिकाओं और उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही।

यह पहल एनटीपीसी विन्ध्याचल के समग्र बालिका सशक्तिकरण एवं शिक्षा के प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाती है।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अध्यक्ष डॉ मोहन यादव की महत्वकांक्षी योजनाएतेज गति से चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

**जागरण बैढ़न।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अध्यक्ष डॉ मोहन यादव पदेन मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे मध्यप्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।जल गंगा अभियान अपने कल के लिए आज से जल संरक्षण करने का एक अभिनव प्रयास है।जल संचयन संरचनाओं जिनमें तालाब बावड़ियों नदियों की साफसफाई कर उसको स्वरूप दिया जा रहा है इसके साथ ही आम लोगों को रुप वाटर हार्वेस्टिंग हैंड पम्पो के समीप सोकपीट आदि का निर्माण करनें हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। जिले में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए देवसर विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुआ गांव में जल संरक्षण हेतु किसान फूल चंद साहू के भूमि में खेत तालाब निर्माण कार्य का आयोजन कराया गया। किसान के भूमि में खेत तालाब पूजन के दौरान जनपद सदस्य जगनरायण साहू उपयंत्री शातीस पटेल सरपंच बृजलाल प्रजापति उप.सरपंच प्रतिनिधि अरुण कुमार साहू सचिव राम उतार साहू जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था राजा भैया बहुउद्देशीय विकास समिति निगरी कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू दयाशंकर साहू सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे आयोजित वीपीएल.25 और किड्स क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया शानदार समापन



**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल प्रीमियर लीग 25 ने अपनी शानदार और रोमांचक यात्रा को तीन सप्ताह के खेल के बाद एक समापन के साथ समाप्त किया। 9 टीमों और 170 से अधिक प्रतिभागियों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट ने सभी को उत्साहित किया जहां खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन और सामूहिक सहयोग दिखाया। इस बार प्रतियोगिता में टीमों का गठन एक रोमांचक प्रक्रिया के माध्यम से हुआए जिससे प्रतिस्पर्धा में एक नया रोमांच लेकर आया। राउंड.रॉबिन प्रारूप में खेलते हुए चार शीर्ष टीमों ने नॉकआउट चरण में प्रवेश कियाए जिसके बाद फाइनल में स्टॉर्म राइडर्स और ग्रीन टाइटन्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। ग्रीन टाइटन्स ने 76 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की और विंध्याचल प्रीमियर लीग 25 की ट्रॉफी अपने नाम की।

समापन समारोह में कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया जिनमें ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन व स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष ए जे राजकुमार महाप्रबंधक मेंटेनेन्स और एडीएम और राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल शामिल थे। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित किया। वहीं किड्स क्रिकेट टूर्नामेंट.25 ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। चार टीमों और 60 से अधिक युवा क्रिकेटर्स के बीच राउंड.रॉबिन प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट का फाइनल रोमांचक था जिसमें डिडी डॉमिनेटर्स ने रॉयल चैलेंजर्स विंध्याचल को हराकर ट्रॉफी जीती और अपनी उत्कृष्ट खेल भावना से सबका दिल जीत लिया।

# हिन्दू धर्म परिषद् का एक शाम शहीदों के नाम 05 जून को

### स्नेहा इवेंट एवं मैनेजमेंट ग्रुप मुंबई के तत्वाधान में होगा आयोजन

### फिल्म अभिनेता गोविन्द नामदेव आयेंगे

**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला की प्रेरणा एवं हिन्दू धर्म परिषद की पहल पर आगामी 05 जून को शहीदों एवं उनके परिवारजनों को कृतज्ञता ज्ञापित करने ' एक शाम शहीदों के नाम' का भव्य कार्यक्रम फिल्म जगत के वरिष्ठ चरित्र अभिनेता गोविन्द नामदेव की उपस्थिति में मुम्बई की सामाजिक संस्था स्नेहा इवेंटस एण्ड मैनेजमेंट ग्रुप के तत्वाधान में किया जायेगा। जिसमें शहीद परिवारजनों को सम्मानित करने का महान कार्य आयोजन समिति द्वारा विंध्य के गणमान्य जनों के सहयोग से सम्पन्न कराया जायेगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक नारायण डिगवानी एवं डी.पी.सिंह परिहार ने देते हुये बताया कि इस अवसर पर मुम्बई एवं विंध्य के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत-नृत्य की विशेष प्रस्तुतियों से देशभक्ति की अलख जगाई जायेगी। ऑपरेशन सिन्दूर को समर्थन के साथ आतंकवाद को समाप्त करने सामूहिक संकल्प पारित किया जायेगा व प्रधानमंत्री आपदा कोष में फंड भेजने की घोषणा की जायेगी। आयोजन के संक्षक सदस्य डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस प्रेरणादायी आयोजन के लिये विशेष तैयारियां की जा रही हैं और नगर के सभी प्रबुद्धजनों को इसमें आमंत्रित किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर में पर्यावरण सुधार हेतु संस्था की भूमिका को सुनिश्चित दिशा दी जायेगी।

# नेशनल लोक अदालत में 804 प्रकरणों का निराकरण



**जागरण बैढ़न।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्री हितेंद्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन आज वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बैढ़न एसिविल न्यायालय देवसर तथा सरई में किया गया। जिले में नेशनल लोक अदालत में 804 प्रकरणों का निराकरण किया गया । शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सिसौदिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र देव पांडेय द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण अधिवक्तागण जिला न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीएम राइज बरका का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**जागरण सरई ।** जिले के बरका स्थित सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरका का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय के छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है कक्षा दसवीं में आरती दुबे ने 500 पूर्णांक में 400 अंक यानि 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर है आरती दुबे की मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। कक्षा बारहवीं में देवराज साहू कामर्स ने 500 में 465 अंक यानि 93 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है देवराज की इस उपलब्धि से विद्यालय में उत्साह का माहौल है देवराज की मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। विद्यालय के औसत परिणाम पर प्रकाश डालें तो कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 77.88 प्रतिशत रहा है जबकि कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत है। यह परिणाम विद्यालय के छात्रों की मेहनत और लगन का कमाल है विद्यालय के प्राचार्य शिवदास यादव एवं अन्य शिक्षकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के लिए गर्व की बात है और छात्रों की मेहनत और लगन का परिणाम है उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है और उन्हें भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करना है। छात्रों की बेहतर प्रदर्शन के लिए उनके साथी ईस्ट मित्र रिश्तेदार एवं परिजनों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

# प्रार्थना हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में पैर की जटिल सर्जरी सफल



**जागरण, रीवा।** प्रार्थना हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में एक बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण पैर की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जिसने मेडिकल क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। 61 वर्षीय शिव बहेर भुजवा, निवासी सीधी, जिनका पैर 20 वर्षों से 90 डिग्री की स्थिति में मुड़ा हुआ था, को अब दर्द और कठिनाई से मुक्ति मिल गई है। बीस साल पहले एक दुर्घटना के कारण श्री भुजवा का पैर गंभीर रूप से चोटिल हो गया था, जिसके बाद उनकी पैर की हड्डी सही स्थिति में नहीं रह पाई थी। परिणामस्वरूप, उन्हें चलने-फिरने में गंभीर कठिनाई हो रही थी, और उनका जीवन सामान्य रूप से नहीं चल पा रहा था। प्रार्थना हॉस्पिटल के वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राहुल कुंदर ने इस जटिल सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। इस सर्जरी में, डॉ. कुंदर और उनकी टीम ने श्री भुजवा की मुड़ी हुई हड्डी को एक नई दिशा में संरेखित किया और उसे स्थिर किया। सर्जरी के दौरान अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों और सटीक प्रक्रिया का उपयोग किया गया, जिससे ऑपरेशन की सफलता को सुनिश्चित किया गया। यह ऑपरेशन करीब चार घंटे तक चला और इसके बाद श्री भुजवा को शारीरिक आराम देने के लिए विशेष सावधानियों के साथ उपचार प्रारंभ किया गया। डॉ. कुंदर के अनुसार, इस प्रकार की सर्जरी में हड्डी के पुनर्निर्माण के साथ-साथ मांसपेशियों और जोड़ों की संरचना को भी ध्यान में रखा जाता है। श्री भुजवा के मामले में यह कार्य और भी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी टीम ने पूरी मेहनत और समर्पण से इस सर्जरी को सफल बनाया। श्री भुजवा की पैर की हड्डी को 90 डिग्री पर मुड़ा हुआ पाया गया था, जिसे सीधा करने के लिए सर्जिकल प्रक्रिया में हड्डी के भीतर एक विशेष तकनीकी उपकरण का प्रयोग किया गया। इस उपकरण ने हड्डी को ठीक से स्थिर किया, ताकि पुनर्निर्माण प्रक्रिया के बाद वह स्थायीत्व में बनी रहे।

# लीज नवीनीकरण नहीं कराने वालों पर मंडराया निरस्तगी का खतरा

### दुकान हो या मकान हर हितग्राही के लिए लीज का नवीनीकरण जरूरी

**जागरण, रीवा।** शहर में नगर निगम की स्वामित्व वाली दुकानों एवं मकानों के लिए किये गये अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं कराने वालों का नगर निगम प्रशासन ने आवंटन निरस्त करने की तैयारी कर ली है। मकानों की लीज अथवा दुकानों का अनुबंध लंबे समय से नहीं कराने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन निर्धारित अवधि के दौरान हितग्राहियों द्वारा लीज अथवा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। ऐसे हितग्रहियों की लीज अथवा आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शहर में नगर निगम की लगभग 1500 दुकानों को किराये पर आवंटित किया गया है। इनमें से सैकड़ों हितग्राहियों ने सालों से अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया है और न ही किराया दे रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में ऐसे भी हितग्राही है जो किराया तो हर माह देते है लेकिन लंबे समय से अनुबंध के नवीनीकरण का पंजीयन नहीं कराया है। इसी तरह 30 साल की लीज पर दिये गये मकानों की अवधि समाप्त होने के बाद भी लीज का नवीनीकरण नहीं कराया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर निगम रीवा में समायोजित की गई पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम कॉम्पलेक्स, तानसेन कॉम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 31 मई 1994 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी।

**हर 3 साल में 15 प्रतिशत किराया वृद्धि का प्रावधान :** नगर निगम रीवा के स्वामित्व की दुकानें 35 माह के लिए किराए पर आवंटित की जाती है। 35 माह पश्चात् 15 प्रतिशत किराए में वृद्धि कर इनका नवीनीकरण कर अनुबंध का पंजीयन कराने का प्रावधान है।

# रोहित के बाद विराट भी लेंगे टेस्ट से संन्यास


## कोहली ने बीसीसीआई को दी जानकारी, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हो सकते हैं टीम का हिस्सा



जेएनएन, नई दिल्ली

भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने इंग्लैंड में 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। माना जा रहा है कि वह इस सीरीज के लिए टीम का हिस्सा होंगे। जानकारी के अनुसार, कोहली पिछले एक महीने से बीसीसीआई अधिकारियों के साथ इस बारे में चर्चा कर रहे थे। अगर कोहली ने अपना मन नहीं बदला, तो वह 14 साल लंबे शानदार करियर पर विराम लगाएंगे, जिसमें उन्होंने 123 टेस्ट खेले, जिनमें से 68 में कप्तानी की और 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं। हालांकि, टीम मैनेजमेंट कोहली के अनुभव को इंग्लैंड दौरे पर बेहद अहम मानता है, जहां भारत एक नए कप्तान की अगुआई में खेलने उतरेगा। कप्तानी की रेस में शुभमन गिल सबसे आगे हैं, रोहित शर्मा की जगह लेने की दौड़ में, जिन्होंने इसी सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। रोहित के अलावा भारत के पास आर अश्विन भी नहीं हैं, जिन्होंने 2024-25 की ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे इस समय टीम में नहीं हैं व मोहम्मद शमी की फॉर्म भी लंबे समय की चोट के बाद वापसी में सवालों के घेरे में है। ऐसे में कोहली, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर गिने-चुने सीनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### गिल-पंत जिम्मेदारी संभालने को तैयार





प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है, जबकि खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत नए उप-कप्तान होंगे। उप-कप्तान का चयन सरल लगता है, क्योंकि पंत विदेशी परिस्थितियों में भारत के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और जसप्रीत बुमराह का कद इतना बड़ा है कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है और साथ ही जब उनकी खुद की फिटनेस भी संदिग्ध है तो उनका पूरी सीरीज के लिए खेलना अनिश्चित है। पंत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इन देशों में सात बार 90 और 99 के बीच स्कोर बना चुके हैं। बीसीसीआई सूत्र ने बताया, अगर बुमराह कप्तान नहीं हैं, तो उन्हें उप-कप्तानी की पेशकश करने का कोई मतलब नहीं है।

### कोहली को मिल सकती है दोबारा कमान

पता चला है कि चयन समिति ने इंग्लैंड में कोहली को कप्तानी सौंपने के विचार पर विचार किया है, ताकि गिल को खुद को निखारने के लिए कुछ और समय मिल सके। अभी तक कोहली ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है और माना जा रहा है कि उन्हें इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलने के लिए कहा जाएगा, क्योंकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अनुभव की जरूरत होगी। हालांकि बीसीसीआई ने कोहली के टेस्ट करियर के संबंध में उनसे हुई बातचीत पर चुप्पी साधी हुई है।

बीसीसीआई सूत्र ने कहा, यह सच है कि चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड सीरीज के लिए कोहली को भारतीय कप्तान बनाने के बारे में सोचा था। इससे गिल को कप्तानी की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल जाता। बुमराह की फिटनेस समस्याओं के कारण अजीत अगरकर की समिति की पंसद गिल लग रहे हैं। केएल राहुल को विकल्प के रूप में नहीं माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले से ही 33 से अधिक उम्र के हैं और बेंगलुरु के इस खिलाड़ी के लिए निरंतरता एक मुद्दा रहा है, भले ही वह ऑस्ट्रेलिया में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा मई के तीसरे हफ्ते के अंत में की जाएगी, जबकि भारत ए टीम की घोषणा अगले सप्ताह की शुरुआत में की जाएगी।

### गिरा बल्लेबाजी औसत

विराट कोहली का हाल के समय में टेस्ट में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा है। जब उन्होंने नवंबर 2024 में पर्थ टेस्ट में नाबाद 100 रन बनाए, तो वह उनका जुलाई 2023 (वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में) के बाद पहला टेस्ट शतक था। उनका औसत, जो 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिलाफ करियर बेस्ट नाबाद 254* रन बनाने के बाद 55.10 था, पिछले 24 महीनों में गिरकर 32.56 हो गया है।

### टेस्ट में सफल कप्तान

भारत ने कोहली की कप्तानी में खेले गए 68 टेस्ट में से 40 में जीत हासिल की और केवल 17 में हार मिली। ये 40 जीतें कोहली को भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान बनाती हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने 60 में से 27 और सौरव गांगुली ने 49 में से 21 टेस्ट जीते थे। सबसे अधिक टेस्ट जीत वाले कप्तानों की सूची में कोहली विश्व में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे ग्रीम स्मिथ (109 में से 53 जीत), रिकी पोंटिंग (77 में से 48) और स्टीव वॉ (57 में से 41) हैं।

### इंग्लैंड में चलता है बल्ला

इंग्लैंड की जमीन पर ही कोहली ने टेस्ट बल्लेबाज के रूप में 2018 के दौरे पर अपने करियर की सबसे यादगार पारियों में से एक खेली थी। पांच टेस्ट की उस सीरीज में वह दोनों टीमों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने 59.30 की औसत से 583 रन बनाए और दो शतक जड़े। यह प्रदर्शन खास इसलिए भी था, क्योंकि इससे पहले, 2014 में इंग्लैंड दौरे पर उन्होंने 10 पारियों में केवल 134 रन बनाए थे। 2018 उनके करियर का सबसे सफल कैलेंडर वर्ष भी रहा, जिसमें उन्होंने 1322 टेस्ट रन बनाए।

■ अपने स्वर्णिम दौर के दौरान कोहली ने 2016 में 75.93, 2017 में 75.64, 2018 में 55.08 और 2019 में 68.00 की औसत से रन बनाए। 2016 से 2018 के बीच उन्होंने 35 टेस्ट में 66.59 की औसत से 3596 रन बनाए, जिसमें 14 शतक और 8 अर्धशतक शामिल थे।

## खेल एक नजर

### शहर में होने वाला नेशनल जूनियर फेड कप स्थगित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शनिवार को कहा कि भोपाल में 27 से 29 मई तक होने वाली राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्थगित कर दी गई है। एएफआई ने कहा कि चैंपियनशिप की नई तारीखों और आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। एएफआई ने कहा, 23वीं राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 से 29 मई 2025 तक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित होने वाली थी, जिसे स्थगित कर दिया गया है।

### भारत की अनाहत ने दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी को हराया

**शिकागो ( अमेरिका ), जेएनएन।** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए इस टूर्नामेंट के महिला



एकल के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की। अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फायरोज अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्र की हाना मोताज को 3-1 से हराया। भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया। विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष एकल के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया।

### बिना अनुमति विदेश में ट्रेनिंग करने वाले एथलीटों पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शनिवार को घोषणा की है कि वह उन खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा, जो बिना लिखित अनुमति के विदेश में ट्रेनिंग करते हैं और प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते हैं। एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन रिकॉर्ड बुक के लिए भी अमान्य माना जाएगा। उन्होंने कहा कि एएफआई इस महीने से कार्रवाई शुरू कर देगा। सागू ने कहा, विदेशी सरजमीं पर प्रतिस्पर्धा और ट्रेनिंग के लिए देश में ट्रैक एंव फील्ड की राष्ट्रीय संचालन संस्था से पहले से अनुमति नहीं लेने वाले व्यक्तिगत खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, अगर एथलीट अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर (ट्रेनिंग और अभ्यास) के लिए एएफआई की मंजूरी नहीं लेते हैं, जो कि अनिवार्य है तो उनका प्रदर्शन रिकॉर्ड बुक के लिए अमान्य हो जाएगा।

## भारत से रवाना हुए विदेशी खिलाड़ी, बेंगलुरु चेन्नई और हैदराबाद में हो सकते हैं बचे मैच

### आईपीएल निलंबन : इस सीजन 12 लीग और चार प्लेऑफ मुकाबले शेष

जेएनएन, नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने-अपने देश लौट गए। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था। इस सीजन 12 लीग और चार प्लेऑफ मैच शेष हैं और ऐसी संभावना है कि यह मैच भारत के दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में खेला जा सकता है। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने-अपने शहर लौटने लगे, जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट, जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं। विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के एक अधिकारी ने भी बताया कि उसके कुछ विदेशी खिलाड़ी शनिवार को चले गए हैं, जबकि कुछ अभी भारत में ही रूकेंगे। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी अपने-अपने गंतव्य को चले गए हैं। सूत्र के अनुसार केकेआर के खिलाड़ी हैदराबाद से चले गए हैं, जहां उन्हें शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना था।



■ आईपीएल 2025 के अब तक 57 मुकाबले पूरे हो चुके हैं और 58वां मैच आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में खेला जा रहा था, जो 10.1 ओवर के बाद रद्द कर दिया गया।

■ अभी भी लीग स्टेज के 12 मुकाबले बचे हैं, और उसके बाद चार प्लेऑफ मैच हैं। पहले हैदराबाद में क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर होना था, जबकि कोलकाता को क्वालिफायर 2 और फाइनल की मेजबानी करनी थी।

### 16 मैचों की मेजबानी के लिए शहर तय, तारीख नहीं

अगर मई में टूर्नामेंट दोबारा शुरू होता है, तो बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद को आईपीएल 2025 के बचे हुए 16 मुकाबलों की मेजबानी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अगर भारत सरकार से हरी झंडी मिलती है, तो इन तीन शहरों में टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने के लिए कोई अंतिम तारीख तय की है या नहीं। हालांकि बीसीसीआई ने इन तीन वेन्यू को तैयार रखने का फैसला पहले ही ले लिया है, लेकिन अधिकारियों ने माना है कि मौजूदा हालात में आईपीएल को जल्दी शुरू करना चुनौतीपूर्ण होगा। कई टीम अधिकारियों ने संकेत दिया कि टूर्नामेंट के बचे हुए मैच इस साल के बाद के हिस्से में कराए जा सकते हैं। अगर मई में आईपीएल दोबारा शुरू होता है, तो बीसीसीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती विदेशी खिलाड़ियों को वापस लाना होगा। फ्रेंचाइजियों को उम्मीद है कि अगर टूर्नामेंट मई के आखिरी हिस्से में दोबारा शुरू होता है, तो ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी लौट सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी माना कि अगर टूर्नामेंट की विंडो 25 मई से आगे जाती है तो फिर कोई गारंटी नहीं होगी। इसकी वजह कई खिलाड़ियों की द्विपक्षीय सीरीज की व्यस्तता और ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में शुरू होने वाला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल है।

## भारत-श्रीलंका के बीच त्रिकोणीय सीरीज का खिताबी मुकाबला आज

**कोलंबो, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम रविवार को त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस सीरीज में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है, जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे च्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाए हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिए हैं। श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाए है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु ने अपनी ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पायी है। उन्होंने 88 रन बनाने के साथ पांच विकेट लिए थे।



■ श्रीलंका ने भारत के खिलाफ खेले गए कुल 33 वनडे में से सिर्फ तीन में ही जीत दर्ज की है। वहीं 2009 के बाद यह पहली बार है, जब श्रीलंका तीन या उससे अधिक टीमों वाले वनडे टूर्नामेंट का फाइनल खेलने वाली है।

**भारत:** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**श्रीलंका:** चमारी अथापथु (कप्तान), कविशा दिलहारी, इनोशी प्रियदर्शनी, विशमी गुणरत्ने, करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका, मल्की मदारा, हर्षिता समाराविक्रमा, मनुडी नानायककारा, हासिनी परेरा, पिउमी वाथसाला, राणावीरा, अनुष्का संजीवनी, रश्मिका सेववंडी, नीलाक्षिका, देवमी विहंगा।

## तीरंदाजी विश्व कप : तीन साल बाद भारत के लिए खेल रहीं मधुरा ने जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई, जेएनएन।** मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय तिकड़ी ने तीसरे गेम में एक बार फिर से एक अंक की बढ़त कायम कर ली।

### भारत ने कम्पाउंड वर्ग में 5 पदक जीते



## क्रिकेट इतिहास में पहली बार 10 बल्लेबाज रिटायर आउट

### यूएई ने कतर को 29 रन पर ढेर कर दर्ज की 163 रन से जीत

जेएनएन, बैंकॉक

यूएई की महिला टीम ने एशिया टी-20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालिफायर में कतर के खिलाफ 16 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 192 रन बनाने के बाद अपने सभी 10 बल्लेबाज को रिटायर आउट कर दिया। यह महिला या पुरुष टी-20 में पहली बार है, जब किसी टीम ने अपने सभी 10 बल्लेबाज को रिटायर आउट किया है। इसके बाद यूएई ने कतर को सिर्फ 29 रनों पर ढेर करते हुए 163 रनों की जीत हासिल कर ली। कतर की सात बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाईं और यह मुकाबले 27.1 ओवर के खेल में ही समाप्त हो गया। चूंकि यूएई की भी आठ बल्लेबाज के खाते में डक आया इसलिए इस मैच में कुल 15 बल्लेबाज डक हुए जो कि किसी महिला टी-20 में सर्वाधिक है। पहले बल्लेबाजी का निर्णय करने के बाद यूएई की कप्तान ईशा ओझा और उनकी सलामी जोड़ीदार तीर्था सतीश ने शतकीय साझेदारी की, जिसमें ओझा ने 113 और सतीश ने 74 रनों की पारी खेली। यूएई का स्कोर जब 192 रन हुआ तब उन्होंने पारी को वहीं समाप्त करने का फैसला किया। हालांकि टी-20 में पारी घोषित करने की अनुमति नहीं है, इसलिए दोनों बल्लेबाज ने पवेलियन का रुख किया और इसके बाद एक-एक कर दो बल्लेबाज पिच पर आती गईं और रिटायर आउट होती चली गईं। जिसके बाद यूएई को 192 के स्कोर पर ऑलआउट माना गया। ओझा ने 51 गेंदों पर शतक जड़ते हुए टी-20आई में अपना तीसरा शतक जड़ा। सतीश ने भी 31 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा, जिसके चलते यूएई ने 14 ओवरों में 150 का आंकड़ा पार किया। यूएई का 192 का स्कोर महिला टी-20 में सर्वाच्च ऑलआउट स्कोर भी बन गया। जवाब में कतर की पारी 11.1 ओवर से अधिक आगे नहीं चल पाई, सिर्फ तीन बल्लेबाज ही स्कोर कर पाईं जबकि सिर्फ एक ही बल्लेबाज पांच से अधिक का स्कोर बना पाईं। सलामी बल्लेबाज रिजफा बानो इमानुएल ने सर्वाधिक 20 स्कोर बनाया।



## रोमांचक मुकाबले में एक रन से जीती एसजीसीए

**भोपाल, खेप्र।** संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी (एसजीसीए) ने रोमांचक मुकाबले में क्रिककिंगडम अकादमी को पहले जीएस पठानिया मेमोरियल-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में एक रन से शिकस्त दी। भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में खेले गए मुकाबले में एसजीसीए पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.3 ओवर में 187 रन पर ऑलआउट हो गई। दक्ष ने 37, नमन ने 32 और वीर ने 30 रन का योगदान दिया। क्रिककिंगडम अकादमी के रूद्र और नमन ने क्रमशः 32 व 35 रन देकर 3-3 विकेट लिए। जवाब में क्रिककिंगडम अकादमी 47.4 ओवर में 186 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दीर्घ ने 73 और नमन ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। एसजीसीए के वीर, अनुग्रह, दीपेश और अर्नव ने 2-2 विकेट लिए। वीर और नमन को दोहरे प्रदर्शन के लिए सयुंक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 : शूटिंग में मप्र ओवर ऑल दूसरे नंबर पर, ओशिम को कांस्य

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को मप्र शूटिंग अकादमी की ओशिम श्रीवास ने स्कीट महिला वर्ग शॉटगन में कांस्य पदक अर्जित किया। बिहार में 15 मई तक जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश ने अब तक 20 पदक जीत लिए हैं। इसमें 9 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य शामिल हैं। शूटिंग में 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित कुल सात पदक जीतकर मप्र ने ओवर ऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रविवार को मुक्केबाजी, फेंसिंग, वेटलिफ्टिंग, कलरिपयट्टू, योगासन, कुश्ती और हॉकी के मुकाबले खेले जाएंगे।





### हॉकी : मप्र की महिला टीम सेमीफाइनल में

मध्यप्रदेश की महिला हॉकी टीम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। लीग मुकाबले में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एकतरफा 5-0 से शिकस्त दी। मप्र हॉकी टीम अपने पूल में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।

## अनिल वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**भोपाल, खेप्र।** शहर के टेनिस खिलाड़ी ओपी दीक्षित वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह टूर्नामेंट अमेरिका के फ्लोरिडा के पाम बीच गार्डन में 11 से 24 मई तक खेला जाएगा। वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस में दीक्षित 65+ वर्ग में हिस्सा लेंगे। 65+ वर्ग में भारत के 4 खिलाड़ी शामिल होंगे। टूर्नामेंट के लिए रवाना होने से पूर्व दीक्षित ने अरेरा क्लब के खिलाड़ियों से मुलाकात की।

## सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली हाउस की टीम जीती

**भोपाल, खेप्र।** सचिन तेंदुलकर हाउस और विराट कोहली हाउस ने मयंक चतुर्वेदी अकादमी के इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। पहले मैच में युवराज सिंह हाउस ने नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए। आरुष ने 19, अनय ने 17 और अंशुल ने 10 रन की पारी खेली। सचिन तेंदुलकर हाउस के रजत ने 3 विकेट झटके। अर्जुन व सार्थक को दो-दो सफलता मिली। जवाब में सचिन तेंदुलकर हाउस ने चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। शौर्य (56) ने अर्धशतक जड़ा। आदित्य ने 18 और आरम्भ ने 12 रन बनाए। युवराज सिंह हाउस के अनिरुद्ध ने 3 लिए। वहीं मिनी ग्रप( अंडर-12) में विराट कोहली हाउस ने छह विकेट पर 118 रन बनाए। शिवम ने 27 व अनादि ने 14 रन का योगदान दिया। महेंद्र सिंह धोनी के अंश, अमोघ रावत व अध्विक ने क्रमश 1-1 विकेट लिए। जवाब में महेंद्र सिंह धोनी हाउस की टीम 79 रन पर सिमट गई। मानस ने 23 व अंशुमन ने 10 रन का योगदान दिय। विराट कोहली हाउस के राज ने 5 विकेट झटके।



दैनिक जागरण
रीवा, 11 मई, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


### तुअर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन 15 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढाकर अब 15 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 17 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित कर दिये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# शातिर चोर चढ़ा मैहर पुलिस के हत्थे

## आरोपी के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात बरामद

जागरण, सतना

एक शातिर चोर मैहर पुलिस के हत्थे चढ गया। उसके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात भी जप्त किये गये है। यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर की गई है।

### ये है विवरण

6 मई को सागर निवासी एक महिला श्रद्धालु मां शारदा देवी के दर्शन हेतु अपने चार पहिया वाहन से मैहर आई थी। वाहन को रोपवे के पास पार्किंग में खड़ा कर उक्त महिला जब माता के दर्शन हेतु गई थी उसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने उक्त महिला के वाहन से सोने चांदी के जेवरात ए नकदी एवम भरा हुआ चैक 02 लाख का चोरी कर लिए। महिला के द्वारा देवी जी चौकी पहुंचकर इस घटना की शिकायत की गई जिस पर पुलिस के द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए रोपवे प्रांगण एवम आसपास के कैमरे चैक किए गए। सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश की गई जिसमें पुलिस को सफलता मिली। पुलिस के द्वारा आरोपी अंकित द्विवेदी पिता राजेश द्विवेदी उम्र 20 वर्ष नि शांति विहार कालोनी पडरा थाना चुरहटा जिला रीवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया ।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फरियादी के चोरी गए सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। वैधानिक कार्यवाही के बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। आरोपी से सोने का बाजूबंद, बेंदी , एव नथ,एक जोड़ी चांदी की पायल एव नगदी रूपये बरामद किये गये है।




# रामपुर, सोहावल उंचेहरा व नागौद के सहायक यंत्री का कटा एक सप्ताह का वेतन

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिये निर्देश



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को जिला पंचायत सतना के सभागार में बैठक लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, जनपद के सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री और जिला पंचायत का मनरेगा स्टाफ उपस्थित रहा। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के समस्त सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री से जनपद वार उपयंत्री वार, खेत, तालाब, डग वेल, फॉर्मपांड के कार्यों हेतु उपयंत्री वार लक्ष्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य वार कार्यों के जारी टी एस और जारी टीएस अनुसार एएस की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें रामपुर बघेलान, सोहावल, उचेहरा, नागौद के स्वीकृत कार्य में शुरू होने की अपेक्षित प्रगति कम पाये जाने पर संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री एवं जनपद पंचायतों के समस्त उपयंत्रियो का एक सप्ताह के वेतन कटौती करने का निर्देश ईई आरईएस को दिए। उन्होंने कहा कि अगले शनिवार को पुनः समीक्षा की जायेगी और प्रगति नहीं पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने जनपद सीईओ से जल गंगा संवर्धन कार्यों की कमजोर प्रगति जाननी चाही। नागौद सीईओ द्वारा बताया गया कि जनपद क्षेत्र में काम देरी से चालू हुआ और नहर का कार्य चल रहा है।

### 5 उपयंत्रियों का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर ने अगले शनिवार तक जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति आनी चाहिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के लगभग 40 दिनों में 5 उपयंत्रियों द्वारा बहुत ही कम काम किये जाने पर इनके एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। इनमें रामनगर के उपयंत्री अतुल सिंह, मैहर के राघवेंद्र मिश्रा, रामपुर बघेलान के उपयंत्री अन्नपूर्णा सिंह, सोहावल के उपयंत्री आशुतोष वर्मा, व्ही. के मिश्रा के नाम शामिल है।

# प्रधान आरक्षक की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि



**जागरण, सतना।** सतना जिले में डयूटी के दौरान गोली लगने से घायल हुए जैतवारा थाना के प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग आखिरकार जिंदगी की जंग हार गये। शुक्रवार सुबह उन्होंने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। शनिवार की प्रातः उनका पार्थिव शरीर सतना के महदेवा स्थित उनके निवास पर लाया गया। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ महदेवा के मुक्तिधाम में किया गया। प्रधान आरक्षक की अंतिम यात्रा में शामिल हुए कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह, आरआई देविका सिंह सहित जिले के कई थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# संवेदनशील स्थानों और संस्थानों की निगरानी के निर्देश

**जागरण, सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिले में विस्फोटक पदार्थों का उपयोग करने वाले व बेचने वाले तथा इनसे जुडे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों पर कडी निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारी और थाना प्रभारी को जारी निर्देश में कहा गया है कि जिले के सभी उप खण्ड स्तर पर एसडीएम और एसडीओपी तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारिता वाले कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा टीआई और थाना प्रभारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में विस्फोटक अधिनियम 1984 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 तथा विस्फोटक नियम 2008 में दिये गये प्रावधानों का कडाई से पालन सुनिश्चित करायें। प्रावधानों के अनुसार अपने क्षेत्र में विस्फोटक पदार्थों का उपयोग करने वाले तथा बेचने वाले व्यक्तियों तथा इनसे जुडे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों और नियत स्थल की सुरक्षा मापदण्डों के अनुसार सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण कर प्रतिवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में भेजे। भौतिक सत्यापन के दौरान अनियमितता तथा शर्तों का उल्लंघन करते पाये जाने अथवा अवैध रूप से मैग्जिन विस्फोटक सामग्री के क्रय-विक्रय भण्डारण संबंधी कार्य में संलिप्त पाये जाने पर वैधानिक रूप से दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### प्याऊ तो लगा दिया, मटके रखे खाली

**जागरण, रीवा।** पुराने (रेवांचल) बस स्टैंड पर निगम द्वारा बस स्टैंड में आने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत देने धूप, गर्मी में चलकर या सफर करके आने वालों के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाई गई है, ताकि यहां आने वाले यात्री व अन्य लोग ठंडे जल का सेवन कर गर्मी से सूखे हलक को तर कर सकें, आसापास के लोगों का कहना है कि यह प्याऊ निगम द्वारा लगाई गई है, और प्याऊ में एक कर्मचारी को तैनात किया गया है, जो प्याऊ में आने वाले लोगों को पानी पिला सके।






# नेशनल लोक अदालत शिविर में 1279 प्रकरणों का हुआ निराकरण



**जागरण, सतना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 10 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ए.डी.आर. सेंटर), सतना में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रत्नेशचन्द्र सिंह बिसेन द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने अपने उदबोधन में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगणों, अधिवक्ताओ, पक्षकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण परस्पर सहमति से कराने पर समय एवं धन की बर्बादी रोकी जा सकती है। उन्होंने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण कराये जाने का आहवान किया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयो में लंबित कुल 997 एवं प्रिलिटिगेशन के 282 प्रकरणों सहित कुल 1279 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया। इस अवसर पर जिला प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में सिविल डिफेंस वालेंटियर के नामांकन किये जाने के निर्देश

**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार सतना जिले में सिविल डिफेंस अधिनियम वालेंटियर्स के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा विभिन्न विभागों को सिविल डिफेंस वालेंटियर नामांकित करने के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया गया है कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1968 के तहत आपदा की स्थिति में प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो स्वयं सेवकों का नामांकन किया जाये। ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को सुरक्षा एवं सहायता तथा प्रशासन के सहयोग के लिए इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर के रूप में नामांकित किया जा सके। इसी प्रकार आयुक्त नगर पालिक निगम और सभी नगर पंचायतों के सीएमओ को अपने नगरीय क्षेत्र से दो इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर में नामांकित करने, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, सैनिक कल्याण अधिकारी और नोडल प्राचार्य एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सतना, शासकीय आईटीआई सतना को अपनी संस्थाओं के इच्छुक युवक-युवतियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर बनाये जाने के लिए तीन दिवस के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

# आयुष्मान योजना में सतना जिले के तीन निजी अस्पताल पैनल बद्ध

**जागरण सतना।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना निरामयम मध्यप्रदेश के अंतर्गत आयुष्मान हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करने मध्यप्रदेश के 16 जिलों में 35 निजी अस्पतालों को इम्पैनेंल्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर के रूप में संबद्ध किया गया है। राज्य स्तरीय इम्पेनलमेंट कमेटी द्वारा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के अनुसार निजी चिकित्सालयों से तीन वर्ष के लिए अनुबंध (एमओयू) किया गया है। इन इम्पैनेंल्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर की सूची में सतना जिले के दिवित हार्ट एण्ड मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल, सार्थक हास्पिटल और पाठक हास्पिटल सतना के नाम शामिल है।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com